सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 21 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 168, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। } 14

## भारत की सभ्यता व संस्कृति की जड़ें काफी गहरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सभ्यता और संस्कृति में संवेदनशीलता व समावेशिता की जड़ें मूल्यों के रूप में काफी गहरी समाई हुई हैं। } 16



संक्षेप

### लोस के अस्थायी अध्यक्ष बने भर्तृहरि महताब

नयी दिल्ली। सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को बृहस्पतिवार को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने यह जानकारी दी। रिजीजू ने कहा कि कटक से भाजपा सांसद महताब को लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 95 (1) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम) नियुक्त किया गया है। अठारहवीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य अस्थायी अध्यक्ष के समक्ष शपथ लेंगे।

### यूजीसी-नेट पेपर लीक मामले में एफआईआर

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यूजीसी नेट परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि परीक्षा का आयोजन 18 जून को किया गया था। परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ी की शिकायतें मिलीं थीं। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के तहत काम करने वाली स्वायत्त संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को हुई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया। मेडिकल इंट्रेंस परीक्षा (एनईईटी) रिजल्ट का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को भी रद्द करने का एलान कर लिया। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। सरकार ने गड़बड़ी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार 18 जून को एनटीए ने देश के अलग अलग शहरों में यूजीसी-नेट परीक्षा आयोजित करवाई थी। यह परीक्षा दो चरणों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित की थी।

### पोखर में नहाने गयीं तीन लड़कियों की डूबने से मौत

बस्ती। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के पोखर में नहा रहीं तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लड़कियों के शवों को बाहर निकलवाया। गमी के कारण तीनों नहाने गई थीं और गहरे पानी में जाने से डूब गई। घटना बुधवार दोपहर की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण तिवारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा पाठक गांव के निवासी महेंद्र कुमार की 13 साल की बेटी खुशी और 12 साल की बेटी चंदा तथा गांव के ही धीरेंद्र की 13 साल की बेटी तारा बुधवार को दोपहर में गांव के ही बगीचे में आम चुन रही थीं। इसी बीच तीनों लड़कियां गर्मी की वजह से बाग के ही पास स्थित पोखर में नहाने लगीं।

## शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को जमानत

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल को यह राहत दी। अदालत ने अरविंद केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने नियमित जमानत के लिए केजरीवाल द्वारा दायर किये गये आवेदन पर अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया। अदालत ने बुधवार को इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दी थी।

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को जमानत मिलने को सत्यमेव जयते बताया। केजरीवाल को 21 मार्च को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में तैयार हो रहा परिवार इकाइयों का लाइव डेटाबेस

### हर परिवार के पास हो फैमिली आईडी, परिवार की हर जरूरत पूरा करने का बनेगी माध्यम : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार.सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश मे परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है। जबकि 1 लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही 'परिवार आईडी' प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे परिवार जो कि राशन



कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि परिवार आईडी प्रदेश के सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। केंद्र व राज्य सरकार संचालित 76 योजनाओं, सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है। अवशेष सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। केन्द्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# नीट परीक्षा रद्द करने पर केंद्र-एनटीए को नोटिस

### ○ सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों में सुनवाई पर लगायी रोक ○ नीट विवाद को लेकर पक्ष-विपक्ष में घमासान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते उपद्रव के बीच यह परीक्षा रद्द करने और इसकी अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा।

शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट 2024 परीक्षा से संबंधित कुछ लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की



याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए।

पीठ ने कहा नोटिस जारी किया जाता है, जिसपर आठ जुलाई तक जवाब दाखिल करना होगा। इस बीच, उच्च न्यायालयों के समक्ष आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने कई अन्य याचिकाओं पर भी विचार किया, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उन 20 छात्रों की याचिका भी शामिल है, जो पांच मई को आयोजित परीक्षा रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं। अधिवक्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रधान ने नीट परीक्षा के साथ-साथ यूजीसी नेट परीक्षा के रद्द होने और विपक्ष की ओर से मामले में आरोपों पर भी जवाब दिए।



उन्होंने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। विद्यार्थियों का हित हमारी प्राथमिकता है। किसी भी कीमत पर उसके साथ समझौता नहीं होगा। नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार से लगातार संपर्क में हैं। पटना से हमारे पास कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस उस विस्तृत रिपोर्ट की तह तक जा रही है। उनके पास भी कुछ जानकारी आई है। विस्तृत रिपोर्ट वे जल्द ही भारत सरकार को भेजेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पुख्ता जानकारी आने पर दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनटीए हो या एनटीए में कोई भी व्यक्ति हो, दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में सर्वोच्च प्राथमिकता विद्यार्थियों के भविष्य को दी जाएगी। मैं आपको यह भी सूचित करना चाहूंगा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पेपर लीक रोकना नहीं चाहते प्रधानमंत्री : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या तो पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पटना हाईकोर्ट ने नीतीश सरकार को दिया झटका

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुये पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिये जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के इसके फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया।

❍ आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किये जाने का फैसला किया रद्द

मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा, अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों आरक्षण में वृद्धि को लेकरी ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अलीगढ़ में तनाव जारी पूरे इलाके में अलर्ट

अलीगढ़। अलीगढ़ के मामू-भांजा इलाके में चोरी के शक में युवक की कथित पिटाई से मौत के बाद पुराने शहर में तनाव की स्थिति बरकरार है और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन अलर्ट पर हैं। इस बीच शहर के मुख्य मौलवी ने लोगों से शांति की अपील की है। मंगलवार रात मामू भांजा इलाके में भीड़ द्वारा फरीद नामक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के बाद पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना से इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। अपर जिला मजिस्ट्रेट एडीएमी अमित कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। अलीगढ़ के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

### जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं को लेकर सरकार सख्त : मोदी

एजेंसी

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल के दिनों में जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि




लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। लोकसभा चुनाव में हुए भारी मतदान का उल्लेख करते हुए उनहोंने यह भी कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है।

उन्होंने कहा अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू-कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है। आज वो आखिरी कोशिश कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर का विकास रूक सके। उन्होंने कहा, हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुईं हैं, उन्हें सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे मोदी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


❍ चुनाव खत्म होते ही ढेर होने लगे अपराधी (पृष्ठ-02)
❍ नोएडा एयरपोर्ट के पास मिलेंगे सस्ते घर (पृष्ठ-02)
❍ अनचाही कॉल, एसएमएस पर लगेगी लगाम (पृष्ठ-14)
❍ असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से समस्या (पृष्ठ-14)
❍ वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों का कर प्रोत्साहन का सुझाव (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — हीटवेव के करीब 41 हजार मामले आये, लू और भीषण गर्मी ने ली 114 की जान

# दिल्ली : 24 घंटे में 22 लोगों की मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

वहीं दूसरी ओर दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) और सफदरजंग समेत अन्य अस्पतालों में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि बृहस्पतिवार को सुबह हल्की बारिश होने से शहरवासियों को कुछ राहत मिली। दिल्ली के अस्पतालों में भीषण गर्मी की वजह से बीमार पड़े मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है। सफदरजंग



अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, गर्मी की वजह से बीमार पड़े 33 मरीज़ों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटे में 33 में से 13 रोगियों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। इस संबंध में एक अधिकारिक सूत्र ने कहा उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकड़े नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में विशेष लू इकाई शुरू की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। आंकड़ों के मुताबिक, 19 जून को तापघात से चार लोगों की मौत हो गई। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## तमिलनाडु में अवैध शराब से अब तक 34 की मौत

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा, कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मेथनॉल मिश्रित देशी शराब पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा।

C M Y K

## संक्षेप

### सीएम योगी ने दी राष्ट्रपति को जन्मदिन पर बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। आदित्यनाथ पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि जनसेवा, राष्ट्र सेवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए सतत समर्पित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, भगवान जगन्नाथ से आपके सुदीर्घ व सुयशपूर्ण जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना है।

### कल अलीगढ़ जायेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का एक 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल 22 जून को रंगरेजान घास की मण्डी अलीगढ़ जायेगा। अलीगढ़ के रंगरेजान घास की मण्डी निवासी मोहम्मद फरीद उर्फ औरंगजेब मोहल्ला मामू भांजे से खाना बनाकर लौट रहे थे जिनकी कुछ शरारती तत्वों द्वारा पीट पीटकर हत्या कर दी गई। जिसकी जांच एवं शोकाकुल पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देने समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल रंगरेजान घास की मण्डी अलीगढ़ पहुंचेगा। पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में चौधरी विजेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, कमाल अख्तर विधायक, जियाउर्रहमान बर्क सांसद लोकसभा क्षेत्र सम्भल, जफर आलम पूर्व विधायक, संतोष जाटव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, अब्दुल हमीद घोसी महानगर अध्यक्ष सपा अलीगढ़, लक्ष्मी धनगर जिलाध्यक्ष सपा अलीगढ़, मोहम्मद इश्हाक उर्फ अज्जू पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र कोल, मनोज यादव जिला महासचिव सपा अलीगढ़, शिशुपाल यादव पूर्व जिलाध्यक्ष सपा, आमिर आबिद निवर्तमान महानगर अध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा एवं मोहम्मद अनीस (नानी वाले) महानगर अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा अलीगढ़ शामिल है।

### यात्री को दिया कम दूरी का टिकट, पैसा लिया पूरा, कंडक्टर बर्खास्त

लखनऊ। कैसरबाग डिपो की बस नंबर यूपी 77 एएन 2212 बहराइच जा रही थी। कैसरबाग से यह 43 सवारियां लेकर निकली। मुख्यालय के प्रवर्तन दल ने बाराबंकी टोल पर चेकिंग के लिए रोका। चेकिंग दल के मुताबिक परिचालक ने 42 यात्रियों का टिकट शार्ट डिस्टेंस का टिकट बनाया था। यात्रियों से मौके पर बयान लिया गया तो पता चला कि कैसरबाग बस अड्डे से सवार यात्रियों का टिकट कमता स्थित अवध बस स्टेशन से बनाया था। कैसरबाग बस डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि आउटसोर्स से भर्ती संविदा बस कंडक्टर को मुख्यालय की रिपोर्ट पर बर्खास्त कर दिया गया है। कंडक्टर धीरेंद्र कुमार की धरोहर धनराशि जब्त कर संविदा नौकरी से बाहर करने का आदेश जारी कर दिया गया है। कैसरबाग बस स्टेशन से 43 यात्रियों को लेकर बहराइच जा रही बस में 42 यात्री बेटिकट पकड़े गए। कंडक्टर ने सभी से किराए के पैसे वसूल लिए थे, लेकिन टिकट सिर्फ एक का ही बनाया। रोडवेज मुख्यालय के जांच दल ने बुधवार रात बाराबंकी टोल प्लाजा पर जांच की तो बगैर टिकट यात्रा का खेल उजागर हुआ।

# प्रदेश को वर्ष 2027 तक मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार

## हर मरीज के इलाज और जांच पर सरकार का जोर,सीएम के निर्देश पर मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ऐसे में योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी

- **राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है**

की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं। मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है।

साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी है। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों



और प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है।

इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है। लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। समुदाय को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां की जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में इन्सेक्ट कलेक्टर द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां मच्छरों का घनत्व अधिक है और वहां पर प्रॉयरिटी के आधार पर इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। शहरी क्षेत्र में यह काम नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ द्वारा डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में समुदाय को बताया जा रहा है एवं बुखार पीड़ितों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट के द्वारा मलेरिया की जांच की जा रही है।

### मलेरिया के लक्षण

सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना

तेज सिर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना

थकान, चक्कर आना, कमजोरी बढ़ना

उल्टी आना

थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना

### ऐसे करें खुद का बचाव

घर व आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें

गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामाग्री में पानी को एकत्र न होने दें

कूलर का पानी जल्दी-जल्दी बदलते रहें, समय-समय पर मिट्‌टी का तेल डालते रहें

सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्वायल का प्रयोग करें

पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढककर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए

गर्भवती इनसेक्टीसाइड ट्रीटेड मच्छरदानी में सोएं

# आमजन की पीड़ा सुनें और समय से निस्तारण करें : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न कोनों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी पीड़ा सुनाई। सीएम ने प्रत्येक पीड़ितों से मिलकर

- **उपचार के लिए मरीजों को जल्द उपलब्ध कराई जाए आर्थिक सहायता**
- **किसी भी सूरत में कब्जा बर्दाश्त नही, ऐसा करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई**



उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह ही अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में पहुंचे प्रत्येक पीड़ितों से मुलाकात की। सीएम ने उनकी समस्याओं को सुनाए फिर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय सीमा के अंदर न्याय मिले। किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन में पुलिस की प्रताड़ना से सम्बंधित शिकायत को मुख्यमंत्री ने गम्भीरता से लिया। बोले कि पीड़ितों के प्रति पुलिस संवेदनशील रहे और स्थानीय स्तर पर ही सुनवाई सुनिश्चित होती रहे। वहीं उपचार के लिए आर्थिक सहायता के प्रार्थना पत्र भी आए, जिस पर मुख्यमंत्री ने कागजी कार्रवाई कर मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी सीएम ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए। वहीं युवाओं ने भी अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को रूबरू कराया, जिस पर उन्हें भी त्वरित समाधान का आश्वासन मिला। सीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास आम लोगों को मिलेंगे सस्ते घर

## यमुना सिटी में 6000 सस्ते प्लॉट्स की योजना प्रस्तावित, यीडा जल्द कर सकता है घोषणा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अपने मकान का सपना देखने वाले प्रदेश के लोगों के लिए यह हकीकत बन सकता है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास जल्द ही एक प्लॉट स्कीम लाने जा रहा हैए जिसमें करीब 6 हजार प्लॉट्स को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।



उल्लेखनीय है कि यीडा क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकासकर्ता के चयन के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित विभिन्न संपत्तियों के आवंटन के लिए जन सामान्य ने रुचि दिखाई है। प्राधिकरण की विगत आवासीय भूखंड योजना में लगभग 1.50 लाख से अधिक आवेदकों द्वारा भूखंड आवंटन के लिए आवेदन किया गया था। इसके बाद से ही प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आर्थिक रूप से दुर्बल एवं निम्न आय वर्ग के लिए छोटे आकार के भूखंडों का नियोजन और आवंटन किए जाने की आवश्यकता जताई जा रही है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण तेजी से इस योजना की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण के द्वारा सेक्टर 16, 17, 18, 20 व 22डी में 60 वर्ग मीटर से 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल तक के लगभग 28900 भूखंडों का आवंटन किया गया है, जिसमें इनफॉर्मल सेक्टर के लिए चिह्नित भूमि पर 30 वर्ग मीटर के भूखंडों की योजना लाई जानी प्रस्तावित है। प्राधिकरण की ओर से कोशिश की जा रही है कि छोटे प्लॉट्स आम आदमी की पहुंच में हों। 30 वर्ग मीटर के एक भूखंड का कुल प्रीमियम वर्तमान आवंटन दर पर 25,900 रुपए प्रति वर्ग मीटर के अनुसार 7 लाख 77 हजार रुपए होगा। यमुना एक्सप्रेसवे दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़ के बीच स्थित है। यह फरीदाबाद से भी कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसलिए यह स्कीम बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस योजना में आरक्षण का भी प्राविधान किया जाना प्रस्तावित है। इसमें सर्वाधिक 25 प्रतिशत आरक्षण उन वर्कर्स को दिया जाएगा जो यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही 5 प्रतिशत आरक्षण यीडा द्वारा आवंटित कार्यरत संस्थानों के कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 5 प्रतिशत एक्स सर्विस मैन को, 5 प्रतिशत वॉर विडो, 5 प्रतिशत एससी-एसटी को, 4 प्रतिशत दिव्यांगों को आरक्षण का लाभ मिलेगा। शेष 51 प्रतिशत जनरल आवेदकों को भूखंड आवंटित किया जाएगा।

आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए। उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। एक व्यक्ति एक ही आवेदन कर सकेगा। किसी भी स्कीम में प्लॉट या फ्लैट पाने वालों के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक की आय तीन लाख रुपए से प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय प्रमाणपत्र भी आवेदन के साथ अटैच होना चाहिए। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा निवास प्रमाण पत्र भी होना चाहिए। इसके साथ ही योजना के तहत सभी सफल आवेदकों और आवंटी 10 वर्ष तक आवंटित प्लॉट को ट्रांसफर नहीं कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आवंटन के 60 दिनों के अंदर आवेदकों को रजिस्ट्रेशन फीस समेत टोटल प्रीमियम की 30 प्रतिशत राशि और जीएसटी (यदि देय हो तो) जमा करानी होगी।

# चुनाव खत्म होते ही ढेर होने लगे अपराधी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के साथ ही विभिन्न पर्व.त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने वाली यूपी पुलिस का इकबाल एक बार फिर बुलंदी पर है। अपराध और आपराधियों के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो टॉलरेंस की नीति को अमलीजामा पहनाने में जुटी यूपी पुलिस की निगाहें अपराधियों के खिलाफ दोबारा टेढ़ी हो चुकी हैं।

- **सीएम योगी के जीरो टॉलरेंस नीति को अमलीजामा पहनाने में फिर से जुटी यूपी पुलिस**
- **चुनाव बाद यूपी पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान हुआ तेज**



बीते 15 दिनों की रिपोर्ट पर नजर डालें तो बदमाशों के खिलाफ चली 79 ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों के पांव एक बार फिर उखड़ने शुरू हो गये हैं। 4 जून से 19 जून के बीच हुए इन मुठभेड़ों में दो दुर्दांत बदमाशों को ढेर किया जा चुका है, जबकि 96 अपराधी घायल हुए हैं। एनकाउंटर के दौरान अबतक 139 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। हालांकि इन मुठभेड़ों के दौरान सात पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के अनुसार राज्य स्तर के चिह्नित 68 माफिया गैंग के सदस्य और सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। अबतक विभिन्न माफिया गिरोह के 9 सदस्यों के खिलाफ विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है, जबकि 1 के खिलाफ गैंगेस्टर और 2 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसके अलावा भदोही के माफिया विजय मिश्रा के खिलाफ विचाराधीन अभियोग में न्यायालय में सघन पैरवी करते हुए बीते 13 जून को उसे सजा दिलाई जा चुकी है। वहीं मुजफ्फरनगर का 50 हजार का फरार इनामिया माफिया विनय त्यागी उर्फ टिंकू को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

उन्होंने बताया कि कानपुर के सऊद अख्तर गैंग का शातिर अपराधी आसिफ उर्फ पप्पू स्मार्ट पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं अंबेडकरन नगर के अजय सिंह उर्फ सिपाही गैंग के सक्रिय सदस्य उत्कर्ष सिंह को भी एसटीएफ ने दबोच लिया है। उत्कर्ष पर भी 25 हजार का इनाम घोषित था। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर के कुख्यात माफिया सुशील उर्फ मूंछ की 4.4570 हेक्टेयर जमीन को कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत साढ़े चार करोड़ रुपए आंकी गई है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में जौनपुर के कुख्यात प्रशांत सिंह उर्फ प्रिंस और मुजफ्फरनगर के दुर्दांत निलेश राय को ढेर किया जा चुका है।

# भाजपा सरकार में पेपर माफिया छात्रों के भविष्य के साथ कर रहे खिलवाड़ : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि फरवरी माह में पुलिस भर्ती व समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अब नीट परीक्षा को मजाक बना दिया गया है।

अब यूजीसी-नेट की परीक्षा भी लीक होने के बाद रद्द हो गयी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में पेपर माफिया एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक कर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। पेपर लीक किसी की भी देश के खिलाफ बड़ी साजिश हो सकती है? उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो कानून-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश-प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पायेंगे



और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे। यादव ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा न होने से, पहले से शिक्षकों की जो कमी चली आ रही है, उसमें और भी ज्यादा इजाफा होगा। शिक्षकों की कमी से देश के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में देश के लिए बेहद घातक साबित होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि इन सबसे प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। ये हमारे देश के शासन-प्रशासन व देश के मानव संसाधन के विरूद्ध कोई बहुत बड़ा षड्‌यंत्र भी हो सकता है, जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे इसीलिए कोर्ट की निगरानी में इसकी कठोर जांच हो और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और कोई भी अपराधी छोड़ा न जाए, फिर वो चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो या फिर उसके सिर पर सत्ता का हाथ ही क्यों न हो? उन्होंने कहा कि लोग कह रहे हैं जो भ्रष्ट लोग कोरोना के वैक्सीन में चुनावी चंदे के नाम पर पीछे से करोड़ों रुपये खा सकते हैं, वो भला परीक्षा-प्रणाली को क्या छोड़ेंगे? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कोई परीक्षा पारदर्शिता से नहीं करा पा रही है। भर्ती परीक्षाओं के कई पेपर पहले ही लीक हो चुके है। भाजपा सरकार ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य अंधकार में डाल दिया है।

# यूपी में आज से शुरू होगी राज्य पक्षी सारस की गणना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सारस के संरक्षण के लिए पहल की, जिसके सुखद परिणाम दिखाई देने लगे हैं। इसी क्रम में प्रदेश में बृहस्पतिवार से राज्य पक्षी सारस की गणना की जाएगी।

वर्ष में दो बार ग्रीष्मकालीन-शीतकालीनी गणना होती है। वर्ष 2024 के लिए बृहस्पतिवार से दो दिन तक सारस गणना होगी। यह गणना सुबह-शाम दो बार की जाएगी। गणना में वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व प्रकृति प्रेमियों का भी सहयोग लिया जाएगा। वर्ष 2023 में हुई गणना में उत्तर प्रदेश में 19,522 सारस पाए गए थे। प्रभागीय वनाधिकारी अपने-अपने प्रभाग में पाये गये सारस की संख्या व फोटो पहली जुलाई तक मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, लखनऊ को उपलब्ध कराएंगे। सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार, 20 व 21 जून को ग्रीष्मकालीन सारस गणना की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के समन्वयक होंगे। वन रक्षक गणना टीम का लीडर होगा। इनके कार्य क्षेत्र में कई वेटलैंड होने पर एक से अधिक टीम गठित की जाए। इसके लिए जनसामान्य को भी जागरूक किया जाएगा। गणना में स्कूल, कॉलेज के बच्चों, प्रकृति प्रेमियों व एनजीओ भी सारस गणना में प्रतिभाग कर सकते हैं। इन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। वर्ष



2024 में प्रत्येक गणना स्थल पर सुबह छह से आठ और शाम चार से छह बजे तक गणना होगी। दोनों में जो भी संख्या अधिकतम होगी, उसे ही वास्तविक माना जाएगा। प्रत्येक गणना स्थल की जीपीएस रीडिंग भी होगी। वहीं साल दर साल सारस की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बाद प्रदेश में 2021 में 17,329 सारस पाए गए। 2022 में यह बढ़कर 19,188 हो गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 19,522 हो गई।

# विकास तभी संभव है जब संसाधन उपलब्ध हों : सुरेश खन्ना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज प्रदेश सरप्लस राजस्व वाले स्टेट के रूप में जाना जाता है। योगी की सरकार आने के बाद से मितव्ययिता के साथ फिजूलखर्ची पर लगाम का परिणाम है कि प्रदेश का वित्तीय अनुशासन सुधरा है और प्रदेश

- **वित्त मंत्री ने यूपी राज्य कर सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन का किया उद्घाटन**

हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर वर्ग को संतृप्त किया जाए।

वित्त मंत्री गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य कर सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एवं प्रदेश के राजस्व संग्रह के लिए राज्य कर विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। बिना राजस्व के योजना तो



बनाई जा सकती है लेकिन विकास तभी संभव है जब संसाधन उपलब्ध हो और संसाधन जुटाने में कर विभाग का अहम रोल है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की सोच बदलने के लिए आवश्यक कदम बढ़ाए जिसका परिणाम आज हमारे पासपोर्ट का वैल्यू, हमारा एक्सपोर्ट एवं विदेशो में भारत का मान सम्मान हर प्रकार से बढ़ा है। आज हर कोई महसूस कर रहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने में सहायता मिली है। एक देश एक टैक्स की मांग बहुत पुरानी मांग थी जिसे हमारे प्रधानमंत्री जी ने मूर्त रूप दिया। टैक्स स्ट्रक्चर के सरलीकरण के लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और उसे अंजाम दिया जा रहा है। खन्ना ने राज्य कर विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य कर विभाग वह मजबूत कड़ी है जिसके सहारे सरकार तमाम महत्वपूर्ण मंसूबे पूरा करती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिस उद्‌देश्य से आपको सेवा के लिए चयनित किया गया है उसे इमानदारी से अंजाम दें, जिससे प्रदेश एवं देश और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। संघ के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शुक्ला द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों के संबंध में उन्होंने कहा कि समस्त मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में लाते हुए सभी मांगों पर विचार विमर्श के उपरांत जो भी विभाग एवं कर्मचारियों के हित में आवश्यक होगा उसको पूरा किया जाएगा।

# अब रहीम नगर, खुर्रम नगर व अबरार नगर के टूटेंगे निर्माण

## कुकरैल नदी की जमीन पर बने कब्जों का एलडीए टीम ने किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कुकरैल नदी की जमीन को खाली कराने का अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। अकबर नगर की तरह ही रहीम नगर, इंद्रप्रस्थ नग, खुर्रम नगर और अबरार नगर में नदी की जमीन पर बने अवैध निर्माण को चिन्हित करने का कार्य आरम्भ हो गया है। शुक्रवार को एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, अधिशासी अभियंता राजकुमार समेत अन्य अफसरों की टीम ने चारों इलाकों का निरीक्षण किया।

इस दौरान प्राधिकरण का प्रवर्तन दल भी साथ में मौजूद रहा। टीम ने रहीमनगर की गलियों से लेकर अबरार नगर तक तक कुकरैल नदी से सटे इलाकों का जायजा लिया है। अब यह रिपोर्ट तैयार कर अवैध निर्माणों को तोड़े जाने को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुकरैल नदी की जमीन को खाली कराने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। करैल नदी को पुनर्जीवित करने की परियोजना में प्रथम चरण में भीखमपुर, इसके बाद अकबर नगर के निर्माणों को ध्वस्त किया जा चुका है। अब रहीम नगर, खुर्रम नगर व अबरार नगर के निर्माण परियोजना में बाधा बन रहे हैं। यही वजह है कि अपर सचिव के नेतृत्व में अफसरों की एक टीम ने शुक्रवार को पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। रहीम नगर से शुरूआत तक अबरार नगर तक निरीक्षण किया गया।

अफसरों ने प्राथमिक तौर पर देखा कि कुकरैल नदी की जमीन पर लगभग कितने मकान बने हैं, अतिक्रमण हैं। अपर सचिव ने बताया कुकरैल नदी से 10 मीटर छोड़ने के बाद 40 मीटर तक कब्जा हटाया जाएगा। यानी नदी से 50 मीटर के दायरे में आने वाले अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक इसका चिह्नकांन नहीं किया गया है। एलडीए अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। इसके बाद सिंचाई विभाग पूरे इलाके का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करेगा। जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग के अभियंताओं की ओर से मौका मुआयना किया जा चुका है। कुकरैल नदी को नाला बनाने और नदी की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को चिन्हित करने का कार्य संयुक्त रूप से टीम करेगी। रहीम नगर, खुर्रम नगर व अबरार नगर में तेजी से हुए अतिक्रमण और अवैध निर्माण की संख्या पर्याप्त होने के कारण सर्वे में अभी समय लग सकता है। रहीम नगर के बाद खुर्रम नगर और अबरार नगर में भी सिंचाई विभाग की टीमें जायेंगी। सिंचाई विभाग की ओर से अवैध निर्माण को चिन्हित किये जाने के उतरांत उस स्थान को खाली कराने के लिए नोटिस दी जायेगी। मौके पर कोई व्यक्ति कुकरैल नदी के जमीन पर अवैध रुप से मकान बनाये हुए मिलता है तो उसे अपने निर्माण को गिराने का मौका दिया जायेगा। इसके बाद भी अवैध निर्माण मिलता है तो उसे ढहाने का अभियान चलेगा।

### रिमोट सेंसिंग से किया गया सर्वेक्षण

रिमोट सेंसिंग से कुकरैल नदी के सर्वेक्षण का काम हो चुका है। यह सर्वेक्षण ड्रोन कैमरों और सैटेलाइट के जरिए किया गया है। इसमें यह देखा गया है कि नदी के कितने भाग पर कब्जा है। प्रशासन के अनुसार अभी तक रहीम नगर, खुर्रम नगर व अबरार नगर में बड़ी संख्या में कब्जे मिले हैं। जानकारी के अनुसार रहीम नगर में करीब दो दर्जन, खुर्रम नगर में एक दर्जन बहुमंजिला समेत 50 से 60 अवैध निर्माण व अबरार नगर में 500 से अधिक निर्माण कुकरैल नदी की जमीन पर बने हैं। हालांकि वास्तविक संख्या सर्वे के बाद ही सामने आएगी। नगर निगम, प्रशासन, एलडीए, सिंचाई विभाग की संयुक्त टीमें इन इलाकों में बसे मोहल्लों में डोर टू डोर सर्वेक्षण यह भी देखेंगी कि कितने लोग बाहर से आ कर यहां पर बसे हैं।

### नाले से आये सीवर और पानी से ही कुकरैल में बहाव

कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने की परियोजना में प्रथम चरण में रिंग रोड से गोमती नदी सिस साइड (दाएं तरफ) से नौ नाले और ट्रांस साइड (बायीं तरफ) से आठ नालों को आपस में मिलाकर 700 एमएम और 1600 एमएम की 7.50 किलोमीटर आरसीसी पाइपों के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके बीच में पड़ने वाले पुलों पर एमएस पाइप से ट्रेंसलेस विधि से कार्य किया जाएगा। इन नालों से ही एसटीपी में सीवर जाएगा। कचरा भरा होने से गहराई एक से डेढ़ मीटर हो गई थी। कुकरैल नदी का कुर्सी रोड से बीच में तीन सौ से चार सौ मीटर का भाग सूखा है और भूगर्भ स्त्रोत वाली जगह पर निर्माण होने से वह ओझल हो गया। सर्वोदयनगर, रहीमनगर, मानस विहार, शक्तिनगर संजय गांधी पुरम के नाले से आए सीवर व पानी से ही इसमे पानी का बहाव है, इसमे बिना शोधन के ही सीवर गिरता है। कुकरैल जंगल में इसका पानी साफ है लेकिन रिंग रोड के पास से इसमे गंदगी घुलने लगती है।

### पिकनिक स्पॉट जैसा दिखेगा नजारा

कुकरैल नदी के दोनों तरफ का इलाका आने वाले समय में जगमग करने की तैयारी है। बच्चों के खेलने के इंतजाम के साथ ही मल्टी-लेवल पार्किंग भी बनाई जानी है। एक बटरफ्लाई क्लब बनाने की भी योजना है तो म्यूजिकल फाउंटेन भी खास होगा।

# बारिश व तेज हवाओं से बदला मौसम, तापमान लुढ़का

## अगले तीन दिनों में प्री मानसून की बारिश होने के आसार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी के तल्ख तेवरों के बीच बुधवार की देर रात हुई बारिश से थोड़ी राहत मिली है। बुधवार देर रात से लेकर गुरुवार भोर तक राजधानी समेत आसपास के कई शहरों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। बादलों के छाए रहने से लोगों ने राहत महसूस की है। बीते एक हफ्ते से झुलसाने वाली गर्मी से पूरा यूपी बेहाल है। राजधानी में बुधवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं गुरुवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री रहा। हालांकि प्रयागराज में 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी इस बारिश से राहत जरूर मिलेगी लेकिन मानसून आने में अभी तकरीबन एक हफ्ते से ज्यादा का समय लगेगा। जून माह की 28 तारीख के बाद बारिश होने के आसार हैं।

भीषण गर्मी के बीच बुधवार रात यूपी के कई हिस्सों में हुई बूंदाबांदी और आंधी से कुछ राहत मिली। साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई। मौसम विभाग की वेबसाइट पर गर्मी का रेड अलर्ट भी हट गया। पिछले कुछ हफ्तों से यूपी के अधिकांश जिलों का तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा। जिससे लोग गर्मी से बेहाल रहे। जिस कारण लोग ठीक सो भी नहीं पा रहे थे। लेकिन बुधवार रात मौसम में बदलाव पहुआ और बाराबंकी, लखनऊ और वाराणसी समेत कई हिस्सों आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई। जिससे तापमान में काफी गिरावट गई। गुरुवार को भी आसमान में छाए बादलों के कारण तापमान में काफी कम रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर या वाराणसी के रास्ते उत्तर प्रदेश में मानसून के दाखिल होने के आसार बन गये हैं। मानसून की अगवानी के लिए उत्तर प्रदेश का मौसम तैयार है। पूर्वी बिहार में केन्द्रित चक्रवातीय दबाव, उ.प्र. के निचले हिस्सों में बह रही पुरवाई और जम्मू कश्मीर के आसपास बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में मानसून से पहले की बारिश का सिलसिला भी शुरू हो गया है जिसकी वजह से दिन व रात के तापमान में खासी गिरावट आयी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार 21 से 23 जून के दरम्यान पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप रह सकता है। 24 व 25 जून को पश्चिमी व पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश होने या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन दो दिनों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की भी उम्मीद जतायी गयी है। गुरुवार को प्रदेश में कहीं भी दिन का तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज नहीं हुआ। सबसे अधिक 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान प्रयागराज में रिकार्ड किया गया। प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के कहर से 28 लोगों की मौत होने की खबर है। कानपुर में 10, अयोध्या में 4, लखनऊ में 3, इटावा में 3, उन्नाव में 2, औरैया और उरई में 1-1 व अन्य जगहों पर 4 रोडवेज कर्मियों की मौत हो गई।

### इन जिलों में येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने 24 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। 20 से 22 जून तक गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, बस्ती, संतकबीरनगर, अंडबेडकरनगर, अमेठी, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, बलिया, देवरिया, मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली में आंधी बारिश की संभावना है।

# रिंग रोड किनारे बन गये अवैध होटल, जोन पांच नहीं कर रहा कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान नामांतरण, फ्री-होल्ड, रजिस्ट्री व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 45 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 22 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष प्रकरणों के निस्तारण के सम्बंध में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की ओर से समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव विवेक श्रीवास्तव ने जन सामान्य की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

- **जनता अदालत में आये 45 प्रकरण, 22 का हुआ निस्तारण**



जनता अदालत में पहुंचे महानगर निवासी कृष्ण प्रताप सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के अंतर्गत जगरानी अस्पताल के पास कुछ लोगों ने अवैध रूप से होटल का निर्माण करवाया है। जिसके विरूद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय में मामला होने के बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं की गयी है। इस पर उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार को स्वयं स्थल का निरीक्षण करके 07 दिन में कार्रवाई के निर्देश दिये। पुराना हैदरगंज निवासी राम विलास श्रीवास्तव की ओर से बताया कि बिजनौर के ग्राम-मौदा में गाटा संख्या-152 पर कुछ लोगों की ओर से अवैध रूप से रो-हाउस भवनों का निर्माण कराते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। प्रकरण में उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन जोन-3 के सहायक अभियंता से रिपोर्ट तलब करते हुए स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। वहीं, शारदा नगर विस्तार योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास कालोनी से आये जय सिंह, राम शंकर पाण्डेय, शैलेश बाजपेई व मनोज कुमार आदि लोगों ने ठेकेदार पर कार्य में लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि ब्लॉक संख्या-18 की गैलरी व जीना में पुताई नहीं हुयी है। साथ ही साफ-सफाई, नाली-नालों को ढ़कने, पार्क में बेंच लगाने आदि कुछ कार्य अधूरे हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण जोन-2 व प्रवर्तन जोन-2 के अधिकारियों को स्थल का संयुक्त सर्वे करके समस्या दूर कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही वह स्वयं कालोनी का निरीक्षण करके कार्रवाई कराएंगे।

### अकबर नगर के नाम पर आवास मांगने पहुंचे लोग

जनता अदालत में काफी संख्या में ऐसे लोग भी पहुंचे, जो खुद को अकबर नगर का अध्यासी बताकर प्रधानमंत्री आवास आवंटित किये जाने की मांग कर रहे थे। इनमें से कुछ लोगों के पास अकबर नगर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र भी नहीं था। इस पर उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने लोगों को अवगत कराया कि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अकबर नगर के 1679 अध्यासियों को पूर्व में ही प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर दिये गये थे। इसके बाद भी 16 जून तक जिन लोगों ने आवास के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन का भी संज्ञान लिया गया है और डूडा से जांच कराते हुए पात्र लोगों को आवास आवंटित करने की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में प्राधिकरण की ओर से अकबर नगर के 1900 से अधिक लोगों को आवास दिये गये हैं।

# विशेष संचारी रोग अभियान की शुरुआत जुलाई से होगी

वरिष्ठ संवाददाता

**लखनऊ।** एक जुलाई से 31 जुलाई तक साल का दूसरा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की पहली बैठक आहूत की गई।

संचारी रोगों को नियंत्रित करने के क्रम में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को निर्देश दिए कि जिन जोन में पिछले पांच सालों में जलजनित रोगों का आउटब्रेक हुआ है वहां पर स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के एक-एक प्रतिनिधि की टीम बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाये और हर दिन वहां के पानी का नमूना लेकर उसकी गुणवत्ता जांची जाये और कमी होने पर उसका समुचित प्रबन्धन किया जाये। इस गतिविधि को अगले दो माह तक नियमित रूप से किये जाने एवं जलजनित बीमारियों को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान में फूड एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग पहली बार प्रतिभाग कर रहा है उन्होंने विभाग को खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि खाद्य पदार्थ खुले में न बिकें और ठेलों और दुकानों पर समुचित साफ सफाई हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात का समय नजदीक आ रहा है, कही भी जलभराव की समस्या न होने पाये। गंदे पानी की वजह से होने वाली बिमारियों से बचने के लिए ससमय से तैयारियां पूरी कर ली जाये। इस बार हर क्षेत्र में ड्रोन से निगरानी की जायेगी। जिससे की डेंगू का लारवा न पनपने पाये। घरों की छतों पर अगर किसी भी बर्तन या कूलर में गंदा पानी मिला तो 500 दण्ड भरना पड़ेगा।

# पानी व सफाई की समस्या को लेकर जोनल कार्यालय का घेराव

## पार्षद संग लोगों ने जलकल व जोन-5 कार्यालय पर किया प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। आलमबाग के गीतापल्ली वार्ड के लोगों ने पेयजल, साफ-सफाई व नाला सफाई की समस्या को लेकर गुरुवार को जोन पांच कार्यालय का घेराव किया। गीतापल्ली वार्ड की भाजपा पार्षद ऋचा मिश्रा ने सैकड़ों स्थानीय नागरिकों संग जलकल व नगर निगम जोन-5 कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं सिर पर खाली घड़ा लेकर जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचीं। लोगों की मूलभूत सुविधाओं और क्षेत्र में हो रही बाधित जलापूर्ति, घरों में हो रही गंदे पेयजल की आपूर्ति का विरोध करना शुरू किया।

मौके पर मौजूद जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव कार्यालय से नदारद हो गए। अधिशासी अभियंता को कार्यालय से भागता देख मौके पर मौजूद सैकड़ों लोग उग्र होकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। लोगों को धरने पर बैठने की सूचना पाकर कार्यालय पहुंचे अधिशासी अभियंता सचिन यादव ने पार्षद ऋचा मिश्रा से ज्ञापन लेकर एक हफ्ते के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं चंद कदमों की दूरी पर स्थित नगर निगम जोन-5 के कार्यालय के बाहर मौजूद जोनल अधिकारी नंद किशोर से पार्षद ऋचा मिश्रा ने क्षेत्र में व्याप्त गंदगी और क्षेत्र के नालों की समुचित सफाई न होने की बात कही तो जोनल अधिकारी नंद किशोर मौके से नदारद हो गए। इस पर लोग आक्रोशित होकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करना शुरू कर दिया। पार्षद ऋचा मिश्रा संग धरने पर बैठ गए।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल आज जायेगा अलीगढ़

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का एक 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल दिनांक 21 जून को जनपद अलीगढ़ जायेगा। अलीगढ़ के ग्राम बहादुरगढ़ी थाना अकराबाद निवासी गौरव जाटव तथा नौरंगाबाद छावनी थाना गांधी पार्क निवासी मुकेश जाटव की दबंग लोगों द्वारा की गई हत्या की जांच एवं पीड़ित शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना देने के लिए सपा का प्रतिनिधिमंडल दोपहर दो बजे ग्राम बहादुरगढ़ी थाना अकराबाद तथा नौरंगाबाद छावनी थाना गांधी पार्क अलीगढ़ पहुंचेगा। पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में रामजी लाल सुमन सांसद राज्यसभा, देवेश शाक्य सांसद लोकसभा क्षेत्र एटा, जियाउर्रहमान बर्क सांसद लोकसभा क्षेत्र सम्भल, मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, चौ. विजेन्द्र सिंह पूर्व सांसद, संतोष जाटव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, पूजा गौतम राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी, लक्ष्मी धनगर जिलाध्यक्ष सपा अलीगढ़, पूरनमल प्रजापति प्रदेश सचिव सपा, अब्दुल हमीद घोसी महानगर अध्यक्ष सपा अलीगढ़, जफर आलम पूर्व विधायक, शिशुपाल यादव पूर्व जिलाध्यक्ष सपा एवं राजीव यादव जिला उपाध्यक्ष सपा शामिल होंगे।

# अक्टूबर तक तैयार होगा संस्कृति स्कूल, कमिश्नर ने किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सीजी सिटी स्थित संस्कृति स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संस्कृत स्कूल की मूलभूत व्यवस्थाओं व सिविल कार्यों की गहनता पूर्वक जायजा लिया साथ ही उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सात ब्लॉक में से दो ब्लॉकों का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है शेष पांच ब्लॉक को क्रियाशील करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से मूलभूत व्यवस्थाएं कराया जाए। पांचो ब्लॉक के अधूरे काम बिना किसी विलंब के तत्काल पूरे कराए जाएं। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने कहा कि विद्यालय कक्ष में अच्छी संख्या में लाइट की व्यवस्था, बैठने के लिये फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। लाइटिंग के जो प्लग प्वाइंट खराब है उसको तत्काल सही कराया जाए। संस्कृत विद्यालय की ब्रांडिंग कराते हुए अच्छे से प्रचार-प्रसार कराया जाए। विद्यालय के संपूर्ण परिसर की नियमित रूप से साफ-सफाई कराते रहे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीएसआई टावर के निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखते हुए अक्टूबर अंत तक तक निर्माणधीन समस्त सिविल कार्य पूर्ण कराया जाए।

# 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की होगी स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता में सोलर सिटी कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में नगर निगमों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करने गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक गुरूवार को बापू भवन सचिवालय में हुई। उल्लेखनीय है कि सोलर सिटी कार्यक्रम के अयोध्या, गोरखपुर एवं वाराणसी शहरों की कुल विद्युत खपत का 10 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त किया जाना है। बैठक में नगर निगम अयोध्या में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, नगर निगम गोरखपुर में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट एवं सोलर स्ट्रीट लाइट तथा नगर निगम वाराणसी में स्मार्ट सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर ट्री एवं वॉटर किऑस्क की स्वीकृति प्रदान करने के साथ अन्य प्रस्तावों पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि अयोध्या सोलर सिटी के अन्तर्गत सरयू नदी के तट पर स्थापित हो रहे 40 मेगावाट सोलर पावर प्लान्ट में से 14 मेगावाट की स्थापना हो चुकी है, शेष 26 मेगावाट का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरेलू क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आच्छादित करने के लिए क्रमशः 50 हजार, 75 हजार तथा 75 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसको प्राप्त करने के लिए नगर निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी को कार्ययोजना तैयार करने तथा इसके बृहद प्रचार-प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये गये। यूपीनेडा द्वारा उक्त योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार सामग्री तैयार कराकर जिला प्रशासन को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रदेश में 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जा रहा है, इसमें 1 किलोवाट का सोलर संयंत्र लगवाने के लिए केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार रुपए का अनुदान मिल रहा है।

- **सौर ऊर्जा से रोशन होंगे अयोध्या, गोरखपुर और वाराणसी शहर**

2 किवाट के लिए केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार रुपए का अनुदान मिल रहा है। 3 किलोवाट के लिए केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1,08000 हजार रुपए का अनुदान मिल रहा है। 3 किलोवाट से अधिक के लिए केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1,08000 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। संयंत्र स्थापना के लिए बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। संयंत्र का अनुमानित मूल्य लगभग 60 हजार प्रति किलोवाट है। उपभोक्ता 3 किलोवाट का संयंत्र मात्र 1100 की ईएमआई से स्थापित करा सकते हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से विद्युत बिल में दो-तिहाई की बचत होती है। उपभोक्ता द्वारा संयंत्र लगाने में व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति बचत के रूप में 3-4 वर्षों में हो जाती है। संयंत्र की अवधि 25 वर्ष की होती है। अतः शेष वर्षों तक संयंत्र से उत्पादित विद्युत उपभोक्ता को निःशुल्क प्राप्त होती है। 3 किलोवाट के संयंत्र से 25 वर्षों में लगभग 10 लाख की बचत होगी। यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेण्डर से सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना कराने पर उपभोक्ता को संयंत्र की स्थापना के उपरांत केन्द्र एवं राज्य सरकार के अनुदान उनके खातों में प्राप्त होता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए नेशनल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इम्पैनल्ड वेण्डर के अतिरिक्त किसी अन्य वेण्डर से संयंत्र स्थापित कराने पर कोई भी अनुदान अनुमन्य नहीं होगा। बैठक में यूपीनेडा के अधिकारियों के साथ संबंधित जिलो के सीडीओ तथा नगर निगमों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अवैध प्रचार सामग्री हटायी गयी



लखनऊ। शहर में अवैध रूप से लगी प्रचार सामग्री के खिलाफ नगर निगम के प्रचार विभाग की ओर से अभियान चलाया गया।

अपर नगर आयुक्त के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी (प्रचार) कर अधीक्षक, निरीक्षक, सुपरवाइजर एवं प्रवर्तन दल की टीम की उपस्थिति में संयुक्त रूप से अभियान चलाकर द्वारा जोन-1, 4 व 8 सीमान्तर्गत रोडकास बैनर-50 होर्डिंग-20, कियास्क बोर्ड-150, गैन्ट्री पर अवैध रूप से प्रदर्शित विज्ञापन-18 एवं जोन-4 से 01 व जोन-8 से 03 अवैद्य यूनीपोलों 01 ट्रैफिक आईलैंड को हटवाकर प्रचार विभाग के स्टोर में जमा किया गया।

# शराब सेवन से खराब हो रहा लिवर

लखनऊ। 2050 तक फैटी लिवर और डायबिटीज लिवर की क्षति का सबसे बड़ा कारण बनने की संभावना है। जीवनशैली में बदलाव और मधुमेह प्रबंधन से ऐसे मरीजों में लीवर की क्षति को रोका जा सकता है। यह जानकारी मेदांता के डॉ. विवेक गुप्ता, सीनियर कंसल्टेंट और लीवर प्रत्यारोपण सर्जन ने दी। मेदांता में हाल ही में 50वीं लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई है। डॉ. ए.एस. सोइन, चेयरमैन और चीफ लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन ने कहा कि लखनऊ के मेदांता में ही अत्याधुनिक लिवर प्रत्यारोपण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह ट्रांसप्लांट 3 साल के बच्चों से लेकर 61 साल के बुजुर्गों तक में किए गए। अधिकांश मरीज (17) लखनऊ से थे, इसके बाद प्रयागराज (8) और बाकी वाराणसी, गोरखपुर, फैजाबाद, कानपुर, उन्नाव, मथुरा आदि से थे। यमन से आया हुआ एक 31 वर्षीय पुरुष मरीज का भी लखनऊ के मेदांता में आपातकालीन जीवन रक्षक ट्रांसप्लांट किया गया।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम | 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 | गोमती नगर- | 9454418657 | | |
| | 2629999 | | | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | | |

# एसटीपी की दीवार ढहने से एक मजदूर की मौत, तीन घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सैरपुर के छठा मील सैथा रोड पर गुरुवार को सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की दीवार अचानक भरभरा कर गिर पड़ी। जिससे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे चार मजदूर मलबे में दब गए। अचानक दीवार गिरने से मौके पर हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों का बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां एक मजदूर की मौत हो गयी। जबकि तीन अन्य मजदूरों का इलाज चल रहा है। अलीगंज सीतापुर रोड योजना निवासी बिल्डर मयूर जायसवाल सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में एसटीपी बनवा रहे है। मंगलवार को मजदूर 20 फीट नीचे दीवार बना रहे थे। गुरुवार की सुबह निमार्णाधीन दीवार गिर पड़ी। जिससे वहां काम कर रहे चार मजदूर मलबे के नीचे दब गए। यह देखकर मौके पर चीख पुकार मच गयी। आनन-फानन में लोगों ने पुलिस समेत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने लखीमपुर ईशानगर बेरहा निवासी सूर्यलाल (50), सीतापुर बिसवा रेऊसा के तिवारी लाल, लखीमपुर धौरहरा पुरवा के वचनेश, सीतापुर टिकरी के जगमोहन को निकालकर सौ शैय्या अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने सूर्यलाल को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर सैरपुर जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि लेबर अड्डे से मजदूर आए थे। ये मजबूर दो दिन पहले यहां काम कर चुके थे। हादसे में मारे गए सूर्यलाल के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित परिवार ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया कि बिल्डर मयूर जायसवाल ने नगर पंचायत से सहाय एंक्लेव कॉलोनी निर्माण की अनुमति अनुमति ली गई थी या नहीं इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**आवाज देकर हौसला बढ़ाया:** मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने का प्रयास करते रहे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मजदूरों को निकाला जा सका। इस बीच वह आवाज देकर मजदूरों से बात कर हौसला बढ़ाते रहे, जिससे पता चलते रहे कि मजदूर कहां दबे हैं, जिससे उन्हें और चोट न आ जाए। साथी मजदूरों के मुताबिक अचानक 20 फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी का ढेर गिरने से चारो ओर धूल का गुबार फैल गया। कुछ देर बाद धूल कम हुई तो वहां काम कर रहे चारों मजदूर नजर नहीं आ रहे थे। बाकी मजदूरों की चीख सुनकर होश उड़ गए वह सभी मलबे के नीचे दबे थे।

**निर्माणाधीन एलिवेटेड कानपुर रोड से गिरकर मजदूर की मौत:** बंथरा इलाके में बुधवार को निमार्णाधीन कानपुर एलिवेटेड रोड से गिरकर मजदूर की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक चांदन बिहार निवासी बुद्धिनाथ (30) निमार्णाधीन लखनऊ -कानपुर एलिवेटेड रोड पर मजदूरी कर रहा था। बताया जा रहा है कि बुद्धिनाथ बुधवार तड़के बंथरा में बनी के पास पिलर नंबर 242 पर काम कर रहा था। जहां पैर फिसलने से वह करीब 25 फीट ऊंचाई से नीचे कानपुर रोड पर आ गिरा। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही उसके साथियों ने आनन फानन उसे ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को बुद्धिनाथ की मौत हो गई। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी सरिता के अलावा दो बच्चे हैं।

**सड़क किनारे मिला शव लापता वन विभाग कर्मी का निकला:** मंगलवार को इन्दिरानगर सेक्टर-19 में सड़क किनारे मिला शव वन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का निकला। वह सोमवार से लापता था। परिवार वाले गाजीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो मौत की सूचना मिली। वजीरगंज के गोलागंज निवासी दिनेश (52) इन्दिरानगर स्थित वन विभाग कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत थे। बेटे अंकित ने बताया कि मंगलवार को दिनेश ड्यूटी पर गए थे पर लौटकर नहीं आए। परिचितों और रिश्तेदारों से पूछताछ की पर उनका कुछ पता नहीं चला। गाजीपुर थाने में पहुंचे तो पता लगा कि इन्दिरानगर सेक्टर-19 में मंगलवार को दिनेश बेहोशी की हालत में मिले थे। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की पहचान पिता दिनेश के रूप में की। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**कार में मिला सफाई कर्मी का शव:** दोस्तों के साथ घूमने निकले सफाई कर्मी का शव बंद कार के अन्दर मिला। जानकारी पर परिजनों ने कार का शीशा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। निरालानगर के लाल कॉलोनी निवासी रोहित नायब (21) कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सफाई कर्मी थे। दोस्त रोहिल कुमार के मुताबिक रोहित बुधवार दोपहर में दोस्तों के साथ कार से घूमने निकले थे। शाम पांच बजे रोहित वापस आ गए और घर जाने के बजाय पास में ही कार खड़ी करके उसी में सो गए थे। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने देखा तो कार में वह बेहोशी की हालत में पड़े थे। परिवार वाले निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर हसनगंज के मुताबिक रोहित बंद कार में नशा कर रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**तबीयत बिगड़ने से पीजीआई कर्मी की मौत:** आशियाना थाना इलाके में किराये के मकान में अकेले रह रहे अधेड़ की मंगलवार शाम अचानक से हालत बिगड़ गई। जिन्हें पडोसियों ने लोक बंधु अस्पताल पहुँचाया। जहाँ इलाज के दौरान देर शाम मौत हो गई। मूलरूप से जनपद प्रयागराज के रहने 46 वर्षीय अंशुमान मिश्रा आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम में अकेले किराये के मकान में रहकर पीजीआई अस्पताल के फायर सिस्टम में इंचार्ज पद पर कार्यरत थे। बुधवार शाम डियूटी से लौटे तो अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और बेहोश होकर गिर पड़े। आनन-फानन में मकान मालिक और पड़ोसियों ने अधेड़ को लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया। जहाँ इलाज के दौरान देर शाम अधेड़ की मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी ममता व तीन बेटिया है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। पत्नी अपनी दोनों बेटियों के साथ प्रयागराज में ही रहती है।

## झाड़ियों में मिला अधेड़ का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के कुबहरा गांव के पास झाड़ियों में अधेड़ का शव पड़ा मिला। जिसकी मोपेड सड़क के किनारे खड़ी मिली। झाड़ियों में शव मिलने की सूचना से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि गुरुवार शाम सूचना मिली कि एक टीवीएस मोपेड कुबहरा रोड किनारे गड्ढे में पड़ी है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर खोजबीन की गई तो जंगल में झाड़ियों के पास गड्ढे में एक अधेड़ का शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान निगोहां थाना क्षेत्र के दयाल पुर गांव निवासी भीखा के लड़के बंशीलाल के रूप में हुई। सूचना पाकर पहुंचे थाना शिवगढ़ के रानी पुर गांव निवासी मृतक के मामा मोहन की तहरीर पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मृतक बुधवार शाम करीब चार बजे अपने घर से निकला था । मोहनलाल ने बताया उसकी बहन व बहनोई की मौत काफी पहले हो चुकी है। उसका भांजा बंशीलाल अविवाहित था। जो घर में अकेले रहता था । मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था।

## दबंग ने चाकू से किया प्रधानपति पर जानलेवा हमला

मोहनलालगंज। प्रधान पति पर गांव के ही दबंग ने चाकू से हमलाकर लहूलुहान कर भाग निकला। बैरीसालपुर ग्राम पंचायत की प्रधान अनुपम ने बताया कि गुरूवार को दबंग किस्म के रमेश निवासी रानीखेड़ा उसे देखकर गाली-गालौज करने लगा। जिसकी जानकारी पर उसके पति मनोहर ने उसकी पिटाई कर दी थी। जिसके बाद पति पंचायत भवन में बने कार्यालय पर आकर बैठ गये तभी रमेश वहां आ धमका और चाकू से पति पर ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पति की चीख पुकार सुनकर आस-पास मौजूद लोगो को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला? जिसके बाद घायल प्रधान पति को परिजन आनन-फानन इलाज के लिये सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल प्रधानपति को आगे के इलाज के लिये डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।


### सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जैनब फातिमा व बयनामा दिनांकित 31.10.2011 में मेरा नाम बेबी तबस्सुम अंकित है। दोनों मेरे ही नाम हैं मैं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ। **जैनब फातिमा पत्नी अशफाक अहमद नि.- निषाद नगर, अशरफपुर किछौचा, अम्बेडकर नगर, उ.प्र.।**

### सूचना

मेरी मूल बयनामा की चेन डीड जो दिनांक 27.04.2017 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या-12133 के पृष्ठ संख्या-245 से 262 पर क्रमांक 2526 पर उपनिबन्धक कार्यालय पंचम, लखनऊ में दर्ज है कहीं खो गयी है। **मुसीर खां पुत्र लियाकत खां नि.- सेमराकलां, बोहरा, जिला सीतापुर, उ.प्र.।**

### सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सैय्यदा नाहिद फातिमा व बयनामा दिनांकित 09.03.2010 में मेरा नाम मोहम्मदी खातून अंकित है। दोनों मेरे ही नाम हैं मैं दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ। **सैय्यदा नाहिद फातिमा पत्नी सैय्यद अयाज अहमद नि.- 431/1088-एन, नेवाती टोला कैम्पवेल रोड, यासीनगंज, चौक, लखनऊ।**

### सूचना

मैने अपनी पुत्री सामिया अक्सा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती सगुफ्ता बानों पत्नी मोहम्मद रियाज अहमद नि.- 376/33 भाग परसट्टा गली, सआदतगंज, मातादीन रोड, लखनऊ।**

### सूचना

सर्वविदित हो कि पूर्व में मेरा नाम मीना द्विवेदी पुत्री छोटेलाल था, जो अब बदलकर राजकुमारी द्विवेदी पत्नी भानुदत्त द्विवेदी हो गया है। भविष्य में मुझे राजकुमारी द्विवेदी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। राजकुमारी द्विवेदी पत्नी भानुदत्त द्विवेदी निवासिनी-6/204, विपुल खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक 5100392 व इंजीनियरिंग का डिप्लोमा जिसका नामांकन सं.- E19226934300010, प्रमाण पत्र सं.-221037582, पैन कार्ड, डी.एल.नं.UP5320220029765 एवं NOKIA KEYPAD फोन नं. 8005044714 ट्रेन सं. 13020 बाघ एक्सप्रेस में कहीं खो गये हैं। हिमांशु पाण्डेय पुत्र श्री सूर्यभान पाण्डेय निवासी-ग्राम व पो.-जगदीशपुर भलुवान, थाना-गगहा, जिला-गोरखपुर उ.प्र., मो.-9889801734


# आरटीओ दफ्तर से खदेड़े गये दलाल गंदगी पर अधिकारियों को फटकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** दिन के 11बजे थे आरटीओ कार्यालय में डीएल आवेदक अपना कार्य कराने के लि काउंटर पर खडे थे कि अचानक डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सुरेन्द्र कुमार अचानक पहुंच गये। उन्होंने पूछा परिसर के अन्दर इतनी गंदगी कैसे है, कार्यालय के बाहर ये दुकाने कैसे लगी है। कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना कार्य के कार्यालय के अन्दर नही दिखाई देना चाहिए। उन्होंने एक आवेदक से पूछा कि आप का क्या काम है आपका डीएल क्यो नही बन पा रहा है फिर काउंटर पर जाकर सभी बाबूओं की जानकारी लिया।

परिवहन मंत्री ने 19 जून की समीक्षा बैठक में तमाम बिन्दुओं पर नाराजगी जताई थी, जिसके बाद गुरुवार को अफसर हरकत में नजर आए। सुरेंद्र कुमार को निरीक्षण में कई जगह गंदगी मिली, जिसे हटवाया गया। आवेदकों से पूछताछ की गई। परिसर में घूम रहे दलालों को भगाया गया और बाहर लगी दुकानों से भी पूछताछ की गई। उन्होंने अफसर-कर्मचारियों को सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में बैठने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरटीओ यूवी सिंह, आरटीओ प्रवर्तन संदीप पंकज, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी आदि रहे।

# लांड्री लूटकांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल

● दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। जिन्हें लोकबन्धु अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। घायल बदमाशों ने केसरी खेड़ा में विगत 14 जून को सनसनीखेज लांड्री लूटकांड को अंजाम दिया था।

घटनास्थल से एक बाइक, दो देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस सहित बदमाशों के कब्जे कुछ नगदी बरामद की गई है। बताते चले कि बीती 14 जून को दिनदहाड़े केसरी खेड़ा स्थित लांड्री में घुसकर तमंचे की नोक पर बदमाशों ने मलिक के गले से सोने की चैन एवं हाथ की अंगूठियों सहित एक बाइक लूट ली थी। पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद प्रकाश में आए दोनों लुटेरों की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे लूट की बाइक से किसी अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज की ओर से कृष्णानगर की ओर जा रहे है। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर अनौरा के आस-पास पुलिस बल को तैनात कर दिया। जिसके बाद चेकिंग के दौरान गुरूवार की सुबह बाइक सवार दो बदमाश आते दिखे। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जब पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में गोली से दोनों बदमाश घायल होकर बाइक से गिर पड़े। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बदमाशों को पकड़ लिया और बाइक सहित दो तमंचे अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों बदमाश की पहचान आरिस खान निवासी शेरपुर कलान थाना पुरनपुर जनपद पीलीभीत व अनुभव शुक्ला निवासी ग्राम नगला थाना भरथना जनपद इटावा के रूप में हुयी। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि बदमाशों के पास से बरामद ग्लैमर बाइक लॉन्ड्री संचालक से लूटी गई बाइक है। जिससे वह दूसरी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे,लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण पकड़ लिए गए। जबाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के दाहिने पैर घुटने के नीचे गोली लगी है। इलाज के उपरांत दोनों बदमाशों को दर्ज मुकदमे में बरामदगी की धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रेंच मे जली केबिल, गोमतीनगर में घंटों गुल रही बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर के विपिन खण्ड पावर हाऊस के सामने 11 केवी और 33 की लाईन ट्रेंच में गई हुई थी जिसमें आग लगने से लगभग 9 घण्टे बिजली विशाल खण्ड, विपुल खण्ड, विनय खण्ड, उजरियावं सहित अन्य क्षेत्रों कि बिजली गुल हो गयी। इसके बाद आनन-फानन में वीवीआईपी क्षेत्र की बिजली गुल होने से अधिकारियों में हडकंप मच गया। इसके बाद से दूसरे पावर हाऊस से बिजली सप्लाई चालू कराने की कोशिश किया गया लेकिन कोई भी सफलता नही मिली। विद्युत उपकेन्द्र विपिन खण्ड गोमती नगर लखनऊ से निर्गत 11 केवी ट्रांसफार्मरों से से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में नादान महल रोड़ फीडर की विद्युत आपूर्ति कराने कि कोशिश किया गया। विपिन खण्ड गोमती नगर लखनऊ से पोषित 11 केवी दयाल फीडर अर्थ फाल्ट पर 33 केवी के साथ समय लगभग 12 बजे पर ट्रिप हो गया। 33 केवी सप्लाई 12 बजकर 33 बजे चालू किया गया। रात्रि12 बजकर 47 मिनट पर शोध फीडर 33 केवी सप्लाई के साथ पुन ट्रिप हुआ। लेकिन फिर चालू किया गया। ट्रिपिंग के के बाद लाईन स्टाफ लाईन की पेट्रोलिंग के लिए बीबीडी एकडमी के पास मुख्य सड़क के किनारे बनी केबिल ट्रेन्च से धुआ निकल रहा है। लाईन स्टाफ द्वारा पावर डाउस व फायर ब्रिगेड को सूबना देने के साथ-साथ उपकेन्द्र पर उपलब्ध फायर सयंत्र सिलेन्डर को से जाकर आग बुझाने की कोशिश की गयी। उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुचारु की गयी। दोपहर लगभग 12 बजे सभी 11 केवी पोषको से पोषित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गयी। 11 केवी नादान महल रोड फीडर में सुबह 08:45 पर ओवर करेंट एवं अर्थफाल्ट पर ट्रिप हुआ फीडर की पेट्रोलिंग करायी गयी जिसमें भूमिगत केबल फाल्ट पाया गया। फाल्ट संज्ञान में आने पर अवर अभियन्ता, नादान महल रोड द्वारा फाल्ट लोकेटर बुलाया गया। चूंकि नादान महल रोड अत्यधिक भीड-भाड वाला क्षेत्र है, एवं अत्यधिक शोर रहता है इसलिए फाल्ट की बीप सुनने में फाल्ट लोकेटर को परेशानी का सामना करना पड़ा जिस कारण फाल्ट को ट्रेस करने में समय लगा। ट्रेस होने के उपरान्त जेसीबी को खुदाई में लिए बुलाया गया।

# चौकी पर शिकायत करने गयी महिला को दरोगा ने जड़े थप्पड़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईंगंज की अमेठी चौकी पर फरियाद लेकर पहुँची महिला को ही दरोगा ने थप्पड़ जड़ दिये। जिसकी शिकायत पीड़िता ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से की है। अमेठी के कजियाना वार्ड की रहने वाली शिव कुमारी के अनुसार वह अपने मकान के ऊपरी हिस्से में रहती है। बीती 17 जून को घर की निचले हिस्से में लगे नल से पानी लेने के लिए गई थी। इस दौरान नीचे हिस्से में रहने वाले उसी के परिवारीज राकेश, राजू, विनोद, ऋतिक और इन सभी की पत्नियों प्रीति, अर्चना व विमलेश समेत अन्य लोग हाथों मे डंडा लेकर आ गए और उसके हाथ से बाल्टी छीन कर दूर फेंक दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो सभी आरोपियों ने उसे गलियां देते हुए उसके बाल पकड़ कर जमीन पर गिरा दिया और लात घूंसो से पीटने लगे। यह देख जब उसकी सास बीच बचाव करने पहुँची तो आरोपियों ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया। जिसकी शिकायत करने वह अमेठी चौकी पर गई थी। पीड़िता का आरोप है कि जब वह चौकी पहुँची तो वहाँ मौजूद चौकी प्रभारी पीएन पाण्डेय ने उसकी बात को सुने बिना ही उसे दो थप्पड़ जड़ दिए और गाली देते हुए कहा कि भाग जाओ नही तो ऐसा मुकदमा लिख दूँगा कि जिन्दगी भर जमानत नहीं होगी। हालाँकि अमेठी चौकी के प्रभारी पीएन सिंह है। पीड़िता के अनुसार उसने इस बात की शिकायत इंस्पेक्टर गोसाईंगंज से की थी लेकिन उनके द्वारा कोई सुनवाई नही की गई। जिसपर इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त दक्षिणी से की गयी है।

## पार्टी में फायरिंग कर रहे युवकों का वीडियो वायरल

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र में युवकों का पार्टी के दौरान पिस्टल से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस को जानकारी करने पर पता चला कि वीडिओ में नजर आ रहे युवक शुभम प्रजापति, सत्यम प्रजापति समेत उनके साथ कई अन्य लोग शामिल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह वीडियो दबंग शुभम और सत्यम प्रजापति का है। यह लोग असलहा लेकर वह लोगों को डराते हैं। जिन्होंने बीती 18 जून की रात एक परिवार को इतनी बुरी तरह से मारापीटा था। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह कहना था कि मामला संज्ञान में आया है। वीडियो में नजर आ रहे युवक शुभम और सत्यम हैं, लेकिन वीडिओ कहां का और कब का है जांच पड़ताल की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

गोसाईंगंज। बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार की रात मूल रूप से जबरी बेहटा थाना कुर्सी जिला बाराबंकी का रहने वाला सादिक अली (35) अपनी ससुराल सिसेंडी थाना मोहनलालगंज से बुधवार को कहीं जा रहे थे। जेल रोड पर मोहरी कला के पास अंग्रेजी शराब के ठेके के निकट तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी।

## अंतर-विद्यालयी योगा मीट सीएमएस में आज

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अंतर-विद्यालयी योगा मीट का भव्य आयोजन कल 21 जून, शुक्रवार को सुबह पांच बजे से सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की ओर से विद्यालय प्रांगण में किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल होंगी। इस योगा मीट में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे योगासनों एवं यौगिक क्रियाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व के कोने-कोने में पहुंचायेंगे। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है।

## कर्नल सहित तीन लोगों के शव मिले

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में सेवानिवृत सैन्य अधिकारीसहित तीन लोगों के शव उनके घर में मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुटी है। कर्नल के वी जी अय्यर सेना से सेवानिवृत्त होकर रक्षा खण्ड, एल्डिको उद्यान 2, रायबरेली रोड में रहते हैं। जिनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। जिनका एक बेटा विदेश में तो दूसरा हैदराबाद में कार्यरत है। गुरुवार को हैदराबाद में रहने वाले बेटे ने अपने पिता को फोन किया था। जब फोन नहीं उठा तो उसने पीजीआई कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी श्वेता सिंह मकान पर पहुंची तो उन्हें घर के अंदर से बदबू आई, तो उन्होंने हैदराबाद में रहने वाले पुत्र को घटना की जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे ने कहा है कि वह घर आ रहा है, उसके बाद ही घर का ताला तोड़ा जाए। वही बोरिंग मिस्त्री सोनू रावत पुत्र पुत्ती लाल रावत 40 वर्ष निवासी हैवत मऊ मवैया के यमुना पुरम कालोनी मे अकेले रहता था। उसकी पत्नी छोड़कर जा चुकी है। उसके कमरे से बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने दरवाजा खोला तो देखा कि शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था।

**फांसी लगा कर दी जान:** सरजू प्रसाद ने अपने कमरे में पंखे के हुक से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक वृन्दावन योजना में अपनी मां के साथ रहता है। जिसकी पत्नी छोड़कर जा चुकी है। जो दहेज उत्पीड़न के मामले मे जेल जा चुका था। मृतक ई रिक्शा चलाता है। और उसकी मां पीजीआई अस्पताल में नर्स है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सफलता के लिए इंसान का व्यापक दृष्टिकोण होना जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उ.प्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आज सेन्ट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ एनएस राजा सुब्रमणि ने संस्थान के छात्रों को अपने प्रेरणादायक व्याख्यान से लाभान्वित किया।

व्याख्यान सत्र का शुभारम्भ यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ0 जीके गोस्वामी ने अपने सम्बोधन से किया। इस अवसर पर आयोजित व्याख्यान सत्र के मुख्य अतिथि रहे राजा सुब्रमणि ने संस्थान के छात्रों को अपने भीतर लीडरशिप को कैसे विकसित करें विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नेतृत्व विकसित करने 12 गुणों को विस्तार से बताया। जिसमे टीमवर्क, सहयोग, अनुशासन , समय प्रबंधन, विचारशीलता, जोखिम लेने की क्षमता और जीवन के नैतिक मूल्य आदि शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रणनीति अकेले पर्याप्त नहीं होती उसका क्रियान्वयन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होता है। श्री सुब्रमणि ने अपने जीवन यात्रा को भी छात्रों से साझा करते हुए बताया कि उन्होंने 16.5 वर्ष की आयु में एनडीए में प्रवेश लिया और तब से सेना में सेवा के साथ-साथ सीखते आ रहे हैं। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों का ही नहीं होना चाहिए बल्कि सफलता के लिए इन्सान का व्यापक दृष्टिकोण होना आवश्यक है। जनरल सुब्रमणि ने छात्रों से कहा कि दूसरों को दोष देने के बजाय आत्म निरीक्षण करना चाहिए उन्होंने प्रौद्योगिकी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो लोग तकनीकी रूप से अशिक्षित रहेंगे वह दुनिया की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। उन्होंने स्थिरता, तेज परिवर्तन और तकनीकी परिवर्तन के लिए नेतृत्व गुणों की आवश्यकता पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिथि प्रवक्ता उपेन्द्र गिरि ने अपने व्याख्यान में जीवन करियर और रिश्तों को संवारने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। आत्म.जागरूकता की अवधारणा को रेखांकित करते हुए बताया कि आत्म जागरूकता कैसे व्यक्ति की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने में मदद करती है। उन्होंने आज की दुनिया में सफल होने के लिए थ्री एच के फारमूले हेड, हैंड और हार्ट को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि दिल ,दिमाग और हाथ के समन्वय से कुछ भी हासिल किया जा सकता है परन्तु इसमें किसी एक के अभाव से सफलता आपसे कोसो दूर हो जायेगी। निदेशक डॉ0 गोस्वामी ने विशिष्ट वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मेरे विचार से छात्र पहले खुद का नेतृत्व करें फिर दूसरों का नेतृत्व करने की आकांक्षा रखें। उन्होंने शरीर के अंगों के उदाहरण का उपयोग करके समन्वय के महत्व को समझाया और छात्रों को प्रेरित किया कि अंत तक हार न मानें। उन्होंने कहा कि सफलता अनुभव नहीं देती बल्कि असफलता अनुभव देती है और असफलताओं को विफलता के रूप में न देखते हुए उनसे सीखना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर निदेशक डॉ0 गोस्वामी ने व्याख्यान सत्र मे आये अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा, ब्रिगेडियर एनआर पाण्डेय, उपनिदेशक चिरंजीव मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल कुमार यादव समेत जनसम्पर्क अधिकारी संतोष तिवारी सहित सभी संस्थान के शिक्षकगण और छात्र मौजूद रहे।

# खलनायकों को आमतौर पर इस तरह का प्यार नहीं मिलता : माहिर पांधी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** टीवी शो 'वंशज' अपनी आकर्षक कहानी से दर्शकों को बांधे रखता है, जिसमें लैंगिक भूमिकाओं और विरासत की जटिलताओं को दशार्या गया है, जिस पर पारंपरिक रूप से पुरुष उत्तराधिकारियों का वर्चस्व रहा है। इससे महाजन परिवार में तनाव पैदा होता है, जिससे युविका (अंजलि तत्रारी) और डीजे (माहिर पांधी) के बीच भयंकर प्रतिद्वंद्विता शुरू हो जाती है। युविका को मात देने के लिए डीजे की नई योजना बहुत मजबूत है, जिसके तहत वह उसके खिलाफ एक धोखेबाज का इस्तेमाल करता है। वॉयस ऑफ लखनऊ से बातचीत में माहिर पांधी ने वर्तमान कथानक के मोड़ पर गहराई से चर्चा की तथा कुछ रोचक जानकारियां साझा कीं।

**डीजे को युविका के खिलाफ अपनी लड़ाई में आखिरकार बढ़त मिल गई है। आप इस नए ट्रैक के लिए कैसे तैयारी कर रहे हैं ?**

मैं कहूंगा कि यह सिर्फ.एक फायदे से कहीं ज्यादा है। डीजे ने हर विवरण को बहुत सावधानी से लिखा है, जैसे कि वह कोई फि ल्म निर्देशित कर रहा हो, और एक अभिनेता के तौर पर, मुझे यह बहुत पसंद आ रहा है। डीजे को इस तरह से चित्रित करना कि वह खुद को लगभग एक जीवित देवता के रूप में देखता है, अनूठा है। यह असली लोगों के साथ कठपुतली शो की तरह है, और डीजे आसानी से सब कुछ नियंत्रित और देख रहा है। इस किरदार के विकास में बहुत गहराई है जिसे तलाशना और उसका आनंद लेना है।

**क्या आप हमें डीजे की योजना के बारे में जानकारी दे सकते हैं ?**

डीजे हमेशा की तरह ही चालाक है और वह निश्चित रूप से आसानी से हार नहीं मानेगा। उसकी योजना जटिल और चालाक है, जिसमें धोखे और हेरफेर की परतें शामिल हैं। जबकि मैं विस्तृत जानकारी नहीं दे सकता, निश्चिंत रहें कि उसके पास कुछ तरकीबें हैं। उसके सामने आने वाली चुनौतियाँ जटिल हैंः अप्रत्याशित बाधाओं से निपटना, अपने दुश्मनों को मात देना और अपनी आंतरिक उथल-पुथल से जूझना। वह एक उच्च-दांव वाला खेल खेल रहा है



जहाँ हर चाल मायने रखती है, और वह जीतने के लिए दृढ़ है।

**जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक डीजे के चरित्र से विकास और प्रगति के मामले में क्या उम्मीद कर सकते हैं ?**

डीजे जैसे खलनायक और जटिल चरित्र को निभाना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद है। एक अभिनेता के रूप में, मैं उसके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने के लिए उसकी मानसिकता में गहराई से उतरता हूँ। हर स्थिति में एक भावना होती है और हर भावना की एक तीव्रता होती है जो डीजे के साथ उतार-चढ़ाव करती रहती है। उसकी प्रेरणाएँ और बैकस्टोरी सामने आएगी, जो उसके चरित्र की परतों को दिखाएगी जो पहले स्पष्ट नहीं थीं। जैसे-जैसे डीजे बड़ा होता है, मैं एक अभिनेता के रूप में विकसित होता हूँ। डीजे की कहानी में प्रत्येक नया विकास मुझे उसके चरित्र के विभिन्न पहलुओं को तलाशने और चित्रित करने का मौका देता है।

**परिणीता के साथ आपकी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन गतिशीलता कैसी है ?**

परिणीता, या जैसा कि मैं उन्हें प्यार से परी मैम कहता हूँ, के साथ मेरी गतिशीलता ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों जगह अद्भुत है। मैं वास्तव में उन्हें ऑफ-स्क्रीन भी माँ कहता हूँ। जब मेरी असली माँ मेरी रील माँ से मिली, तो वह एक यादगार पल था! मैं परी मैम को बहुत मानता हूँ और उनके प्रति बहुत सम्मान रखता हूँ। वह अविश्वसनीय रूप से दयालु हैं और हम बहुत करीब आ गए हैं। उनकी गर्मजोशी और समर्थन उनके साथ काम करना एक सच्ची खुशी बनाता है।

**आपको उसके व्यक्तित्व या प्रेरणाओं के कौन से पहलू सबसे ज्यादा दिलचस्प या चुनौतीपूर्ण लगते हैं ?**

डीजे का व्यक्तित्व महत्वाकांक्षा, चालाकी और कमजोरी का एक समृद्ध मिश्रण है। सबसे दिलचस्प पहलुओं में से एक है सत्ता की चाहत और अपनी अंतर्निहित असुरक्षाओं के बीच उसकी निरंतर लड़ाई। ऐसे चरित्र को चित्रित करना चुनौतीपूर्ण है जो इतना निर्दयी है, फिर भी उसके अंदर वास्तविक कमजोरी के क्षण हैं। उसकी प्रेरणाएँ जटिल हैं, जो व्यक्तिगत दुर्भावना, खुद को साबित करने की जरूरत और महाजन सिंहासन खोने के गहरे डर से प्रेरित हैं। उसने अपनी पूरी ज़िंदगी कड़ी मेहनत की है और किसी को भी अपने सपनों को छीनने नहीं देगा। इन परतों को संतुलित करके उसे दुर्जेय और भरोसेमंद बनाना एक रोमांचक चुनौती है।

**डीजे जैसे नकारात्मक किरदार को निभाना कैसा रहा ?**

डीजे के दृष्टिकोण से, वह बिल्कुल भी खलनायक या नकारात्मक नहीं है। वह खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखता है जो अपने सपनों को अटूट दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करता है। वह अपनी कहानी में नायक है और हमेशा रहेगा। मैं हमेशा से ही इस तरह के किरदारों के प्रति आकर्षित रहा हूँ। मैंने इस किरदार को निभाया है जो सिर्फ.काला और सफेद नहीं है बल्कि ग्रे शेड्स और रंगों के स्पेक्ट्रम से भरा हुआ है। डीजे की भूमिका निभाना एक सपने के सच होने जैसा है। एक अभिनेता के लिए एक ऐसे किरदार को निभाना खुशी की बात है जो सिर्फ. खलनायक नहीं है, बल्कि अपने स्वयं के कारणों और औचित्य के साथ एक बहुमुखी व्यक्ति है। इस भूमिका ने मुझे अपनी सीमा का विस्तार करने और मानव व्यवहार की बारीकियों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया है। यह चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों है, और मैं इसे किसी भी चीज के लिए नहीं बदलूँगा।

**प्रशंसक आपके खलनायक युग की प्रशंसा कर रहे हैं। आप प्रशंसकों से क्या कहना चाहेंगे ?**

खलनायकों को आमतौर पर इस तरह का प्यार नहीं मिलता है, इसलिए इसका बड़ा श्रेय क्रू, प्रोडक्शन, हमारे निर्देशकों और लेखकों को जाता है। डीजे वह व्यक्ति है जिससे आप नफरत करना पसंद करते हैं, लेकिन फिर भी इस तथ्य से नफरत करते हैं कि आप अभी भी उससे प्यार करते हैं। दर्शकों की प्रतिक्रिया पढ़ना और डीजे की यात्रा में उतार-चढ़ाव के लिए उनका उत्साह देखना मुझे और अधिक मेहनत करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित करता है। सभी प्रशंसकों को, मैं दिल से धन्यवाद देना चाहता हूँ! आपका समर्थन मेरे लिए दुनिया से बढ़कर है।

# दशहरी आम को पहली बार मिला जी आई टैग 125 यूजर सर्टिफिकेट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मलिहाबाद का दशहरी आम देश-दुनिया में फेमस है. इसी बीच सोमवार को आम की बागवानी करने वाले किसानों के लिए बेहद खुशखबरी वाली खबर सामने आई है। देश में पहली बार लखनऊ के मलिहाबादी दशहरी आम को आई टैग 125 का यूजर सर्टिफिकेट मिल गया है। इससे असली और नकली दशहरी आम की पहचान आसानी से हो जाएगी। अवध आम उत्पादक बागवानी समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह बताते हैं कि दशहरी आम को बहुत पहले मिल चुका था, लेकिन अब उसके उत्पाद को बेचने के लिए एक एप्लीकेशन देने पड़ती है कि हम आई टैग 125 नाम से मलिहाबादी दशहरी आम को मार्केट में बेचेंगे। जब तक आपको चेन्नाई से यूजर सर्टिफिकेट नहीं मिलता है, आप मलिहाबादी दशहरी के नाम से नहीं बेच सकते हैं।

**असली और नकली मलिहाबादी दशहरी आम की होगी पहचानः** समिति के महासचिव उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों ने एक प्रार्थना पत्र जिला उद्यान अधिकारी के यहां दिया, वहां से राष्ट्रीय उद्यान की टीम द्वारा सर्वे किया था। उसके बाद मार्च में हमको चेन्नाई से आई टैग 125 नाम से मलिहाबादी दशहरी आम का यूजर सर्टिफिकेट जारी हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली है कि लखनऊ के अवध आम उत्पादक बागवानी समिति को यूजर सर्टिफिकेट मिला है। इससे पहले किसी को जारी





नहीं हुआ है। उन्नाव, संडीला, बाराबंकी और जिले के कई किसान मलिहाबादी दशहरी आम के नाम से बेचते हैं, लेकिन अब असली और नकली में पहचान आसानी से हो जाएगी। अगर कोई गलत नाम से दहशरी नाम को बेचते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ धारा-420 के तहत केस दर्ज हो जाएगा।

**50 लाख बैगिंग करने वाले किसान मौजूदः** उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में 750 किसान अवध आम उत्पादक बागवानी समिति से जुड़े हुए है। जिनको सीधे रूप से बड़ा फायदा होगा, वहीं अब आई टैग 125 का यूजर सर्टिफिकेट मिलने के बाद आमदनी डबल हो जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी किसान डिब्बे के उपर अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर देश-विदेश में एक्सपोर्ट कर सकते हैं। 50 लाख बैगिंग वाले किसान आज मौजूद है, यानी डेढ़ हजार हेक्टेयर हम लोगों के पास बैगिंग वाले दहशरी आम के किसान है। नान बैगिंग वाले आम की कीमत मार्केट में कम मिलती है। जबकि बैगिंग वाले आम की वैरायटी की मार्केट में बहुत अधिक डिमांड रहती है।

**दशहरी का स्वाद आज भी बरकरारः** अवध आम उत्पादक बागवानी समिति के महासचिव ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह रहमानखेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान में मलिहाबादी दशहरी आम को आई टैग 125 को लांच किया। वहीं उत्तर प्रदेश और देश में करीब 70 फीसदी लोग आज भी दशहरी आम का ही स्वाद पसंद करते हैं. बाजार में जब भी वो आम खरीदने जाते हैं तो उनकी पहली पसंद दशहरी ही होता है। हालांकि अब नई वैरायटी के आम एक-एक करके दशहरी को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। लेकिन दशहरी का अपना स्वाद आज भी बरकरार है।

## दीवाने कबीरा के कबीरा के दीवाने हम...

**लखनऊ।** उर्दू एकेडमी सभागार में संत कबीर एकेडमी, कबीर ट्रस्ट, उड़ान संस्था और दस्तक के सहयोग से साधो जग दर्शन का मेला नमक सांस्कृतिक उत्सव शुरू हुआ। कार्यक्रम के उदघाटन वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र, वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश कबीर ट्रस्ट की संगीता जायसवाल, शिवालिका, वीना राणा ने संत कबीर एकेडमी की ओर से लगाए गई संत कबीर की पेंटिंग्स के आगे दीप जला कर किया। राघवेंद्र सिंह ने रहिमन पानी राखिए से एडाप्टेड नाटक पानी पर प्रेम लिखना प्रस्तुत किया। जिसमें गांव और शहर का बदलाव, गोमती नदी और पानी में लगातार होती कमी...आपसी सद्भाव को दिखाया गया था। नाटक में एक गांव में खोदे गए कुएं ..उसके मालिक के बेटे की कुंवा खोदने वाले दलित जाति के बेटी की सच्ची प्रेम कहानी और दुर्घटना वश उस नायिका के मर जाने के बाद कुवें के सूखने की कहानी दर्शाई गई थी। लोक जीवन में कबीर आज भी रचे बसे हैं, मुहावरे ,कविताओं यहां तक कहावतों में कबीर के हवाले से आज भी खरी बात कही जाती है ,ये चर्चा डाक्टर पूनम ठाकुर सहित कई श्रोताओं ने करी। जिद्दी धुन और कबीरा जंक्शन के गीतों की प्रस्तुति क्रमश प्रसिद्ध गायक कमलाकांत , मशहूर गायक महिंदर, गायक राहुल, ड्रम पर विशाल ,खुशबू , तबले पर राकेश आदि ने की। साधो जग बौराना ,मन मस्त हुआ जैसे गीतों ने श्रोताओं को झूमा दिया।

# उत्तराखण्ड महापरिषद ने योग दिवस से पूर्व किया अभ्यास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तराखण्ड महापरिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व उत्तराखण्ड महापरिषद के तत्वाधान में लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को 19 एवं 20 जून 2024 को योगा अभ्यास कराया गया। योग गुरू श्री जगत सिंह राणा द्वारा स्मृति उपवन रिंग रोड लखनऊ तथा हेमा बिष्ट द्वारा बरसाना उपवन षिवपुरी कल्याणपुर लखनऊ तथा श्री बृज मोहन सिंह नेगी द्वारा विकास नगर पार्क में श्री महेद्र सिंह नेगी योग प्रषिक्षक द्वारा पिकनिक स्पाट क्षेत्र में श्री भूवन पटवाल द्वारा इन्दिरा नगर में तथा श्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा तेलीबाग में श्री अशोक असवाल द्वारा आशियाना क्षेत्र में दो दिवसीय योगा अध्यास कराया गया।

21 जून को उत्तराखण्ड महापरिषद के तत्वाधान में सभी क्षेत्रों के योग साधकों द्वारा प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक भारत रत्न पं0 गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, उत्तराखण्ड महोत्सव स्थल लखनऊ में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। जिसमें योग गुरू श्री महेन्द्र सिंह नेगी एवं श्री बृज मोहन सिंह नेगी द्वारा उच्च कोटी का योगा अभ्यास कराया जायेगा। इस योगा दिवस पर कल्याणपुर, इन्दिरा नगर, जानकीपुरम, चिनहट,



तेलीबाग, आशियाना, कुर्मांचल नगर आदि क्षेत्र के लोग सामिल होगे। उत्तराखण्ड महापरिषद के संयोजक श्री दीवान सिंह अधिकारी ने बताया कि आज के दौर मे योगा अभ्यास नियमित रखना चाहिए। वही हरीष चन्द्र पंत अध्यक्ष ने 10वे अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या में सभी से अनुरोध किया कि योग जरूर करे। भरत सिंह बिष्ट महासचिव ने कहा कि दसवें योग दिवस पर महिला षसक्तीकरण थीम पर महिलाओं की संख्या अधिक होगी और उत्तराखण्ड समाज की बहुत महिलाओं द्वारा लोगों को योग का अभ्यास कराया जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूह की महिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष की थीम के अनुसार महिलाएं अधिक से अधिक योगा अभ्यास कर रही है जिससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रख सके ताकि किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या से दूर रहा जा सकें। योग हमारी जिन्दगी का जरूरी हिस्सा होना चाहिए। योगा दिवस के पूर्वाभ्यास पर मंगल सिंह रावत, भरत सिंह बिष्ट, राजेश बिष्ट, सुरेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह गैलाकोटी, महेन्द्र सिंह नेगी, पूरन सिंह जीना, केएस चुफाल, आनन्द सिंह नेगी, भुवन सिंह पटवाल, अशोक असवाल, कैलाश सिंह, पान सिंह, लाल सिंह बिष्ट, विजय बिष्ट, सी0एम0 जोषी, महेश चन्द्र रौतेला, नन्दन सिंह डंगवाल, भुवन चन्द्र पाठक, श्रीमती पुष्पा वैष्णव, श्रीमती हेमा बिष्ट, श्रीमती माया नेगी, श्रीमती नीमा लटवाल, मीना फर्तियाल, शोभा पटवाल, प्रकाश वीर श्रीवास्तव, रोहित जायसवाल, स्मिता श्रीवास्तव, हंसा जोशी, जगत सिंह राणा, मोहन भटट, अंजू जोशी सहित तमाम लोगो ने योग पूर्वाभ्यास में भाग लिया।

# पर्यावरण संरक्षण और पॉलिथीन बहिष्कार के लिए चला अभियान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भूतनाथ बाजार पुलिस चौकी के सामने गुरुवार को वृक्ष कल्याणम तथा भारत विकास विकास पषिद, इन्दिरा नगर द्वारा संयुक्त रुप से पालिथीन बहिष्कार हेतु अठारवां (18) जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान का प्रारम्भ संस्थओं के अध्यक्षों एम.सी. गुप्ता एवं आरपी सिंह ने पालिथीन का प्रयोग न करने तथा माननीय मुख्य मंत्री से इस संबन्ध मे निर्गत आदेश का कड़ाई से पालन करवाने का अनुरोध करते हुये हस्ताक्षर करके किया। सबको पढ़ाओ, बिजली पानी बचाओ, पेड़ लगाओ और पालिथीन को कहो न का संदेश देने वाली तख्तियों को अपने सीने पर लगा कर दोनों संस्थाओं के सदस्यों द्वारा अपने सचिवों बिपिन कान्त एवं सरिता शर्मा एवं प्रान्तीय अध्यक्ष डीएस शुक्ला की अगुवाई में जनसम्पर्क करके पालिथीन से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराया तथा दुकानदारों से अनुरोध किया कि वे ग्राहको को कपड़े के थैले लाने के लिये प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में श्रीमती नीलम, इला, सुमन, पुष्पाजंली, पुष्पा, शांति, विभा, सुधा, शैल आदि अनेकों महिला सदस्यों ने प्रत्येक उस व्यक्ति



से जो पालिथीन का थैला लेकर जा रहा था, से पालिथीन का थैला लेकर उसे कपड़े का थैला दिया और उससे पालिथीन का प्रयोग न करने के संकल्प पर हस्ताक्षर करवाये। यह जानकारी अभियान के संयोजक बिपिन कान्त ने देते हुये बताया कि इस अभियान में 400 थैले एवं बिजली पानी बचाने संबन्धित पत्रक वितरित किये गये। उन्होने बताया कि हस्ताक्षरित प्रपत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्य मन्त्री को भेजकर कानून का कड़ाई से पालन करवाने तथा उसको और प्रभावी बनाने के लिये यदि आवश्यक समझें तो प्रदेश में प्रतिबन्धित पालीथीन के उत्पादन पर भी रोक लगवाने का अनुरोध किया जायेगा।

## भगवान आदिनाथ का स्वर्ण कलश से अभिषेक

लखनऊ। चौक स्थित श्री 1008 नेमिनाथ भगवान दिगम्बर जैन मंदिर में गुरुवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री 1008 ज्येष्ठ जिनवर आदिनाथ भगवान का रजत पांडुशिला पर स्वर्ण कलश से केसर जल से अभिषेक किया गया। मंत्रोचारण के बीच सभी प्राणियों और विश्व में शान्ति की कामना की गयी। इसके बाद 48 दीपकों से भक्ताम्बर पाठ दीप अर्चना की गई। महिला मंडल की सदस्यों ने श्री आदिनाथ चालीसा पाठ किया। देव शास्त्र-गुरु पूजन के साथ नेमिनाथ पूजन और ज्येष्ठ जिनवर पूजन हुआ। मंत्री अमित जैन ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल की सप्तमी को श्री नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। यहां अभिनन्दन जैन, राजीव जैन ,अजय, अशोक, दिलीप जैन, उत्कर्ष, ऋतु, राशि जैन आदि रहे।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राशि अनुसार करें दान, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्णिमा के पर्व का विशेष महत्व है। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को ज्येष्ठ पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। इस त्योहार को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा और व्रत करने का विधान है। मान्यता है कि प्रभु की आराधना करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में खुशियों का आगमन होता है। पूजा के बाद कुछ चीजों का दान जरूर करना चाहिए।

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 21 जून, 2024 को सुबह 06 बजकर 01 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 22 जून, 2024 को सुबह 05 बजकर 07 मिनट पर होगा। ऐसे में



ज्येष्ठ पूर्णिमा 22 जून, शनिवार के दिन मनाई जाएगी, लेकिन इसका व्रत 21 जून को किया जाएगा।

**राशि अनुसार दान :** मेष राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर लाल रंग के कपड़े, मसूर दाल, मूंगफली आदि चीजों का दान करें। वृषभ राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन मिश्री, चीनी और मखान का दान करें। मिथुन राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गौ माता के चारा हेतु गौशाला में अर्थ यानी धन का दान करें। कर्क राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर दूध, दही, चावल चीनी आदि चीजों का दान करें। सिंह राशि के जातक भगवान विष्णु की कृपा प्राप्ति हेतु गेहूं और गुड़ का दान करें। कन्या राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मौसमी फल और सब्जी का दान कर सकते हैं।

तुला राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सफेद वस्त्र का दान करें। आप चाहे तो जरूरतमंद लोगों को चावल का दान करें। वृश्चिक राशि के श्री हरी की कृपा प्राप्त करने के लिए राहगीरों के मध्य शरबत का वितरण करें। धनु राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर केसर मिश्रित दूध गरीब लोगों में वितरण करें। मकर राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर छाता, चमड़े के चप्पल और जूते का दान करें। कुंभ राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर उड़द की दाल, काले तिल, काले रंग के वस्त्र का दान करें। मीन राशि के जातक ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पीली वस्तुएं, किताब और शहद आदि चीजों का दान करें। इससे जीवन में लाभ देखने को मिल सकता है।

# प्रेरणादायक और स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है कार्तिक आर्यन की 'चंदू चैंपियन'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इधर कुछ समय से फिल्मकारों में ऐसी बायोपिक बनाने का चलन खूब देखने को मिल रहा है, जिन्होंने अपने जीवन और करियर में देश के लिए बहुत कुछ किया, मगर उनकी उपलब्धियां गुमनामी में रह गईं। अभी कुछ अरसा पहले आई 'मैदान' में फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहीम बने अजय देवगन ने यादगार रोल किया था। अब कबीर खान निर्देशित 'चंदू चैंपियन' में कार्तिक आर्यन भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले मुरलीकांत पेटकर की कभी हार न मानने वाली कहानी लेकर आए हैं।

फिल्म शुरू से आखिर तक आपको न केवल प्रेरित करती है, बल्कि कार्तिक आर्यन के करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस भी देती है। अतीत और वर्तमान के बीच झूलती यह कहानी मुरलीकांत पेटकर (कार्तिक आर्यन) के बुढ़ापे से शुरू होती है, जहां मुरलीकांत पुलिस स्टेशन में इंस्पेक्टर सचिन कांबले (श्रेयस तलपड़े) के पास भारत के राष्ट्रपति पर केस दर्ज करवाने आए हैं। पहले तो इस बूढ़े मुरलीकांत का खूब




मजाक बनता है, मगर जब वह बताते हैं कि आज चालीस साल बाद वह अर्जुन पुरस्कार पाने का हकदार क्यों हैं, तो वहां मौजूद लोग ही नहीं, बल्कि दर्शक भी मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रहते। कहानी फ्लैशबैक में जाती है, जहां पर मुलीकांत बताते हैं कि कैसे किशोरावस्था में उन्हें ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का जूनून सवार हुआ। फिर कैसे वह सेना में भर्ती होकर बॉक्सिंग के वंडर बॉय बने और आखिर में 1965 की जंग में अपने बदन पर 9 गोलियां झेलने के बाद निचले शरीर के लकवाग्रस्त होने के बावजूद किस तरह उनका पागलपन बरकरार रहा। पहलवानी, सेना में भर्ती होना और बॉक्सिंग के बाद जब शरीर का निचला हिस्सा बेकार हो गया, तो उन्होंने पानी को अपनी जमीन बनाया और विश्व स्तर पर रिकॉर्ड कायम करने के लिए तैराकी सीखी। इसी जूनून और पागलपन की बुनियाद पर वह देश का पहला पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी बने। उनके इस सफर में साथ दिया उनके भाई जोगनाथ पेटकर (अनिरुद्ध दवे), दोस्त जरनैल सिंह (भुवन अरोड़ा), उनके हेड उत्तम सिंह (यशपाल शर्मा), कोच टाइगर अली (विजय राज) और उनके वॉर्ड बॉय टोपाज (राजपाल यादव) ने। बचपन में खोटा सिक्का कहलाने वाले मुरलीकांत को चंदू चैंपियन का नाम देकर उपहास का पात्र बनना पड़ता था। मगर यही खोटा सिक्का देश के लिए गोल्ड मैडल लाता है। खुद को अर्जुन पुरस्कार का हकदार समझने वाले इस खिलाड़ी को पद्मश्री से नवाजा जाता है। रियलिस्टिक और बायोपिक सिनेमा के गुणी निर्देशक कबीर खान की कहानी में पत्रकार (सोनाली कुलकर्णी) कहती हैं, 'यह कहानी भले अविश्वसनीय लगे, मगर कहना जरूरी है।' वाकई फिल्म के आगे बढ़ने के साथ-साथ यह कथन साकार होने लगता है। फिल्म में चंदू का एक डायलॉग है, 'हंसता काइको है, मैं कर लेगा।' और वाकई जब वह इस नामुमकिन काम को कर दिखाता है, तब यही खयाल आपके जेहन में पक्का होता है कि दुनिया भले आपको चंदू, चोमू या पप्पू कहकर मजाक उड़ाए, मगर लगातार कोशिश करने पर आप सबकी बोलती बंद कर सकते हैं। कबीर खान की खूबी है कि उन्होंने इस बायोपिक का कहीं भी महिमा मंडन नहीं किया।

- **ऐक्टर : कार्तिक आर्यन, भुवन अरोड़ा, विजयराज**
- **डायरेक्टर : कबीर खान**

**रेटिंग-3/5**

उन्होंने अपनी कहानी में 1950 से 2018 के कालखंड को बखूबी दशार्या है। वॉर और बॉक्सिंग रिंग वाले दृश्य खूब जमे हैं। उन्होंने मुरलीकांत के आंतरिक संघर्ष को खूबसूरती से दशार्या है। मोटे-पतले होने के फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ-साथ वे इमोशन्स की बारीकियों को दशार्ने में कामयाब रहे हैं। कार्तिक ही क्यों, हर कलाकार अपने किरदार में खिलता है। चाहे वो भाई के किरदार में अनिरुद्ध दवे हो या दोस्त के रोल में भुवन बाम। विजय राज टाइगर अली की भूमिका में अपनी छाप छोड़ते हैं, तो श्रेयस तलपड़े इंस्पेक्टर सचिन कांबले के रूप में कहानी में हलके-फुल्के लम्हों को जोड़ते हैं। यशपाल शर्मा, सोनाली कुलकर्णी और राजपाल यादव ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय किया है। सहयोगी कास्ट अच्छी है। प्रेरणादायक और स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्मों के शौकीन यह फिल्म जरूर देखें।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम संग मेधावियों और वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माहेश्वरी समाज ने गुरुवार को अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मानाया। गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में शाम को आयोजित समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ समाज के मेधावियों और वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। वहीं समाज के सभी दिवंगत जनों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। भगवान महेश-पार्वती जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महिला मंडल व युवा परिषद द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लक्ष्मी माहेश्वरी ने स्वागत नृत्य और माल्या कलनत्री ने मेरे घर राम आए हैं .... पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। एकता बल्दुआ और आरोही बल्दुआ, आशीनी अटल व ओजस्वी माहेश्वरी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद इंटर की मेधावी आकांक्षा माहेश्वरी, कार्तिकेय माहेश्वरी, आर्यन माहेश्वरी व हाई स्कूल के दिव्यांशु माहेश्वरी व देवांश माहेश्वरी को सम्मानित किया गया। वरिष्ठजनों डॉ. वीके जाजू, द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी, ओमप्रकाश लखोटिया, शिव कुमार, डॉ सुभाष चंद्रा, सुरेश गगरानी, सुभाष बलदुआ व कुसुम लता माहेश्वरी, रमा सोमानी, कमलेश महेश्वरी, सुषमा शारदा, मनोरमा शारदा व पुष्पा जाजू जी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरार्फा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद माहेश्वरी, विनम्र माहेश्वरी, विनोद प्रकाश, लक्ष्मीकांत्र, रमन जी, राधेश्याम जाजू, दीपक सादानी, किरण माहेश्वरी, मनीषा चोला, नेहा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# आज से 26 तक कई ट्रेनें रद्द और प्रभावित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर लखनऊ से गोरखपुर लाइन पर स्थित टिनिच रेलवे स्टेशन गतिशक्ति साइडिंग कनेक्टिविटी से संबंधित काम होगा। इस दौरान 21 से 24 जून 2024 तक कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी और 25 व 26 जून को नान इंटरलॉकिंग कार्य चलेगा। इस दौरान 21 से 26 जून तक लखनऊ से रवाना होने की लखनऊ-पाटलिपुत्र समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी, कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी।

**ये ट्रेनें निरस्त रहेंगी:** ट्रेन नंबर 15113 गोमतीनगर से छपरा कचहरी एक्सप्रेस 25 जून को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15114 छपरा कचहरी से 24 जून को चलने वाली छपरा कचहरी निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 15081/15082 अपडाउन नकहा जंगल-गोमतीनगर दोनों ओर से 25 व 26 जून को निरस्त रहेगी। ट्रेन नंबर 12530/12529 अपडाउन लखनऊ जंक्शन व पाटलीपुत्र से 26 जून को दोनों ओर से निरस्त रहेगी।

**ये ट्रेनें गोमतीनगर तक आयेंगी:** वडोदरा से 24 जून को ट्रेन नंबर 09111 बड़ोदरा-गोरखपुर विशेष गाड़ी तय मार्ग मानकनगर-लखनऊ-बाराबंकी के स्थान पर बदले मार्ग मानकनगर-ऐशबाग-गोमतीनगर के रास्ते गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह ट्रेन लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती और गोरखपुर स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। इसी तरह गोरखपुर से 26 जून को ट्रेन नंबर 09112 गोरखपुर-वडोदरा भी गोमतीनगर तक आएगी।

**ये ट्रेनें रोककर चलाई जायेगी:** आनन्द विहार टर्मिनस से 20 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 05722 रास्ते में 75 मिनट, नई दिल्ली से 21 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 04004 रास्ते में 75 मिनट, अमृतसर से 25 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस 150 मिनट, काठगोदाम से 25 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस 105 मिनट, छपरा से 26 जून को ट्रेन नंबर 22531 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस 145 मिनट। गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस 24 जून को गोमतीनगर से 75 मिनट रोककर चलाई जायेगी।

### लखनऊ से गुजरने वाली ये ट्रेनें रद्द

आनन्द विहार टर्मिनस से 24 जून को 04058 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर, मुजफ्फरपुर से 25 जून को 04057 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस, दिल्ली से 25 जून को 04068 दिल्ली-दरभंगा, दरभंगा से 24 जून को 04067 दरभंगा-दिल्ली।

### इनका मार्ग बदला

छपरा से 24 जून को 05323 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस तय मार्ग गोरखपुर-बस्ती-गोंडा के स्थान पर बदले मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते से चलेगी। ट्रेनों का रूट बदलने से खलीलाबाद, बस्ती, बभनान और मनकापुर स्टेशनों पर ये ट्रेनें नहीं रुकेंगी। इसी प्रकार बरौनी से 25-26 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी, दरभंगा से 25 व 26 जून को चलने वाली ट्रेन नंबर 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी बदले रूट से चलेगी।

## आईटीआई में कैम्पस ड्राइव का आयोजन

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 21 और 22 जून को मारुति सुजुकि इण्डिया लिमिटेड, मानेसर गुड़गांव के कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने यह जानकारी दी है। ट्रेनिंग, काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि इस कैम्पस ड्राइव में मारुति सुजुकि इण्डिया लिमिटेड द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल और आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों में होनी चाहिए। आयुसीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को मानदेय के रूप में 18,000 रुपये प्रति माह के साथ सब्सिडाइज्ड कैंटीन और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस कैम्पस ड्राइव में कुल 500 पदों पर चयन किया जाएगा। महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 21 और 22 जून 2024 को सुबह 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करके उपस्थित हो सकते हैं। यह कैम्पस ड्राइव युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और इसमें भाग लेकर वे अपने करियर को नई दिशा दे सकते हैं।

## एकेटीयू में टीसीएस ने 320 छात्रों को साक्षात्कार में परखा



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में गुरुवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विस यानी टीसीएस 320 छात्रों का पर्सनल राउंड के तहत साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार के लिए कंपनी की 60 सदस्यीय टीम पहुंची थी। तीन-तीन के पैनल में कंपनी के अधिकारियों ने एक-एक छात्र से बात की। छात्रों से उनके टेक्निकल नॉलेज इंटरनेट, कम्प्यूटर क्लाउडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि सवाल पूछे गये इसके अलावा छात्रों के व्यक्तित्व का भी परीक्षण कंपनी के विशेषज्ञों ने किया। छात्रों के कम्युनिकेशन स्किल को भी परखा गया। इसके पहले सभी छात्रों का कंपनी के अधिकारियों की ओर से पंजीकरण किया गया था। इस दौरान कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने छात्रों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। जिससे की छात्र पूरे आत्मविश्वास से अपना शतप्रतिशत दे सकें। साथ ही कुलपति प्रो. जेपी पांडेय कंपनी के अधिकारियों से भी मिले। इस दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कैंपस प्लेसमेंट कराने के लिए विश्वविद्यालय के संसाधनों के बारे में भी बताया। कंपनी की ओर से चयनित छात्रों का परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा। अंतिम रूप से सफल छात्रों को कंपनी में आकर्षक पद के साथ ही सालाना लाखों का पैकेज दिया जाएगा। यह साक्षात्कार डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कंपनी के एचआर हेड नॉर्थ विकास गुप्ता और उनकी टीम के साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से सहायक कुलसचिव सुनील पांडेय, शिशिर द्विवेदी, हरीश चंद्रा, प्रतिभा शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# केजीएमयू में इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की मौत, हंगामा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू के ओपीडी में इंजेक्शन लगने के कुछ समय बाद डेढ़ माह की मासूम की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन परिवारीजन बच्ची को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। इलाज के दौरान बच्ची की सांसें थम गईं।

बच्ची की मौत के बाद अगले दिन नाराज परिवारीजन शव लेकर ओपीडी में पहुंचे और हंगामा कर दिया। उन्होंने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। त्रिवेणीनगर साठ फिटा रोड निवासी पवित्र श्रीवास्तव डेढ़ माह की बच्ची को टीका लगवाने बुधवार दोपहर केजीएमयू ओपीडी पहुंचे। डॉक्टर की सलाह पर बच्ची को वैक्सीन लग गई। परिवारीजन बच्ची को लेकर घर आ गए। कुछ देर बाद बच्ची को उल्टी होने लगी। नाक से खून आने लगा। मासूम की बिगड़ती हालत देखकर परिवारीजन घबरा गए। आनन-फानन उसे ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को भर्ती कर लिया। बुधवार रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। परिवारीजन शव लेकर घर चले गए। गुरुवार सुबह परिवारीजन शव लेकर ओपीडी में डॉक्टर कक्ष में पहुंचे। डॉक्टर पर गलत और घटिया इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। हंगामे से ओपीडी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो परिजनों से नोकझोंक हो गई। आरोप हैं कि चौकी प्रभारी ने परिवार से बदसलूकी की और उन्हें घसीटकर खदेड़ा। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों ने मुकदमा दर्ज किए जाने के लिए तहरीर दी है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. सुधीर सिंह ने कहा कि बच्ची को छह हफ्ते वाला इंजेक्शन लगाया गया था। एक वायल में कई बच्चों को टीका लगाया गया है। बच्ची की मौत के बाद बाकी बच्चों के परिजनों को फोन कर फीड बैक लिया गया। सभी बच्चे स्वस्थ हैं। ऐसे में एक बच्ची की मौत इंजेक्शन से हुई, यह गलत और बेबुनियाद आरोप है। बच्ची को ट्रॉमा सेंटर में ब्रॉडडेड अवस्था में लाया गया था।

## कैंसर संस्थान में डॉक्टरों की कमी दूर होगी

- पीडीसीसी कोर्स के तहत तीन विभागों में परीक्षा संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में मरीजों के इलाज का इंतजार खत्म होगा। संस्थान में डॉक्टरों की कमी दूर करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। संविदा व प्रतिनियुक्ति के आधार पर डॉक्टरों की तैनाती की है। वहीं पीजी करने के बाद पोस्ट डॉक्टरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे संस्थान में डॉक्टरों का संकट काफी हद तक दूर हो जाएगा। मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

कैंसर संस्थान में करीब 32 डॉक्टर हैं। लगभग 50 रेजिडेंट डॉक्टर हैं। 64 जूनियर रेजिडेंट हैं। प्रतिदिन ओपीडी में 200 से अधिक मरीज आ रहे हैं। 150 से अधिक मरीजों को भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। यहां दवा, ऑपरेशन व रेडियोथेरेपी से कैंसर मरीजों का इलाज मुहैया कराया जा रहा है। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला का कहना है कि विभिन्न विभागों में संविदा व प्रतिनियुक्ति के आधार पर 15 डॉक्टरों की तैनाती की गई है। इसमें पैथोलॉजी, एनस्थीसिया, रेडियोथेरेपी, सर्जिकल आंकोलॉजी समेत दूसरे विभाग शामिल हैं। इसके साथ ही रेडिएशन आंकोलॉजी, पब्लिक हेल्थ, गायनी आंकोलॉजी विभाग में पीडीसीसी के माध्यम से डॉक्टर तैनात किए जाएंगे। इसमें पीजी करने के बाद डॉक्टरों को दाखिला दिया जाता है। यह डॉक्टर दो साल पढ़ाई के साथ मरीजों के इलाज की बारीकियां सीखते हैं।

गुरुवार को पीडीसीसी कोर्स तीन विभागों में चार सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। शाम को परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। डॉ. देवाशीष के मुताबिक जनरल मेडिसिन, सर्जिकल आंकोलॉजी और पीडियाट्रिक विभाग में बैकलॉग के आधार पर डॉक्टरों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही डॉक्टरों की तैनाती होगी।

## 2.35 लाख से ज्यादा युवा हुए प्रशिक्षित 1.25 लाख को मिला रोजगार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। बता दें कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निःशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डोमेस्टिक वर्कर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रोसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हुनर से स्वावलंबी बनाकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम बनाना है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से कौशल से सशक्त बन रहे युवा बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विकसित गांव और विकसित प्रदेश का सपना साकार हो रहा है।

## महिला मेटों के नियोजन से मनरेगा कार्यों की गति बढ़ी

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ओर से गांवों के बहुमुखी विकास के लिए अनेक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी व रोजगारपरक योजनाओं का संचालन पूरी गतिशीलता के साथ किया जा रहा है। गांवों में मनरेगा कार्यों को सुचारू व सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महिला मेटों का चयन किया गया है, इनके नियोजन हेतु बहुत ही सार्थक व सकारात्मक कदम उठाए गए हैं और महिला मेटों के नियोजन से मनरेगा कार्यों गति बढ़ी हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12 हजार से ज्यादा महिला मेट नियोजित की जा चुकी हैं। महिला मेटों के चयन के सम्बन्ध में दिए गये निदेर्शों के क्रम में 2023-24 में प्रदेश में 57,705 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष के 35 हजार से ज्यादा महिला मेटों को नियोजित किया गया। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 12,255 महिला मेटों को नियोजित किया जा चुका है।

## विक्रांत को मिली स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र विक्रांत सिंह को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका की ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी की ओर से 87,600 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। विक्रांत को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान दी जायेगी। सीएमएस छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शांतिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी स्कूल के जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवांस प्लेसमेंट (एपी) टेस्ट सेंटर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## बिना मंजूरी के अखबार में कोई लेख न लिखें, टीवी रेडियो पर न बोलें

- यूपी सरकार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जारी की नई मीडिया गाइडलाइंस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नई मीडिया गाइडलाइंस जारी कर दी हैं। अब अफसरों को किसी भी मीडिया माध्यम पर कुछ कहने या लिखने से पहले सरकार से इजाजत लेनी होगी। आदेश में कहा गया है कि जिसको भी मीडिया में कुछ बोलना है, उसको सरकार से इस बाबत सहमति लेनी होगी। बिना सहमति के कोई भी सरकारी अफसर कुछ भी पोस्ट या लिख नहीं सकता। सोशल मीडिया के लिए भी नियम तय कर दिए गए हैं।

नया शासनादेश में सख्ती से कहा गया है कि हर अफसर को इस आचरण नियमावली का पालन करना होगा। आदेश में कहा गया है कि बिना मंजूरी लिए अखबार में किसी भी तरह का कोई लेख न लिखें, टीवी रेडियो पर न बोलें, साथ ही सोशल मीडिया पर भी न लिखें। प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के आचरण को विनियमित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 प्रभावी है।

इस आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि कोई भी अधिकारी बिना किसी शासनादेश या फिर मंजूरी के किसी भी तरह के प्रसारण में भाग नहीं लेगा या किसी समाचारपत्र या पत्रिका को लेख नहीं भेजेगा और गुमनाम से अपने नाम में या किसी अन्य व्यक्ति के नाम में, किसी समाचार पत्र या पत्रिका को कोई पत्र नहीं लिखेगा। इस आदेश के अंडर प्रिंट मीडिया (समाचार पत्र-पत्रिकाएं इत्यादि), इलेक्ट्रानिक मीडिया (रेडियो और न्यूज चैनल इत्यादि), सोशल मीडिया (फेसबूक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि और डिजिटल मीडिया (समाचार पोर्टल इत्यादि) शामिल हैं।

# प्रदेश में संगठन को करेंगे मजबूत और सक्रिय : अनूप सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल का स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह पार्टी के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ गुरुवार को सम्पन्न हुआ। सबसे पहले अनूप पटेल गाड़ियों के काफिले के साथ हजरतगंज चौराहा पहुंचकर वहां स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उनका काफिला पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पहुंचा। वहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपार खुशी जताते हुए फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। अपने सम्बोधन में अनूप पटेल ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि अपने नेता के विश्वास को कायम रखते हुए प्रदेश के सभी साथियों को मान और सम्मान दूंगा। बिहार में एनडीए गठबंधन को मिली सफलता के लिए उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार तथा बिहार की जागरूक जनता को बधाई देते हुए कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके सरकार द्वारा बिहार में किए गए जनकल्याणकारी योजनाएं, जिसमें महिला सशक्तिकरण, सरकारी नौकरी में महिलाओं को आरक्षण, पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, नौजवानों को भरपूर सरकारी नौकरी, प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी, जातिगत गणना कराकर उसे लागू करना, गरीबों को सरकारी मदद, किसानों को भरपूर सहायता जैसे प्रमुख कार्यों से मिली सफलता के कारण ही आज पार्टी को केन्द्र सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। इस सफलता के लिए हमारे नेता नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं और हम लोग अपने नेता के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भी पार्टी संगठन को मजबूत और सक्रिय करेंगे। उन्होंने कहा है कि हमारी पार्टी एनडीए के महत्वपूर्ण घटक दल के रूप में चुनाव लड़ी थी और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में हम सब के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार ने निर्णायक भूमिका निभाई है। उन्होंने पार्टी संगठन को जल्दी ही चुस्त दुरुस्त करने का आश्वासन दिया और कहा कि भले ही हमारी पार्टी एनडीए का घटक दल है लेकिन जनता के ज्वलंत मुद्दों पर हम संघर्ष करने से पीछे नहीं रहेंगे। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में पार्टी के प्रदेश सह संयोजक अवधेश सिंह, मानेन्द्र सिंह, इमरान इलाही, नीरज पटेल, डॉ भरत गंगवार, पूनम सिंह, ममता सिंह, बिनोद त्यागी, पारस सिंह, कल्प नाथ वर्मा, देवेन्द्र सिंह बाल्हार, डॉ संजय सिंह, सुशील काश्यप, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, राम सहाय पटेल सहित सैकड़ों लोग रहे।

**कई नेताओं ने पार्टी की सदस्यता:** पार्टी की नीतियों एवं विचारों से प्रभावित होकर प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल के नेतृत्व में कई पार्टियों के नेताओं ने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता ग्रहण किया। आशू चौधरी, पूर्व प्रदेश प्रभारी, किसान यूनियन, प्रशान्त सिंह पटेल, भाजपा, गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष, भाकियू, कुन्दन सिंह वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष, भाकियू, शरद शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष, भाकियू, ठाकुर सत्येन्द्र सिंह, पूर्व प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, राजकुमार यादव, बाराबंकी, देवेन्द्र सिंह बाल्हार, गाजियाबाद आदि शामिल हुए।

## राजनाथ सिंह आज शहर में भव्य स्वागत की तैयारी



**लखनऊ।** लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में हलवासिया कोर्ट में आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदों और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ से लगातार तीसरी बार सांसद चुने जाने और केंद्र में दोबारा रक्षा मंत्री बनने के बाद राजनाथ सिंह शुक्रवार शाम को पहली बार लखनऊ पहुंचेंगे। लखनऊ आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। स्वागत को यादगार बनाने के लिए एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़े, पुष्प वर्षा, मालाओं और पुष्प गुच्छ के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गयी। अन्य कार्यक्रमों की योजना सुनिश्चित करते हुए आनंद द्विवेदी ने बताया कि पार्टी की योजना के अनुसार दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को 21 जून को पार्टी द्वारा मंडल स्तर पर मनाया जायेगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सीएमएस गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सम्मानित करेंगे। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, पौधरोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। 23 जून से 6 जुलाई तक पर्यावरण पखवाड़े के रूप में मनाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम बूथ स्तर तक आयोजित किए जायेंगे। 30 जून से पुनः प्रारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुना जाएगा। सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए कार्यक्रम संयोजक और सहयोगी टीम नियुक्त की गयी। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामावतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि राकेश सिंह, विवेक सिंह तोमर, अभिषेक खरे को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# लविवि में यूजीसी नेट पेपर कैंसिल को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

- जगह-जगह छात्रों ने प्रदर्शन कर एनटीए संस्था को रद करने की पुरजोर से उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** यूजीसी नेट पेपर कैंसिल को लेकर समस्त छात्र संगठनों ने शहर के अलग-अलग जगहों पर जमकर गुरुवार को प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नम्बर एक, हजरतगंज चौराहे और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हुआ। इस प्रदर्शन में लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर 1 पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि सरकार कोई भी परीक्षा सफलतापूर्वक नहीं कर पा रही है, ऐसे में छात्रों का भविष्य अधर में जा रहा है, जिस पर सरकार ध्यान भी नहीं दे रही है। छात्रों ने आंदोलन में कई मांगी की है। इसमें आंदोलन की मुख्य मांगे तीन है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, एनटीए संस्था को रद्द किया जाए और पेपर कराने की जिम्मेदारी शिक्षा मंत्रालय को सौंपा जाये।

**बीबीएयू में भी छात्रों का जमकर प्रदर्शन :** एसएफआई बीबीएयू इकाई ने बीबीएयू के छात्रों और छात्र संगठनों के साथ गेट नंबर 1 के बाहर एनटीए द्वारा यूजीसी-नेट को रद्द करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में नेट अभ्यर्थी भी शामिल हुए, जो परीक्षा रद्द होने से परेशान थे और उन्होंने अपनी परेशानी और असहमति व्यक्त की।

एसएफआई उत्तर प्रदेश राज्य समिति के सदस्य, कॉमरेड अभिषेक ने पैसा कमाने के लिए परीक्षण एजेंसी के रवैये में बदलाव के तहत एनटीए द्वारा निजी कॉलेजों और स्कूलों को परीक्षा केंद्र देने का मुद्दा उठाया। वहीं नेट अभ्यर्थी अभिनव ने एनटीए के कार्य करने और परीक्षा आयोजित करने में लगातार विफल रहने के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। एनएसयूआई सदस्य नारायण ने केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में भाजपा सरकार और उसके मंत्रियों के लगातार अज्ञानतापूर्ण व्यवहार के बारे में बात रखी, जहां किसी भी मंत्री या एजेंसी की जवाबदेही के बिना प्रवेश परीक्षा आयोजित करने में खामियां, पेपर लीक और अन्य विसंगतियां हुई हैं।

एसएफआई बीबीएयू इकाई सचिव वहाब ने छात्रों को संबोधित किया और छात्र विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा करने के लिए छात्रों की एक बड़ी एकता का आह्वान किया, शिक्षा के निरंतर निजीकरण और व्यावसायीकरण के खिलाफ छात्रों के आंदोलन को मजबूत करने और आगे बढाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को खत्म करना और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और यूजीसी के अध्यक्ष के. जगदीश ममीडाला का इस्तीफा इस पूरे प्रदर्शन की प्रमुख मांग थी। छात्रों ने विरोध में नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी का पुतला जलाकर भी प्रदर्शन किया।

**छात्रसभा के छात्रों ने किया प्रदर्शन, हिरासत में लिये गये:** समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और यूजीसी नेट परीक्षा अभ्यर्थी महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने पेपर लीक का विरोध किया तो उनकी गिरफ्तारी की गई है, जिसकी समाजवादी छात्रसभा निंदा करती है और तत्काल बिना शर्त रिहाई की मांग करती है। हमारी मांग है कि एनटीए संस्था को बर्खास्त कर दोषियों पर कार्यवाही हो और परीक्षा की जिम्मेदारी स्वयं शिक्षा मंत्रालय द्वारा ली जाए। महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि विगत 18 तारीख को हुई यूजीसी नेट की परीक्षा को 19 तारीख को शिक्षा मंत्रालय द्वारा पेपर लीक होने की वजह से रद्द कर दिया गया। लगातार पेपर लीक होने से जहां देश के तमाम छात्रों का भविष्य संकट में है वहीं मानव संसाधन में भी कमी आ रही है।

पेपर लीक होने से वर्तमान पीढ़ी से उसका भविष्य और भविष्य की पीढ़ी से उसका वर्तमान छीना जा रहा है। लगातार एनटीए जैसी भ्रष्ट संस्था को परीक्षा की जिम्मेदारी देना सरकार के भ्रष्टाचार में शामिल होने की बू आ रही है। लाखों छात्रों की तरह मेरा स्वयं का दो बार नेट होने के बाद इस बार तीसरा अटेंप्ट था जिसमें जेआरएफ होने की उम्मीद थी लेकिन परीक्षा रद्द होने की वजह से मेरा भी भविष्य संकट में है।

संक्षेप

## जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

**देवरिया ।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पदाधिकारियों को पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमो की जिम्मेदारी सौंपते हुए बताया कि 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के सभी मंडलों में योग दिवस मनाया जायेगा जिसका संयोजक जिला महामंत्री प्रमोद शाही को बनाया गया है । उन्होंने बताया कि 23 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में सभी बूथों पर मनाया जायेगा जिसका संयोजक जिला महामंत्री रविंद्र कौशल को बनाया गया है तथा 26 जून को आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जायेगा जिसका जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा को बनाया गया है, 30 जून को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सभी बूथों पर सुने जायेंगे, तथा 7 जुलाई को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती हर बूथों पर मनाई जाएगी ।सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए कार्ययोजना बना ली । गई है ।

# तटबंधों और लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए जाए सभी जरूरी कदमः डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर ।** गुरुवार को डीएम उमेश मिश्रा ने जनपद के खडडा तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ के दृष्टिगत संवेदनशील भैंसहा गांव के छितौनी तटबंध के किलोमीटर 7.830 पर बने स्पर व ठोकर तथा किलोमीटर 12.700 पर बने वीराभार ठोकर का

**● डीएम ने बाढ़ से पूर्व तैयारियों व उपायों के दृष्टिगत तटबंधों का किया निरीक्षण**

स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से पूर्व की तैयारियों और किए गए सुरक्षात्मक निमार्णों व उपायों का अवलोकन किया ।यहां अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड महेश कुमार सिंह, तहसीलदार खडडा उपस्थित रहे। डीएम ने नारायणी नदी के छितौनी तटबंध के ठोकर ( स्पर ) व बंधे का निरीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्र में सतर्कता बनाए रखने तथा बाढ़ बचाव से निपटने से पूर्व तैयारियां करने हेतु बाढ़ खण्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने तटबंधों पर बने लॉन्चिंग अप्रॉन के साथ साथ जल स्तर, बोल्डर, पेंचिंग आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए ।उन्होंने पूर्व में प्रस्तावित एवं मरम्मत कराए जाने वाले ठोकरों की भी जानकारी ली। ठोकरों का निरीक्षण दौरान बाढ़ से बचाव व बंधे की सुरक्षा के लिए लगाए गए परकोपाइन का निरीक्षण भी किया। जल स्तर बढ़ जाने पर बाढ़ बचाव हेतु अपनाए जाने सुरक्षात्मक उपायों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने सभी सुरक्षात्मक पहलुओं पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीएम ने पूर्व वर्षों में गंडक नदी के कटान से प्रभावित ग्रामों के बारे में तथा जल स्तर बढ़ जाने या बाढ़ आने पर उनके लिए किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों, बाढ़ बचाव के उपाय एवं सुविधाओं की भी जानकारी तहसीलदार खड्डा एवं अधि0अभि0 बाढ़ खंड से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा सहित लोगों की सुरक्षा आदि के सभी जरूरी कदम उठाए जाने के दृष्टिगत तैयारी करने के निर्देश दिये। अंत में बाढ़ बचाव एवं कराए गए निर्माण कार्यों व बाढ़ बचाव हेतु अपनाए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों के दृष्टिगत अधि0 अभि0 बाढ़ खंड, बीडीओ समेत तहसीलदार के साथ समीक्षा बैठक करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार खड्डा अभिषेक कुमार, बीडीओ विनीत कुमार, सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पात्र आवेदकों के खाते में भेजा जाएगा अनुदान

**देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण कांत राय ने बताया है कि शादी अनुदान योजना अंतर्गत ऐसे आवेदक जिनकी आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रुपए प्रतिवर्ष से अधिक नहीं हो, विवाह की तिथि को पुत्री की आयु 18 या उससे अधिक हो, को अन्य पिछड़े वर्ग ( अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर ) के पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान धनराशि रू0 20 हजार कोषागार ई-पेमेंट प्रणाली के तहत पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से सीधे आवेदकों के खाते में भेजने की व्यवस्था की गयी है।

यह योजना पूर्णतः ऑनलाईन एवं कम्प्यूटरीकृत है। आवेदकों के नाम से आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आधार कार्ड की छायाप्रति, पासबुक की छायाप्रति एवं शादी कार्ड तथा वर व वधु की उम्र से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति एवं आवेदक व पुत्री का फोटो संलग्न कर शादी अनुदान की ल्ल पर शादी से 90 दिन पूर्व एवं 90 दिन बाद वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत आनलॉइन आवेदन कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए जनपद में उद्योग को बढ़ावा देने का माहौल विकसित करने का कार्य सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई हीला-हवाली न हो, यह विशेष रुप से ध्यान रखें। उन्होंने बैंकों को उद्यमियों के समस्याओं के समाधान तथा ऋण पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बैंक पोषित सभी योजनाओं का लाभ उद्यमियों सहित सभी को प्राथमिकता के साथ अग्रणी बैंक प्रबंधक उपलब्ध कराएं। बैठक में उसरा बाजार औद्योगिक आस्थान में अग्शिमन केन्द्र की स्थापना सहित साफ-सफाई की समस्यायें लाई गई, जिस पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। औद्योगिक आस्थान देवरिया में बाउन्ड्रीवाल व नाली निर्माण की बात लायी गयी। इस पर भी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। औद्योगिक केन्द्रों में अप्रेटिंस हेतु युवाओं को भी रखे जाने को कहा गया, जिससे कि स्किल्ड युवक स्थानीय स्तर पर ही उद्योगो में योजित हो सकेगें। बैठक में पूर्व विधायक एवं उद्यमी रविन्द्र प्रताप मल्ल, शक्ति गुप्ता, जे0पी0 जायसवाल, रमेश चन्द्र तिवारी, बासुदेव वर्मा आदि ने उद्यमियों से जुडी समस्याओं को रखा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, एडीएम एफ0आर0 अरुण कुमार राय, एल0डी0एम0 अरुणेश कुमार, उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह, ई0ओ0 नगर पालिका देवरिया अंकिता शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत बी0के सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व उद्यमी गण आदि उपस्थित रहे।

# कुन्ना नाले में बाढ़ खंड ने सिल्ट की सफाई का कार्य शुरू







जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** देवरिया शहर में कुरना नल की शील्ड की सफाई का कार्य बाढ़ खंड देवरिया ने युद्ध स्तर परशुरू कर दिया है। मानसून आने की संभावना के बीच शहर को जल जमाव की समस्या से निजाद दिलाने के लिय नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से इसकी तैयारियो के हर स्तर पर शुरू हो गई है ।कार्य स्थल का निरीक्षण करने के साथ लगातार इसकी रणनीतियां बनाई जा रही है। शहर की प्रमुख कुर्ना नाला जिसमे पूरे क्षेत्र की गन्दी पानी के साथ ही जल निकासी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अलका सिंह ने कुर्ना नाले पर पहुंचकर नाले में सिल्ट सफाई का कार्यकाल निरीक्षण किया। बीदित हो कि हो कि देवरिया शहर का पानी कुर्ना नाले से होकर ही निकलता है सिल्ट की सफाई न होने से देवरिया शहर में जल जमाव की आशंका बनी रहती है इसको देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष के प्रयास से बाढ़ खंड विभाग ने सिल्ट की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है नगर पालिका अध्यक्ष ने बाढ़ खंड के अधिकारियों से कार्य और तेज करने का निर्देश दिया । निरीक्षण के समय बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता, राधेश्याम प्रसाद संजय कुमार सिंह सहायक अभियंता, बाढ़ कार्य खण्ड, अरविन्द कुमार यादव जूनियर इंजीनियर मौके पर उपस्थित रहे।

# नगर पालिका की बजट बैठक में हुए कई प्रस्ताव पास

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। पालिकाध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह की अध्यक्षता में पालिका स्थित पं० दीन दयाल उपाध्याय सभागार में वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट बैठक आहूत हुई। जिसमें निम्न एजेण्डा बिन्दु प्रस्तावित है। प्रस्ताव संख्या 01 गत बैठक की स्वीकृति पर विचार। चर्चापरान्त सर्वसम्मति से विगत बोर्ड बैठक दिनांक 22.02.2024 की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी है। एजेण्डा बिन्दु 02 वित्तीय वर्ष 2024-25 की अनुमानित बजट की स्वीकृति पर विचार।

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अधिशासी अधिकारी श्रीमती अंकिता शुक्ला द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनुमानित बजट का आय-व्यय की प्रस्तुति की गयी है। चर्चापरान्त कुल अनुमानित आय- 88,67,60,000=00 रू० व कुल अनुमानित व्यय 87,77,05,000=00 रु० व कुल अनुमानित अवशेष - 90,55,000=00 रू० की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी।

आज की बैठक में पालिका के समस्त अधिकारी / कर्मचारीगणों के साथ-साथ निम्न मा० सदस्यगण उपस्थित रहें- श्रीमती वन्दना देवी, पुष्पा देवी, श्री अजय कुमार, बालेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती निर्मला, रूपा शुक्ला, श्री संजय, श्रीमती माला देवी, माया देवी, अनिता देवी, श्री प्रवीण यादव, श्रीमती प्रियंका वर्मा, श्री ऋषि कुमार यादव, शिवानन्द, सौरभ तिवारी, बृजेश यादव, धर्मेन्द्र सिंह, जयप्रकाश शर्मा, पवन जायसवाल, जावेद आलम, श्रीमती इन्दू देवी, उषा मिश्रा, श्री सत्यप्रकाश सिंह, रमेश मल्ल, मनोज गोयल, संजय मिश्रा, श्रीमती उर्मिला तिवारी, श्री गौहर अली, अभय कुमार मल्ल, श्रीमती नादरा तबस्सूम, श्री तसलीम मलिक, श्री नृपेन्द्र कुमार त्रिपाठी उर्फ राणा आदि ।

## आज मनाया जायेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कुशीनगर।** क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर दयाशंकर वर्मा ने बताया कि कल 21 जून 2024 को जनपद में दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य और व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। माननीय सांसद कुशीनगर एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामई उपस्थिति में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जन प्रतिनिधिगण सहित आम जनमानस सामूहिक योगाभ्यास कर मानव जीवन में योग का महत्व का संदेश देंगे। दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम है योग स्वयं और समाज के लिए। उन्होंने बताया कि कल प्रातः 6:00 बजे कुशीनगर स्थित बुद्ध महापरिनिर्वाण स्थली ( बुद्ध टेंपल ) के पास में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील किया है कि इस योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक व्यक्ति सम्मिलित होकर योग कार्यक्रम से लाभान्वित हो। उक्त कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी को तथा कर्मचारीगण भी उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का बोदरवार में स्वागत



**कुशीनगर।** बोदरवार बाजार में स्थित पंचायत भवन परिसर में आज निषाद पार्टी के निषाद एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित निषाद का जोरदार स्वागत किया गया ।गुरुवार को जिला मुख्यालय पर निषाद पार्टी के एक बैठक में भाग लेने जा रहे अमित निषाद को बोदरवार में रोककर उनका जोरदार स्वागत किया। बोदरवार के लोगों को जैसे ही यह जानकारी मिली कि उनका काफिला बोदरवार के रास्ते जा रहा है तो मछुआ प्रतिनिधि राजेश साहनी ने ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया से मिलकर श्री निषाद का जोरदार स्वागत करने को कहा तो शैलेश निषाद, सूरज साहनी, पूर्व प्रधान श्रीनिवास गुप्ता, रंजीत पटेल, मोनू कनोजिया, शिवांश गिरी, प्रभु, दुर्गेश, अमरजीत, हरभजन व सोनू सिंह आदि ने जोरदार तरीके से स्वागत किया।

# सरकार नजूल संपत्तियों को अभिलंब करे फ्री होल्ड



**अयोध्या ।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल अयोध्या द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे उत्तर प्रदेश में नजूल की संपत्तियों के अधिग्रहण करने संबंधी प्रदेश की राज्यपाल द्वारा 7 मार्च 2024 को एक अध्यादेश जारी किया गया था इस अध्यादेश को लेकर पूरे प्रदेश में व्यापारी, उद्यमी व समाज के सभी वर्गों के लोगों में चिंता एवं रोष व्याप्त है। इस अध्यादेश को वापस लेने एवं नजूल संपत्तियों के फ्री होल्ड को शुरू किए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से संगठन के जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी के नेतृत्व में दिया गया ।ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से लेकर पूरे प्रदेश में नजूल संपत्तियों का उपयोग समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा व्यवसायिक, औद्योगिक वा रिहायसी के उद्देश्य से किया जा रहा है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश का विरोध करता है क्योंकि यह लोकहित में नहीं है। व्यापार मंडल इस अध्यादेश को अभिलंब वापस लेने एवं पूर्व की भांति नजूल की संपत्तियों को फ्री होल्ड करने की योजना को पुनः शुरू किया जाए।

जिलाधिकारी नीतीश कुमार को ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी, के के गुप्ता , नगर महामंत्री प्रेमनाथ राय, युवा जिला अध्यक्ष मानव मेहरोत्रा, दिग्विजय गर्ग, विष्णु ,आदित्य अग्रवाल, प्रखर रस्तोगी, अंकित जैन ,प्रभात अग्रवाल, गुंजन सोनी, नीरज सिंघल, रमेश चैरसिया जिला महामंत्री, संजय मित्तल, ललित बंसल, राजेश बंसल, सूरज यादव, राजेश गुप्ता, शशांक यादव, अरुण साहू, मानव मेहरोत्रा आदि मौजूद थे।

# न्याय न मिला तो पूरा परिवार करेगा आमरण अनशन

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर ।** जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बलुआ रामपुर श्रीपाल निवासिनी एक पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है। उक्त पीड़िता महिला ने पत्रक में कहीं है कि अगर न्याय नही मिला तो वह पुरे परिवार के साथ आमरण अंशन करेगी। मुख्यमंत्री को दिए पत्रक में पीड़िता गीता देवी पत्नी शिव प्रकाश उपाध्याय महिला ने कहीं है कि मेरे पति सीधे साधे व्यक्ति है, जो पूजा पाठ कराकर परिवार का खर्च चलाते है। हाटा नगरपालिका क्षेत्र के निवासी व सभासद हरिनाथ सिंह पुत्र जवाहिर सिंह, मेरे दूर के पटीदार आशीष उपाध्याय पुत्र ओमप्रकाश उपाध्याय व ओमप्रकाश उपाध्याय पुत्र स्व. पारस नाथ उपाध्याय निवासी बलुआ रामपुर श्रींपाल, कोतवाली हाटा, जनपद कुशीनगर के हैं, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। मेरे पति को बहला- फुसला व डरा -धमका कर 4 एकड़ जमीन बैनामा करा लिए तथा मेरे पति को उसका प्रतिफल बहुत कम दिए है। बाकी के लगभग 80 लाख रुपया की मेरे पति जब भी उनसे मांगते हैं, तो मेरे पति को उक्त लोग डराते धमकाते हैं, तथा मेरे परिवार सहित सभी को जान से मारने

**● पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से लगायी न्याय की गुहार**

की धमकी देते हैं और मेरी दो अविवाहित लड़कियों को बदनाम कर फर्जी मुकदमे में फसा देने की धमकी देते हैं ' इसी बीच जब उन लोगो से बाकी रुपए की मांग किया गया तो उक्त लोग 10 जून 2024 की रात्रि को लाठी डंडे से लैश होकर मेरे दरवाजे पर आये और मेरे पति को तलाशने लगे।

मेरे पति उस समय घर पर नहीं थे, जिसके बाद उक्त लोग व उनके सहयोगी गाड़ी से उतर कर घर में घुस कर माँ -बहन की भद्दी भद्दी गालिया देते हुए घर मौजूद मेरी दोनों लड़कियों से बद सलुकी करते हुए टीशर्ट फाड़ दिए व घसीट ने लगे। इस दौरान मेरे छोटे लड़के को भी राड से मारने लगे। जब मैं अपने लडके को बचाने गयी तो मुझे भी सभी मिलकर मारे पीटे, शोर सुनकर अगल बगल के लोग आये और बीच बचाव किए। पीड़िता ने कहीं हैं कि उक्त घटना के बाद अगले दिन अपने व बच्चों के चोटों का मेडिकल कराकर कोतवाली गयी, और प्रार्थना पत्र दी, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को दी, लेकिन वहाँ से भी कोई कार्यवाही नहीं हुआ। जिसके बाद मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश को प्रार्थना पत्र दी हूँ ' पीड़िता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगायी है कि दोषियों पर कार्यवाही हो और उक्त भू माफियाओ से बाकी पैसा वसूल कर दिलाया जाय ' पीड़िता का कहना है कि अगर 10 दिन के अंदर दोषियों पर कोई सार्थक कार्यवाही नहीं होती है तो मजबूर होकर पुरे परिवार के साथ आमरण अंशन करुँगी, जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी।

## गर्मी से किसान की मौत

**कसया, कुशीनगर।** भीषण गर्मी जानलेवा बनती जा रही है। तेज धूप व लू के चलते खेत में काम कर रहे एक किसान की हालत बिगड़ गयी। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गयी ।गुरुवार की सुबह फाजिलनगर क्षेत्र के किसान गजानन्द उपाध्याय ( 55 वर्ष ) अपने खेत में काम कर रहे थे। उन्हें प्यास लगी। पानी पीने के बाद फिर से काम में जुट गए। गर्मी के चलते अचानक जनकी तबियत बिगड़ गयी। लोगों ने बताया कि वह खेत में गिर पड़े और बेहोश हो गए। जानकारी होते परिजन इलाज के लिए उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने कसया के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार इलाज के लिये ले जाते समय रास्ते ने ही उनकी मौत हो गई ।एक दिन पहले उनके सर में दर्द और उल्टी हुई थी। उनकी मौत गर्मी के कारण ही हुई है ।मृतक अपने पीछे चार बच्चों को छोड़ गए हैं।

## डॉ सद्दाम खान का सहायक शोध अधिकारी के पद पर चयन

**अयोध्या।** का.सु. साकेत महाविद्यालय अयोध्या के वाणिज्य संकाय के प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के छात्र डॉ सद्दाम खान प्रथम प्रयास में सहायक शोध अधिकारी ( सांख्यिकीय अधिकारी - राजपत्रित अधिकारी ) के पद पर चयनित हुए हैं। सद्दाम खान ने साकेत महाविद्यालय से बी कॉम एवं एम काम के उपरांत एलएल बी की उपाधि भी प्राप्त की है। वर्तमान समय में सद्दाम खान वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रोत्र मिर्जा शहाब शाह के निर्देशन में अपना शोध कार्य ह्लग्रामीण अर्थव्यवस्था में मनरेगा का योगदानह्ल( जिला अयोध्या के संदर्भ में ) विषय पर पूर्ण किया है। डॉ सद्दाम खान शिक्षा ग्रहण करते समय महाविद्यालय की विभिन्न पाठ्यसहगामी क्रियाओ में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना, सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के एंबुलेंस ऑफिसर के साथ-साथ एनसीसी नेवल विंग के कैडेट कैप्टन भी रहे। इन्हें ऑल यूपी बेस्ट कैडेट के साथ-साथ गवर्नर मेडल से भी नवाजा जा चुका है।

# रसूखदारों के संरक्षण में चल रहा है जुए का खेल, युवाओं को कर रहा है बर्बाद

### खेल के अड्डों को जानते हुए भी अनजान बन रही स्थानीय पुलिस, प्रति दिन होता है लाखों का वारा न्यारा

बृजबिहारी त्रिपाठी



**कुशीनगर ।** जुआ, सट्टा व लॉटरी की कोख से अपराध फल फूल रहा है। चोरी, छिनैती, मारपीट और घरों में कलह की इस बड़ी वजह के प्रति पुलिस लापरवाह बनी हुई है। अनेक घरों के बच्चे भूखे सो जाने को मजबूर हैं। बावजूद इसके न तो जुए के अड्डे बंद हो रहे हैं और न ही सट्टा और लॉटरी। रसूखदारों के संरक्षण में चल रहा जुए का कारोबार युवाओं के लिए

**● खुशहाल परिवारों की हंसती खेलती जिंदगी में महामारी की तरह फैल रहा है कलह**

जहर का काम कर रहा है, इस कारोबार पर भी पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। कुछ पुलिस कर्मियों की साठगांठ से चल रहे इस काले कारोबार के शौकीनों को हर अड्डे की जानकारी है। लेकिन कारोबारी इतने चालक और सतर्क होते हैं कि आम लोगों को इसकी भनक भी नहीं लग पाती। यदि इस कारोबार के अड्डे की सटीक जानकारी किसी ने दिया भी तो पुलिस बंद कराने के बजाए, यह कहने से तनिक नही हिचकिचाती की ऐसा कारोबार नही होता है।

काविलेगौर हो कि जिले के कसया, तुर्कपट्टी व कुबेरस्थान थाना क्षेत्र में इनदिनों जुआ, लाटरी व सटे का हब बना हुआ है। तीनों थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक जुए का अड्डा संचालित हो रहा है। खेल के अड्डों को जानते हुए भी स्थानीय पुलिस अनजान बनी हुई है। वही इस धंधा में रसूखदार लोगों का संरक्षण बताया जा रहा है। सूत्र बताते है कि प्रति दिन हर थाना क्षेत्र में लाखो का वारा न्यारा होता है। बताते चले कि कारोबारी लॉटरी की आड़ में दरअसल जुआ खेलाने वाले रातो-रात मालामाल होने का सब्जबाग दिखाकर लोगों को पहले अपने जाल में फांसते हैं। जाल में फंसने वाले लोग अमीर तो नहीं होते बल्कि लत के कारण घर के जेवर, चल-अचल सम्पति आदि बिक जरूर जाती है। युवाओं में बढ़ती तरह-तरह की शौक उन्हें इस ओर आकर्षित कर रहा है। शौक पूरा करने के लिए पहले जुआ खेलते हैं।

वहां लूटने के बाद चोरी, छिनैती सहित अन्य अपराधिक कार्यों के शिकार होकर पूरी तरह आपराधिक घटनाओं में संलिप्त होते जाते हैं।

### कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने में यहां पुलिस दिख रही है नाकाम

कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए कसया नगर में दो पुलिस चौकी बनाई गई है। वही तर्कपट्टी व कुबेरस्थान दोनो थाने के हर हल्के में पुलिस निगरानी करती रहती है, इसके बावजूद इसके लॉटरी, जुआ व ड्रग के अवैध कारोबार पर लगाम नहीं लगना और उसके दिनों दिन बढ़ना पुलिस की नाकामी व कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहा है। नगर एवं हाईवे पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारियों के अलावा दर्जन भर से अधिक पुलिस कर्मी तैनात हैं। बावजूद इसके शायद ही कोई ऐसा दिन हो जब किसी मुहल्ले में चेन स्नैचिंग, बाइक चोरी और छिनैती की छितपुट घटना घटित नहीं होती हो। यह घटनाएं आम लोगों के सामने इसलिए नहीं आ पाती क्योंकि पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज ही नहीं करती। जांच पड़ताल का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है।

### काले कारोबार से परिवार हो रहे तबाह

अवैध कारोबार दर्जनों परिवार को तबाह कर चुका है। परिवार के बड़े बुजुर्गों का कहना है कि घर के युवा बुरी संगत और बुरी लत के शिकार होकर परिवार को तबाह कर रहे हैं। जिनके कंधे पर परिवार चलाने की जिम्मेदारी होनी चाहिए वह बोझ बने हुए हैं। आए दिन परिवार में मारपीट और कलह आम बात हो गई है। जीवन नर्क बन कर रह गया है। एक परिवार के मुखिया ने तो नाम नहीं छापने शर्त पर आरोप लगाया कि यह सब कुछ पुलिस की मिलीभगत और निष्क्रियता के कारण ही हो रहा है।

### अपर पुलिस अधीक्षक बोले

इस सम्बंध में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि जुए का कारोबार काफी गंभीर मामला है, इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग दिवस का किया जायेगा आयोजन

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया है कि दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में हजारों लोग एक साथ योगासन करेंगे। 21 जून को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम देवरिया में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। महिला, पुरुष व बच्चों के साथ बुजुर्ग भी योग दिवस पर होने वाले आयोजन का हिस्सा बनेंगे। योग दिवस का थीम ₹योग स्वयं और समाज के लिए₹ रखा गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए जहां अफसरों को जिम्मेदारी सौंप दी है, वहीं समाजसेवियों व प्रबुद्ध लोगों से योग दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है ।सभी तहसीलों व ब्लाक मुख्यालयों पर भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। उन्होंने बताया है कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, प्रगति करेगा इसके लिए जनपदवासियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

## रौनाही पुलिस ने पांच गौ मांस तस्करों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही पुलिस ने पांच गौ मांस तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया है। अब गौ मांस तस्करों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई में जुटी है। आरोप है कि बीते बारह अप्रैल को सुबह ईद के दिन रौनाही पुलिस ने ग्राम शेखपुर जाफर के करीब परशुरामपुर रेलवे फाटक के पास मुखबिर की सूचना पर कुछ लोगों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया था। पकड़े गए लोगों के पास से चैबीस किलो मांस बरामद की गई थी। हालांकि नव रात्रि के अवसर पर इस धड़पकड़ को लेकर चर्चा रही कि पकड़े गए तस्कर गोकशी कर गोमांस की चोरी छिपे क्षेत्र में बिक्री कर करते है। वहीं पुलिस ने जांच के लिए मांस के टुकड़ों को फॉरेंसिक विभाग को भेजा था।

संक्षेप

## नये शहर कोतवाल बने रमेश चन्द्र मिश्रा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में तेजी से बढ़ते हुये अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने कड़े कदम उठाते हुये शहर कोतवाल को क्राइम ब्रांच में स्थानान्तरण कर दिया है, तो वहीं दूसरी ओर उनके स्थान पर निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा को महरौनी से ललितपुर शहर कोतवाली प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा को थाना बानपुर से प्रभारी निरीक्षक महरौनी, निरीक्षक उदयभान गौतम को प्रभारी चुनाव सेल से प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ भेजा है। वहीं उप निरीक्षक सियाराम वर्मा को प्रभारी आईजीआरएस को थानाध्यक्ष बानपुर बनाया गया है। महिला उप निरीक्षक पारूल सिंह को महिला थानाध्यक्ष से थाना सौजना भेजा गया, वहीं उनके स्थान पर महिला उप निरीक्षक स्वाति शुक्ला को थानाध्यक्ष सौजना से महिला थाना प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा थाना महरौनी में तैनात महिला उप निरीक्षक सन्नो देवी को थानाध्यक्ष महिला थाना तालबेहट और उप निरीक्षक राजकिशोर मिश्र को चुनाव सेल से प्रभारी आईजीआरएस भेजा गया है।

## प्लेसमेंट डे का आयोजन आज

**ललितपुर।** इक्कीस जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेन्ट-डे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश-प्रदेश के साथ-साथ जिला स्तर की प्रतिष्ठित कम्पनियां, विभाग, नियोजकों द्वारा अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया जाएगा। अतएव जनपद ललितपुर के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों तकनीकी एवं गैर तकनीकी एवं कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते है।

## मकान में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** जगदीश मार्केट के पीछे स्थित अपने मकान से सामान निकालने गये युवक ने कुछ लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शहर क्षेत्र के सिविल लाइन निवासी शुभम जैन पुत्र देवेन्द्र कुमार जैन ने कोतवाली पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 18 जून को वह जगदीश मार्केट के पीछे स्थित अपने मकान में सामान निकाल व रख रहा था। तभी प्रवण जैन पुत्र संतोष कुमार जैन, संतोष जैन पुत्र स्व.नेमिचंद्र जैन व संतोष की पत्नी व एक अज्ञात व्यक्ति एकराय होकर आये और मकान पर अपना हक जताते हुये उसके सामान को फेंक दिया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे

**बरेली।** 30 लाख की अफीम के साथ दो तस्करों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया है। (एएनटीएफ) बरेली की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों तस्करों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन किलो अफीम बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई आरोपियों के पास से एक स्कूटी और मोबाइल भी बरामद किया है।

# आंधी- पानी से सैकड़ों खंभे गिरे

जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** बरेली में बुधवार देर रात अचानक तेज हवा के साथ बारिश होने लगी, इस बारिश से तापमान में कुछ कमी जरूर आई लेकिन मंडल के तीनो जिलों में तेज हवाओं से लगभग सैकड़ों खंभे गिर गए। जगह जगह बिजली का बड़ा संकट पैदा हो गया। पहले रिकॉर्ड तोड़ तापमान से पैदा हुई गर्मी और फिर बारिश और आंधी का संकट। मंडल में

**बदायूं और शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा नुकसान**

बिजली के चीफ और सबसे प्रमुख कर्ताधर्ता रणविजय सिंह ना तो इस संकट से निपटने की कोई योजना बना सके ना ही उसको जमीन पर उतार सके। कुल मिलाकर बिजली महकमे का पूरा का पूरा निजाम प्री मानसून में धराशाही दिखा, जबकि अभी मानसून आना बाकी है। भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने स्थानीय उपकेंद्रों से लेकर बिजली अफसरों के नंबरों तक पर शिकायतें कीं मगर कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। कुछ लोगों ने बिजली विभाग की हेल्पलाइन को खटखटाया, विभाग के मंत्री के एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर ट्वीट किए, अपना दर्द सुनाया मगर कुछ खास नहीं हुआ। विभागीय सूत्रों की मानें तो बरेली देहात के करीब 480



गांवों में 12 घंटे से अधिक के वक्त से बिजली आपूर्ति ठप है। इसी के साथ ही शहर के रामपुर रोड के सीबीगंज, किला, परसाखेड़ा, हरुनगला, शाहदाना और सुभाषनगर समेत कई बिजली घर से जुड़े इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप रही है। मौसम विभाग के मुताबिक यह प्री मानसून की बारिश है। मगर, जल्द ही मानसून आने की उम्मीद जताई है। इसके बाद ही गर्मी से तो राहत मिल सकती है मगर बिजली विभाग के पास मानसून में बिजली की व्यवस्था को लेकर क्या योजना है, इसका फिलहाल कुछ भी अता पता नहीं है।

### हाईवे पर पेड़ गिरने से रास्ता बंद

तेज हवा और बारिश के चलते बरेली-शाहजहांपुर रोड पर जगह-जगह पेड़ और उनकी टहनियां गिर गई। इससे काफी देर तक हाईवे पर वाहनों का जाम लग गया। राहगीरों ने काफी मुश्किल से पेड़ और टहनियों को हटाया। इसके बाद वाहनों का संचालन शुरू होगा। मगर, कुछ जगह पेड़ रोड पर पड़े थे। इसलिए वाहन पेड़ों को हटा हटाकर गुजारा गया।

### शहर के नौ वार्डों में रात भर नहीं आई बिजली

तेज हवा और बारिश के बाद शहर से लेकर देहात तक बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। मगर, कुछ मोहल्लों में बिजली आपूर्ति सुबह पांच बजे आ गई। मगर, शहर के नौ वार्डों में बुधवार की देर रात से गुरुवार की शाम खबर लिखे जाने तक बिजली नहीं आई। यहां के उपभोक्ता काफी परेशान हैं। कई लोगों की शिकायतों पर भी कोई नतीजा नहीं निकला।

### तापमान में गिरावट, लेकिन गर्मी कायम

बारिश के बाद अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। मगर, गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली है। बरेली में भीषण गर्मी बरकरार है। यहां के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 25 जून के बाद मानसून की आने की उम्मीद है।

### चीफ इंजीनियर के चहेते अधिकारी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा नुकसान

शाहजहांपुर में विवादित अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा मुख्य अभियंता रणविजय सिंह के खास माने जाते हैं। उनकी ही मदद से ट्रांसफर भी रोका गया था। उनकी कार्यप्रणाली खराब होने के चलते प्रबंधन ने मुख्यालय में संबद्ध कर दिया था लेकिन चीफ इंजीनियर की पैरवी से उनका ट्रांसफर रुक गया। शाहजहांपुर में आंधी और पानी का कहर होने से भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि अधीक्षण अभियंता द्वारा फरवरी माह में मेंटेनेंस कार्य में कोई रुचि नहीं ली थी जिसके चलते लचर नेटवर्क धराशाई हो गया।

# तेज हवा के साथ बारिश ने ली दो की जान



**फरीदपुर-बरेली।** जनपद के देहात में स्थित फरीदपुर तहसील में तेज हवा और बारिश से दो लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 9 लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मगर, इस हादसे के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं। मृतकों में

- 9 लोग घायल, बेटी की डोली से पहले उठी पिता की अर्थी

जयपाल अपनी बेटी की शादी की तैयारियों में लगे थे। मगर, बेटी की डोली उठने से पहले पिता की अर्थी उठ गई। पिता के दुनिया से जाने के बाद बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। बरेली में पिछले दो महीने से काफी गर्मी पड़ रही है। लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। बुधवार देर रात बारिश होने से लोगों को राहत मिली। मगर, बारिश के साथ आई तेज हवा से दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा तेज हवा और बारिश से रात भर शहर से लेकर देहात तक के कई इलाकों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हरुनगला और सुभाषनगर उपकेंद्रों की 33 केवी लाइनें ब्रेक डाउन होने से इन इलाकों में अंधेरा छा गया।

### मकान का गिरा लेंटर, एक की मौत

बरेली देहात के फरीदपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के भगवानपुर फुलवा गांव में दो घरों के लिंटर गिरने से जयपाल (45 वर्ष) की मौत हो गई। इस हादसे में दोनों परिवारों के 9 लोग घायल हो गए। मृतक जयपाल मजदूरी करते थे। उनकी बेटी की कुछ महीनों बाद शादी थी। बारिश और तेज हवा के दौरान परिवार के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। जयपाल दरवाजे की कुंडी लगाने कमरे की तरफ गए थे। इसी दौरान कमरे का लेंटर भरभराकर गिर गया। लैंडर के मलबे में दबकर उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी विपना (44 वर्ष), पुत्री लाली (22 वर्ष), काजल (9 वर्ष), प्रज्ञा (2 वर्ष) और पुत्र रूवेश (4 वर्ष) मलबे की चपेट में आने से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को लैंडर के मलबे से बाहर निकालकर इलाज को भर्ती कराया है।

### बारिश के दौरान फैला करंट

अचानक तेज बारिश के दौरान फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला ऊंचा निवासी मुहम्मद इकरार की छत पर करंट फैल गया। इससे मकान की छत पर काम करने के दौरान मोहल्ला फर्रखपुर निवासी एसी मैकेनिक रजा अली (29 वर्ष) की मौत हो गई।

### घर पर पेड़ गिरने से चार घायल

फरीदपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के भगवानपुर फुलवा गांव निवासी मृतक जयपाल के पड़ोसी नन्हे लाल कश्यप के घर का लिंटर पेड़ गिरने से ढह गया। इसके मलबे में नन्हेलाल, उनके पुत्र सूरज, ऋषिपाल और पत्नी भूरी देवी घायल हो गईं। इसके अलावा गांव के ही चंदनलाल के घर पर पड़ोस में लगा नीम का पेड़ गिर गया। इससे चंदनलाल की झोपड़ी जमींदोज हो गई।

# सुधरेगी सिलगन रेलवे अण्डर ब्रिज की सर्विस रोड

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** सिलगन रेलवे क्रॉसिंग स्थित अण्डर ब्रिज में हमेशा बरसात के मौसम में पानी भर जाने के कारण दुर्घटनाओं का जहां अंदेशा बना रहता है वहीं यहां से गुजरने वाले

- सिलगन क्रॉसिंग स्थित अंडर पास का ट्रैफिक होगा डायवर्ट
- डायवर्जन के लिए रूट व चेक पॉइंट निर्धारित करने के निर्देश

हजारों लोगों के कपड़े भी कीचड से लवरेज पानी से खराब हो जाते हैं। पिसनारी से राजघाट रोड की ओर एवं राजघाट से पिसनारी रोड की ओर दोनों तरफ से इस अण्डरब्रिज में काफी गहराई दी गई है, जिससे बरसात का पानी काफी मात्रा में यहां भर जाता है।

इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे का टेक्निकल विभाग समय रहते सक्रिय भी हो गया है। इस अंडर पास में कार्य प्रगति पर होने के कारण ट्रैफिक डायवर्सन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रेलवे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि सिलगन स्थित रेलवे अंडर पास जिसके बारिश के मौसम में पानी का भराव हो जाता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना होती है, इसके निस्तारण हेतु अंडर के ट्रैफिक को बंद कर आवश्यक कार्य कराया जाना है।

चूंकि इस अंडर पास के माध्यम से राजघाट, चंदेरी सहित निकट के जनपदों के यात्री आवागमन करते हैं, इसलिए यह अत्यंत व्यस्त मार्ग है। जब तक कार्य प्रगति पर रहेगा तब तक ट्रैफिक डायवर्सन करना आवश्यक है, जिसके लिए अमरपुर होते हुए दैलवारा मार्ग एवं महर्रा होते हुए राखपंचमपुर मार्ग का विकल्प दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रूट डायवर्सन हेतु कल तक रूट व चेक पॉइंट्स निर्धारित करें, साथ ही नगर के इलाइट चैराहा और पिसनारी चैराहा पर चेक पॉइंट्स बनाकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्ट रूट के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। बैठक में रेलवे, लोक निर्माण विभाग, पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कई दुकानें खाक, लाखों का नुकसान

**बांदा।** बबेरू कस्बे के चूड़ी बाजार में लंबे समय से चल रहे अवैध आरो प्लांट में अचानक आग लग गई। आग की लपटे इतनी भयावह थीं कि देखते ही देखते पास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक पड़ोसी व प्रशासन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाते तब तक करीब बीस लाख से अधिक का समान जल कर खाक हो गया। कस्बे के कमासिन रोड स्थित आरो प्लांट में बुधवार की देर रात करीब 10 बजे जब ब्यापारी अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए, इसी बीच अचानक आरो प्लांट में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर व्यापारियों ने पुलिस को जानकारी दी। बिना समय गवांए फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। प्रशासन ने मुख्यालय से भी कई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुला ली थीं। चूड़ी बाजार में राहुल श्रंगार केंद्र, जितेंद्र श्रंगार केंद्र, अंशी श्रंगार केंद्र, रंग महल श्रंगार केंद्र सहित कई दुकानों को आग ने आगोश में ले लिया। लेकिन समय से फायर ब्रिगेड पहुंच जाने पर कई दुकानें बच गयीं। राहुल श्रंगार केंद्र के मालिक अमृतलाल कचेर ने बताया कि, उसकी



फर्नीचर, ज्वेलरी, लहंगा चुनरी एवं कास्टमैटिक सामान सहित करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह एवं तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। विद्युत विभाग के एसडीओ एजाज रसूल का कहना है कि विद्युत की शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है वह नितांत गलत है। क्योंकि उस समय बबेरू टाउन की लाइन बंद थी। शमसुद्दीनपुर गांव में तार टूट गया था। वहां पर विद्युत कर्मचारी रिपेयरिंग का काम कर रहे थे। उप जिलाधिकारी नमन मेहता का कहना है कि आरो प्लांट से आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई है। आरो प्लांट किसका है इसकी जानकारी की जा रही है। नायब तहसीलदार मनोहर लाल सिंह की अध्यक्षता में टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने पर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर मंथन



**बांदा।** सैनिक बंधु की बैठक अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव की अध्यक्षता व कैप्टन आई एन अजय कुमार कंवर जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास अधिकारी की उपस्थिति में हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने अपनी समस्याओं से अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होने तीन शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, राजस्व व भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों से मिले प्रार्थना पत्रों पर अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर विचार करने के पश्चात संबंधित विभाग को निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। बैठक में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, एसीएमओ डॉ आर्यन प्रसाद, मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमार, सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ओपी पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक अवस्थी, नीलम चौधरी ईओ नगर पालिका, रवीन्द्र प्रसाद गुप्त, जेई बी डिप्टी डी ए, सीएल संखवार, डिप्टी लीड बैंक मैनेजर व सैनिक तथा उनके आश्रित मौजूद रहे।

## योग दिवस कार्यक्रम पुलिस लाइन व अवस्थी पार्क में होगा आयोजित

**बांदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन पुलिस लाइन में शुक्रवार को प्रातः 6 बजे से होगा। उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले भर के जनप्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक व अन्य लोग तथा अधिकारी भाग लेंगे। इसके अलावा शहर के अवस्थी पार्क में भी प्रातः 6 बजे योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बीते 15 जून से पुलिस लाइन व अन्य विभागों में योग की शुरूआत की गयी है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने योग दिवस की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए थे। उन्होने भीषण गर्मी को देखते हुए शुद्ध पेयजल तथा योग स्थलों पर सफाई के भी निर्देश दे रखें हैं। बताते चलें कि बीते कई वर्षों से केन्द्र सरकार की पहल पर योग दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

# अपर जिलाधिकारी ने पेयजल समस्या के निस्तारण के लिए किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा नगर के वार्ड नं0-3 में पेयजल समस्या के निस्तारण हेतु औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अमृत योजना के अंतर्गत जन निगम नगरीय द्वारा पाइप लाइन बिछा दी गई है।

भ्रमण के दौरान पाया गया कि कुछ गलियों में अभी भी पाइप लाइन नहीं बिछी है, कुछ स्थानों पर वाल चैम्बर खुला था, जिससे तत्काल बंद कराने के निर्देश दिये गए। मौके पर पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त सड़क पर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया था, जिस हेतु बड़ी सड़कों को 20 दिन एवं छोटी



सड़कों के लिए 7 दिन में मरम्मत कराने के निर्देश दिये गए। निर्देश दिये गए कि सम्बंधित अधिकारी समय-समय पर भ्रमण कर समस्याओं का समाधान कराकर अवगत करायें।

मौके पर अम्बेडकर पार्क का भी निरीक्षण किया गया, जहां स्थानीय लोगों के द्वारा सौन्दर्यीकरण की मांग उठायी गई, जिस पर ईओ को प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देश दिये गए कि वार्ड में नियमित रुप से सफाई करायी जाये। इस दौरान प्रभारी ईओ, जल संस्थान के अधिकारी मौजूद रहे।

# नित्य दिनचर्या में शामिल करें योगः पूनम



**ललितपुर।** दशम अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक कार्यक्रम की श्रृंखला में गुरूवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलन कर किया गया, जिसमें छात्राओं को विभिन्न तरीके के

**जीजीआईसी में छात्राओं को दिया गया योग का प्रशिक्षण**

योगाभ्यास कराये गये। योग प्रशिक्षक रामूकान्त वर्मा ने बताया कि करे योग रहे निरोग तथा योग को अपनी जीवन शैली में डाले सभी रोगों से लड़ने के लिये शरीर स्वास्थ्य होना आवश्यक है। प्रधानाचार्या पूनम मलिक ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुये कहा कि वह सुबह ब्रह्म महूर्त में उठे और दैनिक नित्यकर्म करने के पश्चात सूर्य नमस्कार तथा योग करें, जिससे आपका तन एवं मन तंदरूस्त रहेगा। शरीर का ध्यान दे गर्मी के मौसम में तरल पदार्थ का सेवन करें और शरीर को स्वस्थ्य रखें। इस मौके पर योग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें छात्राओ ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिया, दूसरे स्थान पर कीर्ति, तीसरे स्थान पर रक्षा रहीं। इस मौके पर योग प्रशिक्षक रामूकान्त, राजेन्द्र श्रीवास्तव, फूलचन्द्र रजक, अमित भारद्वाज, राधा, हेमलता, शशि दुबे, शहनवाज, आशीष तिवारी, सुनैना पंथ, खुशबू राजा आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दिलायी गयी योग की शपथ

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आज होने वाले अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह के अन्तर्गत नेहरू महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से योग करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि भारत में जन्मी योग विद्या की आज सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि योग करने से मन पवित्र रहता है, बुद्धि निर्मल होती है व शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान होता है। सारी दुनिया में आज विश्व योग दिवस मनाने हेतु तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू महाविद्यालय में वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को योग कराया जायेगा। इतिहास विभाग के प्रोफेसर पंकज शर्मा ने कहा कि योग के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है जहाँ एक ओर योग समाज व देश को जोड़ता है, साथ ही शरीर को निरोग बनाकर राष्ट्रसेवा के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। इस मौके पर डा.रौशन कुमार सिंह, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.जगवीर सिंह, फहीम बख्श, अंकित चैबे, ध्रुव किलेदार सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपकारागार का किया निरीक्षण



**महोबा।** जिला जज जेपी यादव एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से उपकारागार महोबा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक उपकारागार शिवमूरत सिंह को आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान बैरक भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गयी। मेस में बन रहे भोजन के संबंध में जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए इसके संचालन के संबंध में जेल अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। सीसीटीवी के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा पुरुष एवं महिला बैरक व अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया? जिसके क्रम में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर और बेरकों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये और नियमानुसार बंदियों को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी जायें।

## लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली करें : डीएम



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में करकरेत्तर व राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने करकरेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर एवं एआरटीओ व खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका व नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकानों का अग्रीमेंट कराकर ही किराये पर दें तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें। जिलाधिकारी नें विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 07 बाल श्रमिक और दुकानदारों व ढाबा संचालकों को दिये नोटिस

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के अन्तर्गत खतरनाक, गैर खतरनाक व्यवसाय, प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिक पाये जाने पर कस्बा बांसी व बार के दुकानदारों व ढाबा संचालकों में कार्य करते पाये गये 07 किशोर श्रमिक चिन्हित किये गये। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में बाल श्रम के विरूद्ध अभियान चलाया गया। सहायक श्रम आयुक्त संजय सिंह द्वारा जानकारी दी गयी कि जहां बाल श्रम कराया जा रहा है, वहां प्रत्येक माह बाल श्रम रोकने के उद्देश्य से निरीक्षण किया जायेगा। जिसमें न्यून्तम मजदूरी अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 74 विशेष कार्यों हेतु जारी मजदूरी दर से दिये जाने का प्रावधान है, जबकि प्रकाश में आया है कि सेवायोजकों,



दुकानदारों द्वारा न्यून्तम मजदूरी श्रमिकों को नहीं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि निर्धारित वेतन से कम भुगतान किये जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी और 10 गुना वसूली की कार्यवाही की जायेगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी0पी0 अग्रहरि द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराये जाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं बाल कानून का उल्लंघन करने पर सम्बन्धित सेवायोजकों/दुकानदारों के विरूद्ध नोटिस भेजने के उपरान्त प्राभियोजन दायर करने की कार्यवाही की जायेगी। यह कार्य निरन्तर किया जायेगा और शासन के आदेशानुसार प्रत्येक माह कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के समय पुलिस विभाग से ए0एच0टी0यू0 थाना प्रभारीयोगेन्द्र सिंह द्वारा बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, वैश्यावृत्ति की कानूनी जानकारी दी और ढाबा संचालकों सेवायोजको, दुकानदारों को जागरूक किया उनके सहयोगी महिला का0 कल्पना वाजपेयी व सीता देवी, जिला प्रोबेशन कार्यालय से जयराम व रूपेश शर्मा, चाईल्ड लाइन से रचना सहगल, सोसायटी फार प्रगति भारत संस्था व जनसाहस संस्था के सदस्य एवं श्रम विभाग से रामप्रताप सिंह व कुल्दीप गुप्ता मौजूद रहे।

# मानवता के लिए योग

मानवता के कल्याण, विश्व शांति और भातृत्व के लिए विकास के लिए अब तक इस धरती पर ज्ञात सभी चीजों में योग सबसे वैज्ञानिक तौर-तरीका है। कई बार हमारे आग्रह-दुराग्रह मनोमस्तिष्क पर इतनी प्रबलता के साथ हॉवी हो जाते हैं कि हम सब कुछ जानते, समझते हुए भी सच को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। यह बात योग के साथ भी है। योग हमारे स्वास्थ्य के लिए, जीवन में आनन्द के लिए और बीमारियों को कम करने के लिए वेलनेस केयर के तौर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग हमे स्वस्थ भी रखता है, सानन्द भी रखता है और हमारे मनोमस्तिष्क को शांति प्रदान करता है। इसे हर कोई जानता है, लेकिन फिर भी कोई न कोई सिरफिरा, शातिर और धर्मांध हर साल सामने आ जाता है और योग को एक खास धर्म से जोड़ कर दूसरे धर्म के लोगों को इससे बचने की बात करने लगता है। अगर हम इस संकीर्णता से ऊपर उठकर योग को उसके सही परिप्रेक्ष्य में देखें तो योग ही है जो दुनिया को शांति, सौहार्द, आनन्द और लंबे जीवन के मार्ग पर आगे ले जाने में सक्षम है। आर्थिक प्रगति परस्पर प्रतिस्पर्धा, युद्ध और अतिशय भोग-विलास को जन्म देती है। प्रगति ने ही पर्यावरण को इस हद तक गड़बड़ कर दिया है कि अब वैज्ञानिक भविष्यवाणी करने लगे हैं कि अगले कुछ दशकों में हमे आर्कटिका में बर्फ के दर्शन नहीं होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के भयानक परिणाम के रूप में ध्रुवीय क्षेत्र के बर्फ पिघलकर समुद्र में मिल जायेंगे और समुद्र का बढ़ा हुआ जल स्तर एक अरब से अधिक लोगों को विस्थापित कर देगा और कई देश समुद्र में विलीन हो जायेंगे। इन सब परिस्थितियों से बचने के लिए, प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय राज्यों की बढ़ती महत्वाकांक्षा जनित तनाव, युद्ध और बम-बारूद पर बैठी दुनिया को 'हीलिंग टच' देने का सबसे प्रबल उपाय योग है। शायद इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का केन्द्रीय विचार रखा है 'स्वयं और समाज के लिए योग।' निश्चय ही योग से मानवता का कल्याण हो सकता है। संपूर्ण मानवता आज जिस प्रतिस्पर्धा जनित तनाव, युद्ध और विध्वंस की आशंका और पीड़ा के बीच जीने को अभिशप्त है, उसके जीवन में गुणात्मक सुधार योग के जरिए आ सकता है। इसलिए किसी को भी योग को धर्म के संकीर्ण नजरिए से देखने के बजाय इसे मानवता के कल्याण के नजरिए से देखना चाहिए। योग संपूर्ण स्वास्थ्य का विज्ञान है। योग से तन-मन प्रफुल्लित रहता है। हमाने मनोमस्तिष्क को शांति और आनन्द का अहसास होता है। तमाम बीमारियां योग करने से दूर ही रहती हैं और हमे एक लंबा और स्वस्थ जीवन योग के वरदान के रूप में मिलता है। इसलिए इतने कल्याणकारी योग को अगर धर्मांधता की संकीर्णता से देखा जायेगा तो प्रकृति के इस बड़े उपहार से करोड़ों लोग वंचित रहेंगे। जहां तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बात है, तो संयुक्त राष्ट्र संघ में 177 देशों ने योग को स्वीकार करते हुए इसे अपनाने और वैश्विक स्तर पर प्रसार की बात को स्वीकार करते हुए ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की स्वीकृति दी है। आज योग सिर्फ भारत का नहीं बल्कि पूरी दुनिया की धरोहर है। जहां तक भारत की बात है तो दुनिया ने यह जिम्मेदारी दी है कि योग को पूरी दुनिया में पहुंचाये। इसलिए भारत को अच्छे योग प्रशिक्षक तैयार कर पूरी दुनिया में भेजना चाहिए और देश में तो हरेक गांव में योग और व्यायाम शाला खोलनी चाहिए।



**योग सर्वाधिक कल्याणकारी विज्ञान है और इसलिए इसे दुनिया के हरेक व्यक्ति तक पहुंचाकर योग के लाभों से सबको आच्छादित कराना भारत का कर्तव्य बनता है।**

## विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।

–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।

–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने काप्रयास मत करो।

–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है, वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।

–कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।

–मुनि गणेशवर्णी.

# प्रकृति व मनुष्य के बीच सामंजस्य ही योग



अरविन्द जयतिलक

**योग को लेकर दुनिया का आकर्षण बढ़ा है। योग के सामर्थ्य और उपयोगिता को पहचाना गया है। निःसंदेह यह योग की वैज्ञानिक महत्ता का प्रतिफल है। 21 जून 2015 को पहली बार योग दिवस मनाया गया। 27 सितंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया को योग की महत्ता को समझाया। 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।**

आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। दुनिया के सभी देश योग दिवस को पूरी तन्मयता से मना रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक आज तकरीबन 25 करोड़ लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से प्रत्यक्ष-परोक्ष रुप से जुड़ेंगे। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए कि योग के विज्ञान की उत्पत्ति भारत में हुई है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि योग भारत की देन है। भारतीय ग्रंथों में योग परंपरा का विस्तृत उल्लेख है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी कहा गया है। भगवान शिव के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। योग शब्द की उत्पत्ति जन्म संस्कृत शब्द युज से हुआ है। इसका अर्थ है स्वयं के साथ मिलन। महर्षि पतंजलि को योग का प्रणेता कहा जाता है। उन्होंने अपने योगसूत्रों के माध्यम से उस समय विद्यमान योग की प्रथाओं, इसके आशय एवं इससे संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित एवं कुटबद्ध किया। पतंजलि के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।

सांख्य दर्शन के अनुसार पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरुप में अवस्थित होना ही योग है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिल नही योग है। भगवद्गीता के अनुसार दुख-सुख, लाभ-अलाभ, शत्रु-मित्र और शीत-उष्ण इत्यादि द्वंदों में समभाव रखना ही योग है। कर्तव्य कर्म बंधक न हो इसलिए निष्काम भावना से उत्प्रेरित होकर कर्तव्य करने का कौशल योग है। आचार्य हरिभद्र के अनुसार मोक्ष से जोड़ने वाले सभी व्यवहार योग हैं। आधुनिक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का कहना है कि योग सिर्फ व्यायाम या आसन नहीं है। यह भावनात्मक एकीकरण और रहस्यवादी तत्व का स्पर्श लिए हुए एक आध्यात्मिक ऊंचाई है। प्रसिद्ध संवाद योग याज्ञवल्क्य में जो कि बृहदारण्यक उपनिषद में वर्णित है, में याज्ञवल्क्य और शिष्या ब्रह्मवादी गार्गी के बीच कई सांस लेने संबंधी व्यायाम, शरीर की सफाई के लिए आसन और ध्यान का उल्लेख है। गार्गी द्वारा छांदोग्य उपनिषद् में भी योगासन के बारे में कहा गया है। अथर्ववेद में उल्लिखित संन्यासियों के एक समूह वार्ता द्वारा शारीरिक आसन जो कि योगासन के रुप में विकसित हो सकता है पर बल दिय गया है। यहां तक कि संहिताओं में भी उल्लिखित है कि प्राचीन काल में मुनियों, महात्माओं और विभिन्न साधु और संतों द्वारा कठोर शरीरिक आचरण, ध्यान और तपस्या का अभ्यास किया जाता है। महाभारत के शांतिपर्व में भी योग का विस्तृत उलेख है। भारत में उपलब्ध उपषिदों और योग वशिष्ठ में भी योग के बारे में जानकारी मिलती है। योगऋषि पतंजलि के उपरांत अन्य-अनेक भारतीय ऋषियों एवं योगाचार्यों ने योग की परंपरा को आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के धर्म संसद सम्मेलन में अपने ऐतिहासिक भाषण के जरिए संपूर्ण विश्व को योग की महत्ता से सुपरिचित कराया। महर्षि महेश योगी, परमहंस योगानंद और रमण महर्षि जैसे अनेक पुरोधाओं ने भी योग से पश्चिमी दुनिया को प्रभावित किया।

**इस वर्ष की थीम है 'स्वयं और समाज के लिए योग'**

यह योग की बड़ी उपलब्धि है कि उसके शास्त्रीय स्वरुप, दार्शनिक आधार और सम्यक स्वरुप को किसी अन्य धर्म ने नकारा नहीं है। यहां तक कि संसार को मिथ्या मानने वाले अद्वैतावादी भी योग का समर्थन किए हैं। अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी योग का अनुमोदन करते हैं। बौद्ध ही नहीं मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ योग का सामंजस्य किए हैं। सच तो यह है कि योग का किसी धर्म विशेष से संबंध नहीं है। यह धर्म, आस्था और अंधविश्वास से परे एक सीधा-सा प्रायोगिक विज्ञान है जो जीने की कला सीखाता है। इसे एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति के रुप में भी देखा जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने एक स्थान पर कहा है कि योगः कर्मसु कौशलम् अर्थात योग से कर्मों में कुशलता आती है। गीता में कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग की विशद् मीमांसा की गयी है। बौद्ध धर्म में कहा गया है कि कुशल चितैकग्गता योगः अर्थात कुशल चित् की एकाग्रता ही योग है। दूसरी शताब्दी के जैन पाठ तत्वार्थसूत्र के अनुसार योग मन, वाणी और शरीर सभी गतिविधियों का कुलयोग है। भारतीय दर्शन में, षड् दर्शनों में से एक का नाम योग है। भारत में योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने का काम होता है। प्राचीन काल में योग की इतनी अधिक महत्ता थी कि 11 वीं शताब्दी में भारतीय योगपाठ अमृतकुंड का अरबी व फारसी भाषाओं में अनुवाद किया गया। आज दुनिया के सभी देशों में योग की स्वीकार्यता बढ़ी है। चीन, सिंगापुर से लेकर अमेरिका तक में लाखों की संख्या में लोग योगासन कर रहे हैं। चीन में हाल के वर्षो में योग बड़े पैमाने पर लोकप्रिय हुआ है। चिकित्सकों की मानें तो योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर हो रहा है बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति भी पहुंच रही है। योग के जरिए दिमाग और शरीर की एकता का समन्वय होता है। योग संयम से विचार व व्यवहार अनुशासित होता है। योग की सुंदरताओं में से एक खूबी यह भी है कि बूढ़े युवा, स्वस्थ या कमजोर सभी के लिए योग का शारीरिक अभ्यास लाभप्रद है। योगाभ्यास से रोगों से लड़ने की शक्ति में वृद्धि होती है। त्वचा पर चमक बनी रहती है और शरीर स्वस्थ, निरोग व बलवान रहता है तथा अंतश में शांति का उद्भव होता है। भारतीय योग और दर्शन में योग का अत्यधिक महत्व है। सच कहें तो आध्यामिक उन्नति या शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता एवं महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत से स्वीकार किया है। चूंकि योग एक वैज्ञानिक व प्रमाणिक पद्धति है इसलिए न तो अत्यधिक साधनों की जरुरत पड़ती है और न ही अत्यधिक धन खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा आधुनिक युग में योग की बढ़ती स्वीकार्यता का एक कारण यह भी है कि लोगों के जीवन में व्यस्तता एवं व्यग्रता का विस्तार हुआ है। अंग्रेजी दवाओं के इस्तेमाल से शरीर में कई किस्म की बीमारियां फैल रही है। जबकि दूसरी ओर योगाभ्यास से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नगण्य है। भारत के लिए गर्व की बात है कि योग को संयुक्त राष्ट्र संघ के शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने भी अपनी प्रतिष्ठित अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों के दायरे में मौखिक परंपराओं और अभिव्यक्तियों, प्रदर्शन कलाओं, सामाजिक रीतियों-रिवाजों और ज्ञान इत्यादि को रखा जाता है। चूंकि अभी तक योग को खेल की विधा माना जाता था, इसलिए इसे अब तक इस सूची में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। लेकिन जब भारत सरकार द्वारा योग को दुनिया भर में स्थापित करने का प्रयास तेज हुआ और संयुक्त राष्ट्र को योग की सार्वभौमिक महत्ता से जुड़े प्रमाणिक दस्तावेज भेजा गया तो इथियोपिया के अदिस अबाबा में हुई संयुक्त राष्ट्र की इंटरगवर्नमेंटल समिति ने भारत के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। उल्लेखनीय है कि योग से पहले भारत की 12 धरोहरें यूनेस्को की सूची में शामिल हो चुकी हैं-जैसे छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध भिक्षुओं का मंत्रोच्चारण, संकीर्तन-मणिपुर में गाने-नाचने की परंपरा, पंजाब में ठठेरों द्वारा तांब व पीतल के बर्तन बनाने का तरीका और रामलीला इत्यादि।



## सोशल मीडिया

और अब गड़बड़ी की खबर के बाद यूजीसी नेट परीक्षा भी रद कर दी गयी है, भाजपा के राज में पेपर माफिया एक के बाद एक हर एग्जाम में धांधली कर रहा है। अखिलेश यादव



आ. पीएम के नेतृत्व में हमारा संकल्प ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति तेज करना है, संकल्प को पूरा करने के लिए एमपी में 150 करोड़ की लागत से सड़क मंजूर की गयी। शिवराज चौहान.



फेमिली आईडी के द्वारा प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को चिन्हित कर रोजगार के समुचित अवसर उन्हें उपलब्ध कराये जा सकेंगे सीएम, योगी.



# नीट और नेट परीक्षा पर छात्रों को भड़कायें नहीं




सामयिक

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

नीट पर सुप्रीम कोर्ट ने आश्वस्त किया है कि .001 प्रतिशत की भी गड़बड़ी होने पर छात्रों के साथ न्याय किया जाएगा और उसे नीट की ही त्रुटि मानी जाएगी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान काभी मानना है कि उनके लिए छात्र हित ही सर्वोपरि है। सरकार पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध है। हर हाल में न्याय छात्रों के साथ होगा। नेट की परीक्षा कैंसिल कर और सीबीआई जांच कराने का आदेश भी सरकार द्वारा दे दिया जाना अब दूध का दूध और पानी का पानी होनेकी दिशा में बड़ा कदम है। एतदर्थ उच्चतम न्यायालय द्वारा 8 जुलाई की तिथि और 8 जुलाई के पूर्व नीट द्वारा भी आंतरिक जांच तथा समाधान का रास्ता खोजा जा रहा है, उसका भी कुछ न कुछ हल अवश्य निकलेगा। ऐसे में जब निर्णय पूर्ण पारदर्शी तथा छात्र हित में ही होना निश्चित है तो जो भी लोग छात्र आंदोलन को बढ़ावा दे रहे हैं, वह निश्चित रूप से छात्रों का अहित ही कर रहे हैं, क्योंकि अगर परीक्षा पुनः हुई तो फिर आंदोलनकारी छात्रोंकी तैयारी नहीं हो पाएगी और उनके हाथ में केवल आंदोलन ही शेष बचेगा। हो सकता है कि सरकारी संपत्ति या आंदोलन गलत दिशा में ले जाने पर वे दंड के भी पात्र बनें। छात्रों को चाहिए वे अपने को तैयार रखें। यदि पुनः परीक्षा होती है तो उसके लिए तैयार रहें और यदि परीक्षा नहीं होती या आंशिक होती है, वह भी नीट में बाकी नेट की तो पुनः परीक्षा होना सुनिश्चित है वे फिर उसकी भी तैयारी करें, तभी वे अगली परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे। दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पक्ष इस परीक्षा का यह है जैसा कि नीट की हाई पावर कमेटी ने कहा कि मात्र कुछ 1500- 2000 बच्चों की बात है और एक दो केंद्र की बात है, तो बात परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता की होती है। यहां मैं सुप्रीम कोर्ट के उस बात से सहमत हूं कि प्रतिशत एक हो या दशमलव शून्य शून्य एक हो, को भी गलत माना जाएगा। अगर शुचिता प्रभावित हुई है तो परीक्षा निरस्त होनी ही चाहिए। सरकार द्वारा भी शीघ्र इस पर निर्णय लेना चाहिए और नीट द्वारा तत्काल गठित हाई पावर कमेटी को अब इस पर शीघ्र विचार कर लेना चाहिए कि क्या सर्वाधिक उपयुक्त है। जितना समय लगेगा, संशय बढ़ता ही जायेगा।

ध्यातव्य है कि नीट दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा ह। इससे बड़ी परीक्षा केवल चीन में होती है और इतनी बड़ी परीक्षा में अगर किसी एक दो केंद्र पर या 10 -20 लोगों के विरुद्ध किसी प्रकार के अराजक कार्यवाही की जानकारी मिलती है तो प्रश्न यह है कि और जो छात्र कड़ी मेहनत और अपने साल भर के परिश्रम के बाद सफलता प्राप्त किए हैं उनके भविष्य का क्या होगा। उन्हें क्यों दण्ड मिले, को भी ध्यान में रखना होगा। तैयारी करने वाला छात्र परीक्षा तिथि तक अपना दम-खम लगा देता है और उसके बाद वह थोड़ा शिथिल पड़ जाता है। ऐसे में जो अपनी मेधा और परिश्रम के बल पर सफल हुए हैं। अगर दोबारा परीक्षा होती है तो उनके साथ भी अन्याय होगा। सरकार द्वारा नेट की पुनः परीक्षा कराए जाने व नीट पर तत्काल निर्णय आने वाला है। ऐसे में समाज का एक वर्ग जो छात्रों को बरगला रहा है कि परीक्षा फल 14 जून को आना था। 4 जून को परीक्षा फल आ गया ताकि इलेक्शन में लोग भूल जाएं या ऐसा कुछ किसी भी संस्था का उद्देश्य नहीं होता। 24 लाख लोगों का परीक्षा फल कोई चोरी से आने वाला परीक्षाफल नहीं होता है। वह सार्वजनिक होता ही है। दूसरी सबसे बड़ी बात कि जन आंदोलन का रूप यह नीट का आंदोलन लेता जा रहा है जिसमें बहुत बड़े संस्थान कुछ राजनीतिक दलों के नेता और कुछ ऐसे भी व्यक्ति शामिल हो गए हैं जो चाहे अनचाहे हमेशा समाज में आंदोलन ही करते और करवाते रहते हैं। इस तरह के आंदोलन में उन छात्रों का तैयारी का वह दिन बर्बाद हो रहा है, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। अगर परीक्षा हुई तो परीक्षा होने पर उन्हें कम समय मिलेगा और उनकी तैयारी नहीं हो पाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने सारी याचिकाओं को मंगा लिया है और उस पर विचार करने की बात कही ह। इसलिए हमको 8 जुलाई तक इंतजार करना चाहिए लेकिन छात्रों के हित में है कि वह अपना समय बर्बाद न करें। 8 जुलाई तक अपनी फिर से पक्की तैयारी करने का प्रयास कर लें। हमेशा युवाओं के पक्ष में खुलकर समर्थन करने वाली सरकार व उनके शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान जिन्हें भारत के युवाओं की आवाज माना जाता है, उनके वादे पर तो भरोसा किया जाना चाहिए। वे कोई सकारात्मक निर्णय अवश्य लेंगे। ज्ञान और श्रम कभी बेकार नहीं होता है, वह कभी पराजित नहीं होता है।

# तन से मन की मित्रता...

अंतर्दृष्टि

सम्मोहन ध्यान में जब हम किसी विशेष समस्या पर सचेत होकर काम करते हैं, तब अपने ही शरीर से संवाद करते हैं। कोई अदृश्य शक्ति हमसे पूछती है- 'मैं तुम्हारी क्या सहायता कर सकती हूं?' ऐसे तमाम सवालों और उनके जवाब हम सम्मोहन ध्यान में पाते हैं। कभी-कभी हमारे सवालों के जवाब बाद में मिलते हैं। दरअसल इस ध्यान मार्ग का उद्देश्य लोगों को विश्रांति में ले जाना है। उनकी भीतरी प्रक्रिया से उनमें विश्वास जगाना है। कुछ लोग इस ध्यान के चलते भीतरी आवाज सुनने की अपेक्षा करते हैं, जिससे उन्हें यह पता लगे कि उन्हें वास्तव में करना क्या है? कुछ लोगों के लिए यह बहुत सूक्ष्म और अद्भुत प्रक्रिया होती है। उन्हें कोई संदेश मिलने की जानकारी न भी हो, फिर भी उनके व्यवहार में कुछ परिवर्तन आने लगता है। ऐसे लोग किसी दिन सिगरेट पीते-पीते अचानक महसूस करते हैं कि उन्हें इससे घृणा हो रही है। कुछ दिनों या हफ्तों तक धूम्रपान करते रहने के बाद उन्हें अचानक यह अहसास होता है कि बहुत हो गया है। बस अब आगे नहीं और वे एक झटके में धूम्रपान छोड़ देते हैं। यह तन और मन की मित्रता हैः इस सम्मोहन ध्यान में लोग स्वयं से वास्तव में मैत्री करने लगते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह तन और मन की मित्रता है। यह मित्रता जब एक बार शुरू होती है तो ताउम्र बनी रहती है। एक भीतरी प्रवृत्ति पैदा होती है, जो हमेशा हमेशा के लिए जिंदगी बदल देती है।

यह मित्रता इस गूढ़ विद्या की कुंजी है। इस कुंजी को पाने के बाद ही समझ में आता है कि यह तो जिंदगी का सबसे बड़ा उपहार है। इस सम्मोहन ध्यान में शरीर की प्रक्रियाओं को देखते रहने और उनका साक्षी बनना होता है। इससे हम जागरूकता के भाव जगत में प्रवेश करते हैं। यह जागरूकता जब हमारी दैनिक जीवन का हिस्सा बनती है तो हम बदल जाते हैं। सबसे अलग और खास हो जाते हैं। ऐसे रची जाती हैं कहानियां: मैं तो बहुत आलसी था। मगर कायाकल्प हो गया। मुझे नहीं पता मुझमें क्या घटा लेकिन इस सम्मोहन ध्यान के बाद मैं पूरी तरह से बदल गया। ऐसी हजारों कहानियां आपको सुनने और पढ़ने को मिल जायेंगी जो इस महाध्यान से कभी गुजरे हैं। लोगों को ऐसा भी एहसास हुआ है कि अब वह चाहकर भी वह सब नहीं कर पाते, जो ऊब पैदा करे, जो मृत भाव में जीने को बाध्य करे। लोग बताते हैं इस ध्यान की महिमा निराली है। हम चलते हुए हवा में उड़ते महसूस होते हैं। लोग बताते हैं सम्मोहन ध्यान के बाद बाहर के व्यवधान परेशान ही नहीं कर पाते। शरीर उनकी सुनता ही नहीं। शरीर की मन से ट्यूनिंग हो जाती है।

# आओ कमेटी बनायें...

व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। कमेटियों के गठन के पीछे पहले अनुभव का लाभ लेना मुख्य था, लेकिन वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी कोई ज्यादा उल्लेखनीय तो नहीं है। लेकिन भाई, है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई एक संगोष्ठी का आयोजन है, जिस पर कि समिति का गठन करके काम चलाया जा रहा है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना।



पूरन सरमा

## आप की बात

### विकास और रोजगार के मौके

देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए।

**वीरेंद्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था। आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह ठीक नहीं है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी अमेठी के निर्देशन में अमेठी के पर्यवेक्षण मे गुरुवार को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 राजेश कुमार तिवारी कुमार थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा जमुवारी तिराहा पर चेकिंग करते समय एक काले रंग की सुपर स्पलेण्डर बाइक पर सवार व्यक्ति को रोका गया व कागजात दिखाने को कहा गया, कागजात न दिखा पाने पर पूछताछ की गई तो उस व्यक्ति ने बताया कि उसने यह बाइक सुलतानपुर कचहरी के पास से चोरी की है। मौके पर ही अभियुक्त राज कौशल पुत्र जगदीश कौशल निवासी ग्राम पलिया पूरब थाना मुसाफिरखाना उम्र करीब 18 वर्ष को समय करीब 09:50 बजे रात में गिरफ्तार किया गया व बरामदगी के आधार पर थाना मुसाफिरखाना पर मुअसं 140/24 धारा 41,411 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

## अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली सीज

**तिलोई, अमेठी।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत ठोकरपुर के गांव बेनीपुर में अवैध रूप से मिट्टी खनन किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है और विभागीय कार्यवाही के लिये खनन विभाग को अवगत कराया है। थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और रात के अंधेरे में जेसीबी मशीनों से खुदाई कर ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी की ढुलाई की जाती है। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर खनन स्थल बेनीपुर मजरे ठोकरपुर पहुंचे थाने के उपनिरीक्षक देवी दयाल मौर्य को एक ट्रैक्टर ट्राली मौके पर खनन करते हुये मिली जिसे सीज करते हुये कार्यवाही के लिये खनन विभाग को रिपोर्ट भेजी है। इस सम्बंध मे थानाध्यक्ष निरीक्षक सच्चिदानंद राय ने बताया कि ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है और वाहन स्वामी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गयी है।

## करंट से युवक की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के सिंदूरपुर मजरे डीह में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिंदुरापुर मजरे डीह निवासी वीर बहादुर उर्फ विजय बहादुर यादव उम्र लगभग (43 वर्ष) पुत्र राम सुख यादव घर से थोडी दूर सिक्स लेन के पास में पशुपालन का काम करता था। वहीं पशुओं की देखरेख के लिए रात में रहता था। वीर बहादुर गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे पशुओं के चारा आदि करने के पश्चात नलकूप पर नहाकर गीला कपड़ा सुखाने के लिए तार पर डालने लगा। मगर पशुओं के लिए लगायें गये पंखे की तार कटने की वजह से पूरे टीन शेड में करंट आ गया था, जिससे करंट की चपेट में आ गया। मौके पर करंट लगने से उसकी मौत हो गई। जब मृतक के पिता घर से वहां पहुंचे तब घटना की जानकारी हो पाई। अगर वहां उस समय कोई दूसरा मौजूद होता तो शायद हादसा टल सकता था। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी अनीता (40 वर्ष) पुत्री शालिनी (18 वर्ष), पुत्र अनुभव (15 वर्ष) है पुत्र पुत्री की अभी शादी नहीं हुई है। परिवारिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर बल्दीराय पुलिस ने पहुंचकर विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामविशाल सुमन ने बताया कि शव का पंचनामा करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।

# एनटीपीसी ऊंचाहार का नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन



**ऊँचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत जीवन ज्योति अस्पताल के सौजन्य से उमरन गांव में विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय के बीच नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में उमरन और आसपास के गांवों के लगभग 200 ग्रामीणों ने नेत्र जांच करवाई। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम ने ग्रामीणों की नेत्र जांच की। जांच के दौरान दृष्टि परीक्षण, मोतियाबिंद की पहचान, ग्लूकोमा की जांच और अन्य सामान्य नेत्र रोगों की जांच की गई। शिविर में आने वाले सभी ग्रामीणों को मुफ्त में नेत्र जांच के साथ-साथ आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। साथ ही चश्में भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि हमारे नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे आसपास के समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। नेत्र जांच शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीणों को नेत्र संबंधी समस्याओं का समय पर पता चल सके और उनका उचित इलाज हो सके। एनटीपीसी ऊंचाहार अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस शिविर का सफल आयोजन उसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने कहा कि नेत्र जांच शिविर से हमारा प्रयास है कि हम आसपास के गांवों के लोगों तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। सभी ग्रामीणों से ये ही अपील है कि इस शिविर का अधिक-से-अधिक लाभ लें और नेत्र रोगों की जांच करवाएं। ग्रामीणों ने एनटीपीसी ऊंचाहार की इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। मुखरा गांव की निवासी, श्रीमती रामरति ने कहा मेरी आंखों में कई दिनों से समस्या थी, सिलाई-कढ़ाई करने में बहुत समस्या होती थी। जिसका समाधान आज यहां शिविर में आकर मिल गया। डॉक्टर से दवा लेकर अब हमें निश्चित तौर पर राहत मिलेगी। एनटीपीसी ऊंचाहार के इस नेत्र जांच शिविर ने ग्रामीणों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने ऐसे और भी स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की योजना बनाई है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसी कड़ी में 22 जून को पुरवारा व 24 जून को अरखा पंचायत भवन में भी नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाना है।

## अपराधी बेखौफ, फायरिंग में एक घायल

- लीपापोती में जुटी पुलिस

**अमेठी।** थाना क्षेत्र में बुधवार को बेखौफ अपराधियों का कहर देखने को मिला है जहां धंमौर रोड पर जहां चार पहिया सवार 4 दबंगों द्वारा ट्रक चालक की सरेराह पिटाई, तोड़फोड़ व 15 हजार नगदी छीनकर आरोपी फरार हो गए तो वही थाना क्षेत्र के रामनगर व महमदपुर में बेखौफ दबंगों द्वारा विवाद को लेकर जानलेवा फायरिंग कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दी गई। जिससे थाना क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। अमेठी पुलिस अपराधियों को पकड़कर कार्यवाही के बजाय घटनाओं की लीपापोती में जुटी हैं। अमेठी थाना के रामनगर गांव में बुधवार की शाम युवक नूर आलम गांव में स्थित मस्जिद के बगल बैठा था। तभी गांव का ही रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अपराधी दीपक गुप्ता अपने भाइयों और दोस्तो के साथ मौके पर पहुंचा और गाली देते हुए फायर कर दिया फायरिंग में कारतूस के छर्रे उसके हाथों मे लगे जिसके बाद वह इलाज के लिए अमेठी सीएचसी पहुंचा और अपना इलाज करवाया। युवक ने अमेठी थाने में घटना की तहरीर देते हुए बताया कि आज शाम वो गांव में स्थित मस्जिद के पास बैठा हुआ था, तभी हिस्ट्रीशीटर अपराधी दीपक यादव अपने भाइयों संदीप, रंजीत, रिकू और दोस्तों के साथ पहुंचा और गाली देने के बाद फायर कर दिया, जिससे कारतूस के छर्रे उसके हाथ मे लगे। ये सभी दबंग हैं और आये दिन लोगों को मारते पीटते रहते हैं। वही पुलिस अपराधियों पर कार्यवाही के बजाय पूरे मामले को संदिग्ध बताकर जांच करने में जुटी है।

अमेठी थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे युवक अजीत प्रताप सिंह अपनी दुकान पर बैठा था। युवक का आरोप है कि तभी सिलोखर नरैनी निवासी टिंकू सिंह सुत वीरेन्द्र सिंह, मनीष सिंह सुत वंश बहादुर सिंह, अंकित सिंह सुत विनोद सिंह व प्रतापगढ़ जनपद निवासी विशाल सिंह सुत राजेन्द्र सिंह, अभिजीत सिंह सुत अरुण कुमार तथा महमदपुर गांव निवासी गोविंदा सुत संतलाल दुकान पर आए और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने से मना करने पर युवक का आरोप है कि अंकित सिंह व टिंकू सिंह उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे। युवक ने घर के अंदर भागकर जान बचाई। घर मे घुसकर उक्त लोगों ने परिजनों के साथ मारपीट करने के बाद घर के बाहर खड़ी पिकअप के शीशे को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गुहार मचाने पर ग्रामीणों को इकट्ठा होता देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गये। वही घटना के बाद खाली खोखो को लेकर पीड़ित अमेठी थाने पहुंचा और घटना की तहरीर देते हुए बताया कि उक्त लोग अपराधिक किस्म के व्यक्ति है। घटना से उनका परिवार काफी डरा सहमा हुआ है। वही अमेठी प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने कहा कि देर रात घटना की तहरीर प्राप्त हुई जाँच की जा रही है।

# पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान की हुई समीक्षा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व सीडीओ अंकुर कौशिक की उपस्थिति में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए डी.के. सिंह, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सुलतानपुर द्वारा समस्त विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सा.वा. वन प्रभाग द्वारा कहा गया कि जिन विभागों की कार्य योजना/गडढों की सूचना प्राप्त नहीं हुई है उसे यथाशीघ्र अवगत करायें। उक्त के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित विभिन्न विभगों को तत्काल कार्य योजना तथा गडढों की सूचना प्रभागीय वन कार्यालय में तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अपने लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण करें तथा जो भी पौधरोपित किये जा रहे हैं। उनके जीवितता एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने अपने एक-एक स्थल चयनकर लें, ताकि नोडल अधिकारी एवं मण्डलायुक्त के आने पर उक्त स्थलों का निरीक्षण कराया जा सके। इस मौके पर डी.सी. मनरेगा अनवर शेख, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, एआरटीओ (प्रशासन) नन्द कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** एक दिन पूर्व जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे एवं लोहे के रॉड से हमला किया गया था। जिसमें दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर सत्रह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें प्राण घातक हमले के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां पर सुनवाई के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। घटना में शामिल लोहे के रॉड को भी पुलिस ने बरामद किया और बताया कि तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के निवासी शेर बहादुर सिंह एवं अमर बहादुर सिंह के बीच जमीनी विवाद है और उसका मुकदमा भी न्यायालय सुल्तानपुर में चल रहा है। बुधवार की सुबह अमर बहादुर सिंह के पुत्र रामतीर्थ सिंह तथा शेर बहादुर सिंह पक्ष के बीच कहा सुनी होते-होते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे एवं लोहे के रॉड से हमला कर दिया गया। दोनों पक्षों के दर्जनों लोग घायल हुए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल 17 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें प्राण घातक हमले के आरोपी शेर बहादुर सिंह, रतन सिंह तथा राजेश सिंह उर्फ भोला को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से घटना में शामिल लोहे की रॉड बरामद की गई। तीनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**रायबरेली।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की वित्तीय वर्ष 2023- 2024 की चतुर्थ अंतिम बैठक बचत भवन सभागार में एडीएमप्रफुल्ल त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 2023-24 की समीक्षा की गई।

लीडिंग डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव पांडे ने बैठक में बताया कि जिले में संचालित वाणिज्यिक बैंकों की 212 शाखाओं, ग्रामीण बैंक की 89 शाखाएं, सहकारी बैंक की 29 शाखाएं, एवं यू0पी0स0ग्रा0वि0 की 6 शाखाओं के माध्यम से जिले के हर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। बैंकों के जिला समन्वको से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिले के हर क्षेत्र में बैंक की शाखाएं अथवा उनके जना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना इत्यादि से अच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 338420, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा के 988433, प्रधानमंत्री जनधन योजना के 1082766, अटल पेंशन योजना अटल पेंशन योजना के 224408 अभ्यर्थी लाभान्वित हो चुके हैं। बताया कि वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के मार्च तिमाही में वार्षिक ऋण योजना अंतर्गत बैंकों को आवंटित वित्तीय लक्ष्य 3,79,010 लाख के सापेक्ष 4,61,670 लाख की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का लगभग 122 प्रतिशत है। सभी व्यावसायिक बैंकों का ऋण जमा अनुपात मार्च 2024 में समाप्त हुई तिमाही में 49.85 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार की नीतियों के अनुरूप किसानों को आय को 2023 तक दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण और कृषि विकास की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उद्योग एवं कृषि से संबंधित अनुषंगी योजनाओं जैसे डेरी, मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन इत्यादि को बढ़ावा देना होगा ताकि किसानों को कृषि आधारित आय के अतिरिक्त अन्य आय भी संभव हो सके। सभी बैंकों से अनुरोध किया गया कि फसली ऋण के अतिरिक्त कृषि की अन्य अनुषंगी इकाइयोंध्योजनाओं में जरूरतमंद एवं पात्र किसानों को अधिक से अधिक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराए ताकि 2023-24 तक उपरोक्त लक्ष्य की पूर्ति संभव हो सके। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बैंकों के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि एवं अनुषंगी गतिविधियों में 12168 खातों के माध्यम से 16,261.46 लाख का ऋण वितरण किया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना पीएम स्वनिधि योजना, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आज की वर्ष 2023 24 की उपलब्धियां पर चर्चा की गई। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, डायरी व मत्स्य क्रेडिट कार्ड विशेष अभियान तथा कौशल विकास की दशा में प्रयास हुए प्रयासों पर भी चर्चा की गई। बैठक में आरबीआई जिला स्तरीय अधिकारी जितेंद्र मौर्य, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी की अतिरिक्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जहर खुरानी गिरोह के कारण 4 दिन मेंदो मौतें

**ऊँचाहार, रायबरेली।** ट्रेन में सक्रिय जहर खुरानी गिरोह अब लोगों की जान ले रहे है। चार दिन के अंदर गुरुवार को दूसरे व्यक्ति की इस गिरोह के कारण मौत हुई है। गुरुवार की शाम प्रयागराज से चंडीगढ़ जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार की शाम कुछ समय देरी से स्टेशन पर पहुंची। इसी दौरान जीआरपी चौकी पर ट्रेन में एक बुजुर्ग के बेहोशी अवस्था में पड़े होने की सूचना दी, सूचना पर जीआरपी ने बुजुर्ग को सीएचसी पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत हुए बुजुर्ग की उम्र लगभग 65 वर्ष बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि हीट स्ट्रोक या जहर खुरानी गिरोह का शिकार होने के कारण उसकी मौत नहीं हुई है। जिसके बाद जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि मृत अवस्था में बुजुर्ग को सीएचसी लाया गया था। जीआरपी चौकी प्रभारी विक्टर जेम्स ने बताया कि शव कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जायेगी। बुजुर्ग की शिनाख्त करवाई जा रही है।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर लौट रहे पत्रकार पर मनबढ़ दबंगों ने रोककर जानलेवा हमला किया। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बुधवार को नगर कोतवाली क्षेत्र में करौंदिया मोहल्ले के निवासी पत्रकार मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व मधुर तिवारी अपने भाई महेश, चचेरे भाई प्रमोद तिवारी पुत्र रत्नाकर तिवारी के साथ कुड़वार रोड पर पयागपट्टी में पेट्रोल पंप पर कार में पेट्रोल भरवाने गए थे पेट्रोल भरवाने के बाद शहर की तरफ वापस लौटते समय मिल्क मैन डेयरी के पास पहुंचते ही आरोप है कि राजेश यादव, राहुल यादव व घनश्याम यादव निवासी पयाग पट्टी चका अपने अन्य साथी के साथ पहुंचे और बोले कि तुम्हारा नाम मनोज तिवारी है जब पीड़ित ने हां बोला तो राजेश ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया और अन्य साथियों को ललकारते हुए कहा कि तीनों को मारो कोई बचना नही चाहिए। मारपीट में ही 17 सौ रुपए छीनने का भी आरोप है। हमले में पत्रकार सहित उसके भाईयो को गंभीर चोटे आई। नगर कोतवाली पुलिस ने मनोज कुमार तिवारी की तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी राजेश यादव को हिरासत में ले लिया है।

# देशव्यापी आह्वान के तहत भाकपा (माले) ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**रायबरेली।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने देशव्यापी आह्वान के तहत जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जानीमानी लेखिका अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने की मांग पर राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा। माले नेता फूल चंद्र मौर्या, आर एस यादव और विद्यावती ने प्रदर्शनकारियो को संबोधित किया। माले नेताओं ने कहा कि प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित जानीमानी अंग्रेजी लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक व कश्मीर केंद्रीय विवि के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर, करीब चैदह साल पहले एक कार्यक्रम में दिए गए वक्तव्य को आधार बनाकर, उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे दमनकारी कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दिये गए हालिया आदेश की हम तीव्र भर्त्सना करते हैं। नेताओं ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही आये इस आदेश को हम अभिव्यक्ति की आजादी के विरुद्ध, लोकतांत्रिक बुद्धिजीवियों को निशाने पर लेने और उनका उत्पीड़न करने बताया। भाकपा माले ने अरुंधति रॉय और डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ यूएपीए के मुकदमे को रद्द करने, यूएपीए सहित सभी दमनकारी कानूनों को खत्म करने व सभी राजनैतिक कैदियों को रिहा करने की मांग की। प्रदर्शन में इंद्र बहादुर यादव, कन्हैया लाल, राम सजीवन मौर्या, हरी लाल जी, राजेंद्र कुमार सहित अन्य लोगो ने हिस्सा लिया।

## सोलर पंप लगाने के नाम पर प्रधान से जालसाजों ने ठगे दो लाख 84 हजार

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नुनैरा के ग्राम प्रधान से सोलर पंप लगाने के नाम पर जालसाजों ने दो लाख चैरासी हजार से अधिक रुपए ठग लिए। आशंका होने पर जब ग्राम प्रधान ने कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर विवरण बताया तो अपने साथ हुई ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ग्राम प्रधान ने खीरों थाने पहुंचकर तहरीर देने का प्रयास किया तो खीरों पुलिस ने पीड़ित ग्राम प्रधान को साइबर थाना रायबरेली भेज दिया। ग्राम पंचायत नुनैरा के ग्राम प्रधान शिवकांत गुप्ता ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैंने अपनी निजी भूमि पर सोलर पंप लगाने के लिए कृषि विभाग में विगत वर्ष में अपना पंजीकरण कराया था। उसी दौरान एक व्यक्ति ने फर्जी तरीके से फोन करके पंजीकरण शुल्क के नाम से पांच हजार रुपए ठग लिए। इसके बाद बुधवार को दोपहर बाद लगभग दो बजे मेरे पास एक अज्ञात व्यक्ति ने लखनऊ मुख्यालय के कृषि विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर फोन पर सिक्योरिटी मनी के रूप में पैसे की मांग की। गुरुवार को भी फोन किया तो और खाता संख्या आदि भेजा तो मैंने एग्रीकल्चर डायरेक्ट्रेट के नाम से बंधन बैंक लि० चैक लखनऊ के नाम से संचालित खाते में दो लाख चैरासी हजार एक सौ चैसठ रुपए भेज दिया। इसके बाद उसी अज्ञात द्वारा उसी नंबर से फोन पर यह बताया जा रहा है कि सिक्योरिटी मनी के रूप में एक लाख साठ हजार रुपए भेजने पर मेरे खेत में सोलर पंप लगा दिया जायेगा। यह सिक्योरिटी मनी बाद में विभाग द्वारा वापस कर दी जायेगी। मुझे आशंका हुई तो मैंने कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया तो मेरे साथ ठगी होने की जानकारी हुई। ग्राम प्रधान नुनैरा शिवकांत गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को मैं खीरों थाने में तहरीर देने पहुंचा तो मुझे यह बताकर वापस कर दिया गया कि मामला साइबर क्राइम का है। इसलिए इसकी शिकायत साइबर थाने में करिए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित ग्राम प्रधान द्वारा मामले की जानकारी दी गई है।

## पशुशाला व रिहायसी मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर मधैया गांव में बीती रात अज्ञात कारणों से इंद्रजीत यादव के पशुशाला व रिहायसी मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारणकर लिया। हल्ला-गुहार के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक रखा हुआ चार बोरी गेहूं, जानवर का पशु आहार, घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में घुसी कार, घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अर्टिगा कार ने आगे जा रही ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। कार चालक समेत छह लोगों को चोटें आई हैं। सभी को कूरेभार सीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टर ने सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। यूपीडा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार को अर्टिगा कार लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रही थी। जैसे ही धनपतगंज थाना क्षेत्र में अर्टिगा को चालक मो. सागिल पुत्र मो. शकील निवासी पूरा दुल्हन मुबारकपुर थाना मुबारकपुर चला रहा था। कार पर मो. अशरफ पुत्र अनवर व मो. खालिद पुत्र शकील अहमद, ओवैद अब्दुल्ला पुत्र मो.खालिद, अमुद अब्दुल्ला पुत्र रियाजुलहक, माज अब्दुल्ला पुत्र रियाजुलहक निवासी गण मुबारकपुर बैठे थे। चालक अर्टिगा लेकर जब किमी 115 पर पहुंचा तो आगे आगे चल रही ट्रक में उसने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि चालक या तो नीद में था या गाड़ी अनियंत्रित थी। टक्कर होते ही गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। सभी लोगों को चोटें आयी थी। जिन्हें सीएचसी कूरेभार भेजा गया। जहां से घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

## 27 ग्राम स्मैक जब्त, एक गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्यवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 27 ग्राम स्मैक बरामद किया। उप निरीक्षक अमित सिंह हमराहियों के साथ बुधवार शाम करीब 4 बजे गश्त पर थे की उनको सूचना मिली मिल्की कब्रिस्तान इटकौली के पास एक व्यक्ति स्मैक के साथ खड़ा है। उक्त स्थान पर पहुंच युवक की तलाशी के दौरान स्मैक बरामद की आरोपी की पहचान आफताब पुत्र शहाबुद्दीन निवासी फरीदीपुर थाना के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर न्यायलय भेज दिया गया। आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक अमित सिंह समेत कांस्टेबल शिवम तिवारी, विकास यादव, विशाल जायसवाल, अमित यादव का अहम योगदान रहा।

## सम्पर्क मार्ग खराब, लोगों को आवागमन में परेशानी

**शाहगढ़, अमेठी।** जहां केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार गड्ढा मुक्त सड़क बनाने का दावा करती है वहीं अमेठी जनपद के विकास शाहगढ़ के अन्तर्गत शाहगढ़ से हरदोईया सड़क मार्ग खराब होने से स्कूली बच्चों के साथ लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शाहगढ़ से हरदोईया सड़क मार्ग की दूरी लगभग आठ किमी है जहां लगभग कई दर्जन गांव के ग्रामीणों का आवागमन ब्लॉक मुख्यालय से जिला मुख्यालय तक होता है जिससे आये दिन राहगीर सड़क पर हुए गड्ढे में गिरकर चोटहिल होते रहते हैं सबसे ज्यादा समस्या स्कूली बच्चों को होती है जो प्रतिदिन स्कूल को जाते सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे। ग्रामीणों ने सड़क पर हुए गड्ढे की शिकायत कई बार किया लेकिन ग्रामीणों को सड़क पर स्थित गड्ढों से निजात नहीं मिल रही है। आखिरकार ग्रामीणों में महेंद्र कुमार शुक्ला, अमित कुमार शुक्ल, सत्येन्द्र सिंह, पारसनाथ संतोष मौर्य सहित दर्जनों लोगों ने पूर्व में डीएम निशा आनंत को उक्त मार्ग को गड्ढा मुक्त कराने को लेकर शिकायती पत्र दिया था।

# श्री हरिवंश पुराण ज्ञान यज्ञ कथा विश्राम में उमड़े श्रोता



**रायबरेली।** डीह विकास खंड परसदेपुर क्षेत्र के गोपालपुर ग्राम में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमई श्री हरिवंश पुराण ज्ञान यज्ञ कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सत्यदेवाचार्य ने हंस-डिम्भक प्रसंग का वर्णन को सुनाया। श्रीकृष्ण और नन्द-यशोदा मिलन का वर्णन करते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई और हर्षित हो उठे। कथा व्यास ने कहा कथा के अनुसार राज ब्रह्मदत्त ने शिवजी की आराधना करके दो पुत्र हंस और डिंभक प्राप्त हुए जो दोनों भाई थे। यह भी कहा जाता है कि बलरामजी का युद्ध हंस के साथ हुआ और उसका वध होते देखा तो सैनिकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया कि हंस मारा गया। श्री हरिवंश पुराण में सबसे पहले वैवस्तमनु और यम की उत्पत्ति के बारे में और साथ ही भगवान विष्णु के अवतारों के बारे में बताया है। आगे देवताओं का कालनेमि के साथ युद्ध का वर्णन है, जिसमें भगवान विष्णु ने देवताओं को सान्त्वना दी और अपने अवतारों की बात निश्चित कर देवताओं को अपने स्थान पर भेज दिया। इसके बाद नारद और कंस के संवाद हैं। जिसमें कंस का देवकी के पुत्रों का वध से लेकर कृष्ण के जन्म लेने तक की कथा है। फिर भगवान कृष्ण की ब्रज-यात्रा के बारे में बताया है जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन है। इस पुराण में भगवान विष्णु का जन्म कृष्ण के रूप में हुआ। इसमें धेनुकासुर वध, गोवर्धन उत्सव का वर्णन किया गया है। आगे कंस की मृत्यु के साथ उग्रसेन के राज्यदान का वर्णन है, आगे बाणसुर प्रसंग में दोनों के विषय में बताया है। भगवान कृष्ण के द्वारा शंकर की उपासना का वर्णन है। हंस-डिम्भक प्रसंग का वर्णन है। अंत में श्रीकृष्ण और नन्द-यशोदा मिलन का वर्णन सुनकर आए श्रोताओं ने कथा का खूब आनंद लिया। मुख्य यजमान सियाशुक्ला रुद्रनारायण शुक्ला (सपत्नीक) ने आरती किया, प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर उर्मिला शुक्ल, राधे श्याम शुक्ल, आनंद पाल त्रिपाठी, रवि शंकर मिश्र, शिव गोपाल मिश्रा, हरि ओम मिश्र, भोला शंकर तिवारी, शिवाकांत पांडेय, गोपालपुर ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह, सदानंद पप्पू शुक्ल, हरि प्रकाश सिंह, मनोज मिश्र, प्रशांत सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, ज्ञान प्रकाश पांडेय, शुशील कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे।

## बाढ़, अतिवृष्टि औ सूखा से निपटने की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अमेठी।** डीएम निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़, अतिवृष्टि एवं सूखा से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में मानसून के दौरान आने वाली संभावित बाढ़ की तैयारी के बारे में चर्चा की गई एवं डीएम ने संबंधित तहसीलों को एवं विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निदेशों के क्रम में तहसील मुसाफिरखाना में बाढ़ चौकी की स्थापना, शरणालय के संचालन की व्यवस्था, नाव एवं उनके नाविकों की तैयारी की समीक्षा के साथ बाढ़ के दौरान वितरित की जाने वाली राशन किट का टेंडर करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर आपदा कंट्रोल की स्थापना के भी निर्देश दिए। इसके साथ विभागीय कार्यों में समस्त नगर निकायों को बरसात के पूर्व नगरों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त बिजली विभाग को मानसून के पूर्व ढीले तारों को कसने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ सूरज पटेल, एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्णा, सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी वअन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 30 को

**शिकोहाबाद।** वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर चेतना संस्था द्वारा धनगर, पाल, बघेल, समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को वर्ष 2024 की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित करेगी। कार्यक्रम 30 जून को सुबह 11 बजे सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर होंगे। सभी मेधावी छात्र-छात्राएं अपने अंकपत्र तथा आधार कार्ड की फोटो कॉपी जिस पर मोबाइल नंबर अंकित हो संस्था कार्यालय पर 25 जून तक जमा कराना सुनिश्चित करें। अथवा रमेश चंद्र बघेल और संस्था कार्यालय वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर चेतना संस्था हजीरों रोड न्यू बघेल कॉलोनी कटरामीरा पर संपर्क करें।

## कल निकालेगी शिवजी की पालकी यात्रा

**शिकोहाबाद।** नगर के काजी टोला में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 21 जून शुक्रवार को पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक अरुणकांत वर्मा ने बताया कि 21 जून को पक्का तालाब स्थित शिव मंदिर से पालकी यात्रा शुरू होकर तहसील तिराहा, नारायण होटल, स्टेट बैंक तिराहा, बड़ा बाजार, काली मंदिर होते हुए पालकी यात्रा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर काजीटोला पर जाकर सम्पन्न होगी। धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पालिकी यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

## माल बरामद, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मटसैना पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण हेतु देखरेख शान्ति व्यवास्था चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान थाना मटसैना पुलिस टीम गुरूवार को मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त अजय उर्फ कालू पुत्र इन्द्रपाल को बरामदगी माल 20000 रुपये व एक अगूठी पीली धातु सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी व गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# जिला न्यायाधीश संग डीएम-एसएसपी ने किया राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। तीनों अधिकारियों ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से वार्ता की तथा सीसीटीवी कैमरे कम्प्यूटर सेंटर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक को निर्देश दिए कि सभी बच्चों के लिए अखबार मंगवाया जाए और उन्हें पढ़ने के लिए दिया। नेडा अधिकारी को निर्देश दिए कि वैकल्पिक ऊर्जा का स्टीमेट बनाया जाए। म्यूजिक गेम कंप्यूटर बिना इंटरनेट के लगवाए जाएं। सभी बच्चे यहां से शिक्षित होकर जाए और अपना भविष्य तय कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों का दल जिला जेल पहुंचा। सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। कैदियों की संख्या के बारे में जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने रसोई घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एक बड़ी मशीन द्वारा रोटियां जाएं। सभी बच्चे यहां से शिक्षित होकर जाए और अपना भविष्य तय कर सकें। इसके उपरांत अधिकारियों का दल जिला जेल पहुंचा। सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। कैदियों की संख्या के बारे में जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने रसोई घर का निरीक्षण बनती मिलीं। रसोई घर में साफ-सफाई से भी अधिकारी सन्तुष्ट नजर आए। इसके बाद अधिकारी जेल चिकित्सालय में पहुंचे। जहाँ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में बंदी मरीजो का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली। बंदियों द्वारा खाने-पीने रहने अथवा अन्य कोई समस्या होना नहीं बताया गया। बैरकों व जेल परिसर में साफ-सफाई पाई गई।

जिला जज आषीष गर्ग, जिला मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, मा0 सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र प्रसाद प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नीरु शर्मा द्वारा कारागार का औचक त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला में सांयकाल हेतु बंदियों का भोजन तैयार किया जा रहा था, जिसकी गुणवत्ता मानक के अनुसार सही पायी गयी। कारागार की बैरकों की तलाशी करायी गयी, कोई आपत्ति जनक वस्तु नही पायी गयी। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था अच्छी मिली। कारागार के बन्दियों का हाल-चाल जाना तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया। बंदियों द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री बृजेश कुमार, चिकित्साधिकारी डा0 उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, कारापाल महाप्रकाश सिंह, उप कारापाल सुश्री करुणेश कुमारी, श्रीमती शिवानी यादव, लेखाकार श्री सी0एम0 तिवारी व अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

## साढ़े सात लाख का गांजा जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का एक सदस्य को नई कोसी कामर रोड पर औद्योगिक क्षेत्र का तरफ जाने वाले बम्बे की पुलिया के पास से साढ़े सात लाख रुपए के गांजा ट्रक कंटेनर सहित पकड़ा है। थाना प्रभारी कोसीकलां ने बताया कि आरोपित तस्कर काजू की पेटियों के नीचे गांजे की बड़ी खेप तस्करी को ले जात रहा था पुलिस ने सघन तलाशी के दौरान उसे पकड़ा है।

क्षेत्राधिकारी छाता आशीष कुमार शर्मा, थाना कोसीकलां प्रभारी अजीत सिंह, सर्विलांस सैल प्रभारी विकास शर्मा पुलिस टीम के साथ कोसीकलाँ क्षेत्र के अन्तर्गत कोसी कामर के नये रास्ते पर गश्त करते हुए औद्योगिक क्षेत्र की तरफ बम्बे की पुलिया से पहले एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ दिखाई दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने ट्रक के चालक की तरफ की खिड़की को खटखटाकर अन्दर लेटे व्यक्ति को बाहर निकलकर आने के लिए आवाज लगायी तो वह पुलिस को देख घबराकर परिचालक की तरफ की खिड़की से कूदकर पास के खेत में भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें 720 काजू की पेटियों में 61.100 किलो गांजा छिपा हुआ पुलिस को बरामद हुआ। पकडे गये तस्कर ने अपनी शिनाख्त अमजद पुत्र सरफु निवासी खौसपरी थाना नगीना नूह के रूप में बताई है।

# मोबाइल लूट गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल लूट करने वाले गिरोह का पदार्फाश कर गिरोह के 06 अभियक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से लूट चोरी के 15 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 2 काली पल्सर मोटरसाईकिल व 2 तमंचा मय 2 कारतूस जिन्दा बरामद हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में लूट चोरी के अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना उत्तर पुलिस टीम ने गुरुवार को चौकी आगरा गेट क्षेत्र में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नाले के पटरी रहना से लूट करने वाले गिरोह के 06 अभियुक्तगण देवेन्द्र गोस्वामी उर्फ करुआ पुत्र बबलू गोस्वामी, कृष्णा वर्मा पुत्र जमुना दास निवासी, छोटू वर्मा पुत्र सीताराम, सीपू गुप्ता उर्फ सतेन्द्र पुत्र राकेश गुप्ता, शिवम पुत्र वीरी सिं, राघव उर्फ राघवेन्द्र पुत्र साहूकार वर्मा सभी निवासी छारबाग थाना लाईनपार जनपद फिरोजाबाद को अलग- अलग स्थानो से छीने गये चोरी लूट के 15 मोबाइल फोन व 02 काली पल्सर मोटर साईकिल व 02 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्र ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है, जो प्रतिदिन अलग अलग स्थानों से राह चलते लोगो से मौका पाकर उनके मोबाइलो को मोटर साइकिल से लूट कर भाग जाते हैं। थाना उत्तर पुलिस व सर्विलांस टीम ने इनको गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है, जिन्हें पुरुस्कृत किया जायेगा अभियुक्तगण के विरुद्ध मुकदमा पंजिकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## हत्या का प्रयास एससी एसटी में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मारपीट हत्या के प्रयास व एससी एसटी एक्ट में वाँछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार 19.06.24 को वादी सुरेन्द्र कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम दखिनारा थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद द्वारा वादी के चचेरे भाई सत्यपाल पुत्र रामचरन निवासी दखिनारा थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद के साथ घर में घुसकर लाठी डण्डों एवं सरिया से जानलेवा हमला करना तथा मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग जाना तथा जाते समय जान से मारने की धमकी देना एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करना के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मारपीट हत्या का प्रयास एससी एसटी एक्ट 4 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत कराया गया था। जिस पर कार्यवाही शुरू कर थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर वाँछित अभियुक्तों रवि कुमार पुत्र बदन सिंह, सुल्तान पुत्र शमशुद्दीन, रफीक पुत्र उम्मेद अली को मैनपुरी चौराहा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायलय के समक्ष पेश किया है।

## आस्था के जन सैलाब संग द्वितीय चरण में यात्रा पहुंची मधुबन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु ब्रज चैरासी कोस संकल्प यात्रा दूसरे चरण में गुरुवार भगवान कृष्ण की गोचारण लीला स्थली मधुबन (महोली) पहुंची, यहां पहुंच कर भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपालजी ने द्वापर कालीन कृष्ण कुंड में नौका विहार किया तथा भक्तों ने महाप्रभु वल्लभाचार्य की बैठक मैं पूजन ,कृष्ण कुंड में स्नान, ध्रुव नारायण मंदिर के दर्शन, कर परिक्रमा की भारी संख्या में उपस्थित भक्तों ने संकीर्तन किया।

यात्रा गुजरी समस्त मधुबन वासियों ने पुष्प वर्षा कर पग पग पर ब्रज यात्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कृष्ण भक्त एवं कृष्ण जन्म भूमि मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने कहा कि भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण संपूर्ण विश्व ही नहीं ब्रह्मांड के नायक हैं। आज संविधान के इस राज में भगवान को भी न्यायपालिका में अपने मूल जन्म स्थान को प्राप्त करने के लिए लड़ना पड़ रहा है लेकिन हमें विश्वास है न्याय अवश्य मिलेगा। समूचे विश्व के सनातनी कृष्ण भक्त चाहते हैं जल्द फैसला हो न्यायालय तत्वों के आधार पर सनातनियों के पक्ष में फैसला लेगी ऐसा हमारा विश्वास है। यात्रा संयोजक राजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि संपूर्ण बृजवासी यात्रा के माध्यम से जागृत हो रहे हैं, वह दिन दूर नहीं जब भगवान श्री कृष्ण का भव्य मंदिर अपने मूल गर्भ ग्रह पर स्थापित होगा। राष्ट्रीय सचिव डॉ जमुना शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी रिचा शर्मा, ब्रजमंडल अध्यक्ष पं मुनेश गौतम प्रधान, हिंदूवादी उषा सोलंकी, विनीत शर्मा, अनु शर्मा, इस अवसर पर प्रमुख रूप से सूरजमल, राहुल गौतम, कन्हैया शर्मा, अश्वनी शर्मा, जयराम शर्मा, हेमंत बघेल, सिया दास बाबा, पवन बाबा, जयवीर सिंह, कैलाश प्रजापति, आदि भक्त यात्रा में मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सीएचसी टूंडला और मदावली गौशाला का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित हो रहा है हीट वेव से मरीजों की संख्या बढ़ रही है जिन्हें उपचार की सख्त आवश्यकता है, बढ़ते तापमान से मनुष्य ही नहीं पशु, पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। उनका जीवन भी खतरे में आ सकता है इन सबको लेकर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य महकमें के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृण करने व संसाधनों में बढ़ोतरी के साथ उनका बेहतर उपयोग के निर्देश दिए थे और गुरुवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपनी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूण्डला एवं गौआश्रय केंद्र मंदावली का भौतिक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा।



स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उन्होने ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, रजिस्ट्रेशन, बलगम जांच कक्ष, एक्स-रे कक्ष, एनसीडी क्लीनिक व डायबिटीज, रक्तचाप जांच, इमरजेंसी कक्ष, महिला चिकित्सा कक्ष, जनरल महिला वार्ड, फिजियोथैरेपी कक्ष, डॉट्स केंद्र टीवी रोग केंद्र, ओपीडी आयुष, दंत रोग रूम, पैथोलॉजी रूम का निरीक्षण किया और सम्बन्धितों को अच्छी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। दंत रोग रूम में डेन्टल एक्स रे मशीन बन्द पाए जाने पर मुख्य चिकित्साधीक्षीका को निर्देश दिए कि वह डेन्टल एक्स रे मशीन को जल्द क्रियाशील कराए ताकि दंत रोग मरीजों को इसका लाभ मिल सके। उन्होने सीएचसी अधीक्षीका कीर्ति गुप्ता को भी यह निर्देष दिए कि वह यह सुनिष्चित करें कि उनके क्षेत्र में सभी प्रसव संस्थागत हो इसके लिए वह सभी एएनएम व आशा, स्वास्थ्य कार्यकत्रियों आदि स्टाफ के साथ बैठक कर संस्थागत प्रसव सुनिष्चित कराए। उन्होने लेवर रूम का भी निरीक्षण किया, जो कि पूरी तरह व्यवस्थित व साफ सुथरा पाया गया। उन्होने चिकित्सालय परिसर को और अच्छे से साफ सुथरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि हीट वेव से मरीजों की संख्या बढ़ रही है इससे किसी प्रकार की जनहानी न होने पाए इसके लिए चिकित्सालय में पर्याप्त दवाओं व मरीजों एवं उनके तीमारदारों को कूलर, पंखें व ठण्डा पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि सभी जरूरतमंदों को ओआरएस पैकेट व पैरासीटामोल टेवलेट आदि वितरण की जाये।

## योग मूल रूप से आध्यात्मिक अनुशासन है: डॉ. अर्चना प्रिय आर्य

**मथुरा।** संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष व आर्य समाज की वरिष्ठ प्रचारिका प्रोफेसर डॉ. अर्चना प्रिय आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की महिमा बताते हुए कहा कि योग मूल रूप से एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो एक अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। ह्ययोगह्न शब्द संस्कृत शब्द ह्ययुजह्न से लिया गया है, जिसका अर्थ है ह्नजुड़नाह्न या ह्नमिलानाह्न या ह्नएकजुट होनाह्न। योग शब्द के दो अर्थ हैं और दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। पहला है- जोड़ और दूसरा है समाधि। जब तक हम स्वयं से नहीं जुड़ते, समाधि तक पहुंचना असंभव होगा। योग का अर्थ परमात्मा से मिलन है। ईश्वर के ज्ञान, दर्शन और मिलन के लिए जो कुछ किया जाता है उस सधे हुए प्रयत्न का नाम योग है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जो कोई दृढ़वती होकर विधिपूर्वक उत्साह, प्रेम, प्रसन्नता, श्रद्धा, विश्वास और संयम सहित प्रयत्न करता है उसे योगी कहते हैं। योग से तन व मन निरोगी बनता है। यह स्वस्थ जीवन जीने का आधार है। योग आध्यात्म से जुडा है और प्राचीन काल से योग के चलन के चलते समाज संगठित और सद्व्यवहारी था। उन्होंने योग की परिभाषा करते हुए कहा कि अपने शरीर, मन, विचार, संवेदनाओं पर अनुशासन ही योग है। योग आत्मबोध है, आत्म अनुशासन है, आत्म प्रेरणा है, आत्म साक्षात्कार है, आत्म विचार और आत्म उपचार है। योग मनुष्य के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिकता के संतुलित विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि योग को हमें अपने जीवन का अंग बना बना लेना चाहिए। यह जिंदगी जीने का सलीका है, इसके बिना जिंदगी नीरस है।

# हर घर के उत्सव के रूप में हो श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव



**मथुरा।** श्रीकृष्णाअवतारतो गताब्दाः 5250 विक्रम संवत 2081( वर्ष 2024 ) में पूर्ण होने के अवसर पर योगिराज भगवान श्रीकृष्ण के 5251वें प्राकट्योत्सव को भव्य एवं दिव्य रूप में सम्पूर्ण विश्व में प्रचार प्रसार के साथ मनाने के लिए गुरुवार संत समाज की गोष्ठी का आयोजन श्याम सुन्दर दास के शंख उद्घोष के साथ वृन्दावन स्थित चंद्रोदय मंदिर प्रांगण में किया गया।

गोष्ठी में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को वर्ष पर्यंत मनाने के लिए विभिन्न विचारों का आदान प्रदान संतों के मध्य हुआ। सभी संतों ने पूर्ण उत्साह एवं तथ्यों के साथ व्यापक स्तर पर अनेकानेक कार्यक्रमों के सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोविन्दानंद तीर्थ जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का 5251वां महोत्सव संत समाज के मध्य एक विशेष उत्साह का अवसर लेकर आया है। यह उत्सव मेरे घर का उत्सव है इस विचार को जन मानस के अंतःकरण तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाए, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के सभी कलाओं का प्रचार प्रसार सम्पूर्ण विश्व में करने का अवसर प्रदान करता है।इस दौरान चतुर्थ सम्प्रदाय प्रमुख श्री फूलडोल बिहारी दास जी महाराज ने आश्वस्त किया कि धर्म संसद के माध्यम से, सनातन के लिए कार्य करने वाले समाजिक संगठनों के माध्यम से एवं विभिन्न सम्प्रदायों को साथ लेकर इस जन्माष्टमी का भव्यता के साथ मनाने का आवाहन किया जाएगा।

श्री बलराम बाबा ने कहा कि वर्तमान में सभी धर्म के लोग भगवान श्रीकृष्ण को उनकी लीलाओं के माध्यम से जान रहे हैं और हमें सम्पूर्ण विश्व में कृष्ण भावनामृत का विकास करना है। श्री राधा रमण मंदिर के सेवायत श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम अलौकिक 5251कृष्णाब्द में हैं। अतः इस जन्माष्टमी को 5000 गुणित उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस संदर्भ में सभी संतों, महंतों, भक्तों ने सभी विषयों पर सहमती जताते हुए पुनः शीघ्र बैठक के लिए प्रस्ताव पारित किया। गोकुल के पंकज बाबा ने कहा कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में इन संतों ने सुझाव दिए श्रीलाडली शरण, अच्युत लाल भट्ट, महेशानंद सरस्वती, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, आचार्य बद्रीश, सच्चिदानंद शास्त्री, सुन्दर दास, दशरथ दास, कृष्णानंद, मोहिनी बिहारी शरण, बिहारी दास, वेणु गोपाल दास, पंकज बाबा, मरूतिनंदन, नवल गिरी, मकरंद चतुर्वेदी, गोस्वामी शैलेन्द्र नाथ, चन्द्र दास, सत्यमित्रा नंद, स्वामी यज्ञ देव, श्रीयति महाराज, सुशील गोस्वामी आदि। धन्यवाद ज्ञापन गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष ने 3 कर्मियों की मौत के संबंध में ली जानकारी

**मथुरा।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना पवार ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्यों द्वारा देश के प्रत्येक राज्यों में भ्रमण किया जाता है तथा सफाई कर्मचारियों के संबंध में बैठकें की जाती हैं। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग कार्य कर रहा है। अन्तिम पायदान पर खडे सफाई कर्मचारियों के हित एवं मुख्य धारा में जोड़ने हेतु आयोग निरंतर प्रयासरत है। कोविड के दौरान सफाईकर्मियों ने युद्धस्तर पर कार्य किया तथा ऐसे नायकों को जनपद स्तर पर 15 अगस्त, 26 जनवरी, 02 अक्टूबर आदि महत्वपूर्ण दिवसों पर सम्मानित करना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया सभी कर्मचारियों का कैंप लगाकर आईडी कार्ड बनाये जायें, जिसमें उनके ब्लड ग्रुप, पीएफ नम्बर, ईएसआई नम्बर आदि का अंकन सुनिश्चित किया जाये। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु एक परफोरमा तैयार करते हुए सुपरवाईजर के माध्यम उपस्थिति ली जाये। सभी कर्मचारियों को 1 से 7 तारीख तक वेतन का भुगतान अवश्य किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों के परिवारजनों का आयुष्मान कार्ड बनवायें। समय से सफाईकर्मियों की डीपीसी सुनिश्चित की जाये। बैठक में उपाध्यक्ष ने वृन्दावन के बीकानेर होटल परिसर में सीवर में उतरे तीन सफाईकर्मियों की मौत के संबंध में जानकारी ली। निर्देशित किया कि बिना सेफ्टी गार्ड के नालों में सफाईकमियों से सफाई न करायी जाये। जिन सफाईकर्मियों की मृत्यु हुई है उनके परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल, एसपी सुरक्षा बीबी चौरसिया सहित सफाईकर्मी मौजूद रहे।

## कहासुनी के बाद पति ने पत्नी से की मारपीट ससुरालीजनों ने पीट कर दी दामाद की हत्या

**मथुरा।** थाना कोतवाली छाता क्षेत्र के तरौली जनूबी गांव में 30 साल के युवक की पीट पीटकर ससुरालीजनों ने हत्या कर दी। दामाद की हत्या के बाद हत्योपितों ने जाते जाते एक गाय को भी रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस फिलहाल हत्यारोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस ने मृतक की पत्नी, पत्नी की बड़ी बहन ( जेठानी ) को हिरासत में लिया है। मृतक के पिता ने बेटे के ससुरालीजनों पर सात नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक तरौली जनूवी निवासी राजेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराया है कि रात करीब 12 बजे पुत्रवधू कमलेश व गुड़िया ने अपने भाई भूदेव, प्रभु व अपने पिता को फोन कर दिया। बताया कि वह, उसका बेटा वीरेंद्र व उसके भाई का लड़का प्रेमपाल घर के बाहर सो रहे थे। बुधवार रात 12 बजे बोलेरो में सवार होकर आए वीरेंद्र के ससुरालीजन व उनके साथियों ने वीरेंद्र पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बचाने आए भाई के लड़के प्रेमपाल पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। इससे वह भी घायल हो गया। वीरेंद्र को इलाज के लिए सिटी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी घटना के भागते हुए एक गाय को भी टक्कर मार गए। इससे गाय की मौके पर मौत हो गई। मृतक पिता राजेन्द्र ने पोस्टमार्टम गृह पर बताया कि संपत्ति बंटवारे को लेकर उसके बेटे का पत्नी कमलेश से कहासुनी हो गई थी। इसमें वीरेंद्र ने कमलेश के साथ मारपीट कर दी थी। इससे गुस्साकर वीरेंद्र के ससुरालीजनों ने वीरेंद्र पर हमला बोल दिया। फिलहाल पुलिस ने कमलेश व उसकी बड़ी बहन गुड़िया को हिरासत में लिया है। 10 वर्ष पूर्व वीरेंद्र व उसके बड़े भाई से दोनों बहनों की शादी हुई थी। मृतक को दो लड़की हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत परिजनों का थाने पर हंगामा, पति हिरासत में

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** थाना मांट के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना मांट पहुंचे मायके वालों ने हंगामा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना मांट के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार 30 वर्षीय गायत्री पत्नी पिंकू ने घर में कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गई। ससुराल वालों ने जब विवाहिता का दुपट्टे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। तत्काल ही उसे उपचार के लिए सीएचसी मांट ले गए। यहां पर चिकित्सत ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बहन की मौत हो जाने की सूचना मिलते भाई शैलेश ने पुलिस को सूचना दी और कहा की उसकी बहन की हत्या कर दी। इसके बाद मायके वाले थाने पर पहुंच गए।

हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतका के भाई मनोज ने बताया उसकी बहन की शादी सात वर्ष पहले हुई थी। ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर बहन के साथ मारपीट करते थे। मनोज ने बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। घटना के बाद क्षेत्राधिकारी आंचल चैहान मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से दुपट्टा भी बरामद किया गया है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक रजित वर्मा ने बताया के मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

# बालश्रम उन्मूलन नशा मुक्त अभियान चलाया

- चार बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया

**फिरोजाबाद।** थाना एएचटीयू पुलिस एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन रोकथाम एवं नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 4 बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया। शासन के आदेश के अनुपालन में बालश्रम उन्मूलन की रोकथाम हेतु 1 जून से 30 जून तक चलाये जा रहे विशेष बालश्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान एवं 12 से 26 जून तक चलाये जा रहे नशीले पदार्थो के विरुद्ध नशा मुक्त भारत जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नोडल अधिकारी एएचटीयू के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना एएचटीयू पुलिस एंव श्रम निरीक्षक एस.एस पाल, वीके त्रिवेदी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्र के अंतर्गत बस स्टैंड, होटल,कस्बा सिरसागंज मे ढाबो होटलो, वर्कशॉप, फैक्ट्री, किराना स्टोर, दुकानों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग आदि प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम व चेंकिग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों होटल ढाबा फैक्टरी आदि के मालिकों को हिदायत दी गयी कि कोई बाल श्रमिक को कार्य पर न लगाये पकडे जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी एवं नाबालिक बालकों से मजदूरी कार्य न कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बाल श्रम से संबंधित पंपलेट चस्पा किए गए।



अभियान के दौरान 4 बाल श्रमिकों को बालश्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया, रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराते हुए श्रम निरीक्षक द्वारा नियोक्ताओं को मौके पर ही नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही की गयी एवं थाना क्षेत्र उत्तर जनपद फिरोजाबाद में मानव तस्करी, बालश्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं नशामुक्त भारत जागरुकता पखवाड़ा कार्यक्रम अभियान प्राथमिक विद्यालय टापा खुर्द, रामनगर फिरोजाबाद में आयोजित किया गया । जागरुकता कार्यक्रम में आम जन मानस को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कार्य न कराने, नशीले पदार्थो से होने वाली हानियों एवम नशा मुक्त भारत बनाने हेतु नशामुक्त भारत जागरुकता पखवाड़ा के तहत जागरूक किया गया । आम जनो को इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंम्बरों 108,112,1090,1098,1076,181 आदि के संबन्ध में जानकारी दी गयी।

## शहर कोतवाली, स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा बदमाश, साथी फरार

मथुरा। थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम की बुधवार रात बाजना पुल के समीप गश्त के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की गोली लगने से एक युवक चायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग गया। पुलिस घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज फरार बदमाश की तलाश कर रही है। बुधवार बीतीरात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रवि त्यागी, स्वाट टीम प्रभारी अभय शर्मा पुलिस टीम के साथ वांछितों की तलाश में क्षेत्र में गश्त पर थे। देर रात करीब 11:30 बजे गश्त के दौरान बाजना पुल के समीप बाइक सवार युवकों को रोकने का इशारा किया तो पुलिस टीम को देख बाइक सवारों ने फायरिंग कर दी और बाइक छोड़ भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जवाबी फायरिंग की। अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा. अरविन्द ने बताया कि इस दौरान पैर में गोली लगने से नीरज गोतम निवासी पूजा एन्क्लेव, कृष्णानगर घायल हो गया। पुलिस ने इसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद की। घायल को उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि इस दौरान भागे उसका साथी मोहित पंडित निवासी अल्लेपुर, जैत की पुलिस टीम तलाश कर रही है।

संक्षेप

## बीओबी के ब्रांड अम्बेसडर बने सुमित

मुंबई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज उभरते हुए भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्री सुमित को अपना ब्रांड अम्बेसडर बनाए जाने की घोषणा की। यह कदम बैंक की लंबे समय से चली आ रही उस नीति के अनुरूप है जिसमें बैंक उभरते हुए प्रतिभाशाली और महत्वाकांक्षी भारतीय खिलाड़ियों को सपोर्ट करता है ताकि वे विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। 26 वर्षीय सुमित नागल को बैंक द्वारा रणनीतिक रूप से इस तरह से प्रस्तुत किया जाएगा कि बैंक युवा वर्ग और नई पीढ़ी के ग्राहकों को लक्षित कर सके और इस सेगमेंट के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए विभिन्न उत्पादों के लिए इस वर्ग को आकर्षित कर सके।

## एमएसडीई की कृषि सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियाई से साझेदारी

नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने आस्ट्रेलिया सरकार के सहयोग से आस्ट्रेलिया-इंडिया क्रिटिकल एग्रीकल्चर स्किल्स पायलट प्रोजेक्ट से प्राप्त अनुभवों पर चर्चा करने के लिए एक व्यापक एवं उपयोगी गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी और ऑस्ट्रेलियाई हाई कमिशन के मिनिस्टर काउंसलर, एजुकेशन एंड रिसर्च मैथ्यू जॉनस्टन के नेतृत्व में आयोजित इस गोलमेज सम्मेलन में इस पहल को आगे बढ़ाने, इसे बड़े पैमाने पर लाने और अन्य सेक्टर्स में इस मॉडल को लागू करने के अवसरों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इस गोलमेज सम्मेलन मेंराष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद , शिक्षा मंत्रालय और भारतीय कृषि कौशल परिषद के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। पिछले वर्ष मार्च में परिकल्पित यह प्रोजेक्ट, एक्सपर्ट, गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन, रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन, मल्टीलेटरल ऑर्गेनाइजेशन, नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन और इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ कंसल्टेशन की एक व्यापक प्रक्रिया के बाद सफल हुआ।

## भगवान महावीर के शाश्वत ज्ञान को बढ़ावा देती है किताबें

नई दिल्ली। चेन्नई स्थित भगवान महावीर फाउंडेशन, सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित एक प्रसिद्ध नॉन प्रॉफिट फाउंडेशन है। यह डॉ. नेमीचंद जैन मेमोरियल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित कर रहा है। यह पुरस्कार उन लेखकों को मान्यता देता है, जिनकी किताबें हिंदी या अंग्रेजी में लिखी गई हैं और जो भगवान महावीर के शाश्वत ज्ञान को बढ़ावा देती हैं। इस पुरस्कार में 2,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाता है। फाउंडेशन ने 2024 में इस पुरस्कार की स्थापना की, जो भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला एक भव्य उत्सव है। इस महोत्सव में भगवान महावीर की शिक्षाओं पर प्रकाशित या अप्रकाशित उत्कृष्ट पुस्तकों को सम्मानित किया जाता है। नामांकित पुस्तकों की तीन प्रतियाँ (या अप्रकाशित पुस्तकों के मामले में पांडुलिपियाँ) 31 दिसंबर, 2024 तक फाउंडेशन को सियात हाउस, 961 पूनमल्ली हाई रोड, चौथी मंजिल, पुरासावलकम, चेन्नई - 600084, तमिलनाडु में जमा करानी होंगी।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ ने की बोनस की घोषणा

नई दिल्ली। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आज वित्त वर्ष 2023-2024 के लिये 2.18 लाख से ज्यादा पॉलिसिधारकों हेतु 232 करोड़ रुपये के ग्राहक बोनस की घोषणा की है। प्रतिभागी अथवा पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज में या प्रॉफिट प्लांस के साथ, जीवन बीमा कंपनियां अपने पॉलिसिधारकों के साथ बोनस के रूप में मुनाफा साझा करती हैं, जो बीमा कर्ता और पॉलिसिधारकों के बीच साझा साझीदारी को दर्शाता है। प्रत्येक वित्त वर्ष में घोषित बोनस को जमा किया जाता है और पॉलिसी की परिपक्वता, पॉलिसीधारक की मृत्यु अथवा सरेंडर किये जाने पर उसे वितरित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, विशिष्ट पॉलिसी घटनाओं में नगद बोनस का भी भुगतान किया जाता है। 31 मार्च 2024 को लागू सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीज बोनस राशि प्राप्त करने की पात्र हैं।

# सेंसेक्स-निफ्टी नये शिखर पर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड उंचाई पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में स्थिरता ने भी पूंजी बाजार को समर्थन दिया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 141.34 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ नई उंचाई 77,478.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 305.5 अंक चढ़कर 77,643.09 अंक तक चला गया था। बीएसई सेंसेक्स पिछले छह दिन में 1,022.34 अंक यानी 1.33 प्रतिशत के लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 51 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 108 अंक उछलकर 23,624 अंक तक चला गया था। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले तीन दिन से शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 12,600 करोड़ रुपये की लिवाली की जिसमें कुछ बड़े सौदे शामिल हैं। एफआईआई के मजबूत प्रवाह और बेहतर वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच घरेलू मोर्चे पर बाजार सकारात्मक बढ़त के साथ सुदृढ़ हो रहा है। इसके अलावा बजट के वृद्धि को बढ़ावा देने वाला होने की उम्मीद से धारणा मजबूत हो रही है और इससे क्षेत्र केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, एनटीपीसी, विप्रो, भारतीय स्टेट बैंक और पावर ग्रिड शामिल हैं। शुरुआती कारोबार में बाजार में हल्का उतार-चढ़ाव रहा लेकिन बाद में यह सकारात्मक दायरे रहा। बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बीच निवेशक शेयर के आधार पर निर्णय कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार बुधवार को बंद था। इससे घरेलू निवेशकों ने उम्मीद के साथ सतर्क रुख अपनाया। छोटी कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक एक प्रतिशत तथा मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.55 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

# रुपया 17 पैसे टूटकर 83.61 प्रति डॉलर के दो माह के निचले स्तर पर



मुंबई। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे टूटकर दो महीने के निचले स्तर 83.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, इस दौरान स्थानीय शेयर बाजार नई उंचाई पर पहुंच गए।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी के प्रवाह और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद स्थानीय मुद्रा को समर्थन नहीं मिल सका। स्थानीय मुद्रा विदेशों में प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण दबाव में आ गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय रुपया 83.43 पर खुला और 83.42 के दिन के उच्चतम स्तर को छू गया। सत्र के दौरान रुपया डॉलर के मुकाबले 83.68 के सर्वकालिक निचले स्तर पर भी आया। अंत में यह 17 पैसे की गिरावट के साथ 83.61 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 83.44 पर बंद हुआ। इससे पहले रुपया इस साल 16 अप्रैल को 83.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी परिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में गिरावट आई। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत बढ़कर 105.10 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.18 प्रतिशत बढ़कर 85.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 141.34 अंक बढ़कर 77,478.93 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 51 अंक की बढ़त के साथ 23,567 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ।

## अनचाही कॉल, एसएमएस पर लगाम के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशानिर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें कारोबारी संचार को प्रचार और सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये दिशानिर्देश कारोबारी संचार से जुड़े सभी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। दिशानिर्देशों के मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कोई भी कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके अलावा अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।

## स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर 9,771 करोड़ पर

नयी दिल्ली/ज्यूरिख। स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है।

स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की कुल देनदारियों या उनके भारतीय ग्राहकों को बकाया राशियों के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं। इनमें ग्राहक जमा में 31 करोड़ स्विस फ्रैंक (2022 के अंत में 39.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), अन्य बैंकों के माध्यम से रखे गए 42.7 करोड़ स्विस फ्रैंक (111 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम), न्यासों या ट्रस्टों के माध्यम से एक करोड़ स्विस फ्रैंक (2.4 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) और बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के रूप में ग्राहकों को देय अन्य राशियों के रूप में 30.2 करोड़ स्विस फ्रैंक (189.6 करोड़ स्विस फ्रैंक से कम) शामिल हैं।

## वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों का कर प्रोत्साहन देने का सुझाव

नयी दिल्ली। वित्तीय और पूंजी बाजार के विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को बाजार को व्यापक बनाने के लिए आगामी 2024-25 के पूर्ण बजट में कर प्रोत्साहन देने की वकालत की। यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठक में क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने सरकार से कर कानून और दरों में विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया।

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है कि यह बजट पेश होने से पहले दूसरी परामर्श बैठक थी। इसमें आगामी आम बजट 2024-25 के संबंध में वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट अगले महीने संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री के साथ दो घंटे की बैठक के बाद सुझाव कर नीतियों को स्थिर और दीर्घकालिक बनाये जाने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने पूंजीगत लाभ कर और प्रतिभूति लेनदेन कर पर भी अपने सुझव दिये। अनुसार कुछ कंपनियों ने बाजार को व्यापक बनाने और कुछ कर प्रोत्साहन दिये जाने की वकालत की। हमने सुझव दिया है कि चूंकि एनबीएफसी ऋण में वृद्धि हुई है और आरबीआई ने बैंकों पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर चिंता जतायी है, इसलिए एनबीएफसी के पुनर्वित्त के लिए सिडबी और नाबार्ड से धन का आवंटन बढ़ सकता है।

# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न हुई तो पैदा हो सकती है बड़ी समस्या



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है।

यहां आरबीआई के कॉलेज फ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ णदाताओं के बीच असुरक्षित ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा, हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है।

दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एनबीएफसी को बैंक ण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को सी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। भारतीय वित्तीय तंत्र अब बहुत मजबूत स्थिति में है, जिसकी विशेषता मजबूत पूंजी पर्याप्तता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों एनपीए का निम्न स्तर और बैंकों व गैर-बैंकिंग ऋणदाताओं की स्वस्थ लाभप्रदता है।

# इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव का सफल आयोजन



लखनऊ। एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के बैनर तले इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन 15-16 जून हुआ था।

जिसमें 30 से अधिक देशो के राजदूत एवं अधिकारी इस सम्मेलन में शामिल हुए। चैंबर के अध्यक्ष ई. डी.पी.सिंह ने कहा कि इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। हमें विश्वास है कि यह आयोजन व्यवसायों को फलने-फूलने और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 की मेजबानी करी, जो उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रमुख कार्यक्रम है। 15 और 16 जून 2024 को हुआ सम्मेलन, सहयोग और विकास के अवसरों पर चर्चा करने और तलाशने के लिए दुनिया भर के उद्योग जगत के नेताओं, नीति निमार्ताओं और हितधारकों को एक साथ लाया। इस कार्यक्रम की विशेषताओं में प्रसिद्ध विशेषज्ञों और विचारकों द्वारा मुख्य भाषण, उद्योग के रुझानों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर पैनल चर्चा, वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं और निवेशकों के साथ नेटवर्किंग सत्र, अत्याधुनिक उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियाँ, बी2बी बैठकें और देश-विशिष्ट सत्र, संयुक्त उद्यम, सहयोग और साझेदारी के अवसर, उभरते बाजारों और उद्योगों में अंतर्दृष्टि, सरकारी अधिकारियों और नीति निमार्ताओं तक पहुंच, नई प्रौद्योगिकियों और नवाचारों से अवगत होना रहा। इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 को 30 देशों के राजदूतों की उनके दूतावासों के माध्यम से भागीदारी की पुष्टि के साथ महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है।

## पेज एक का शेष

### आबकारी नीति

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी सरकार की आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। इस नीति को अब रद्द किया जा चुका है। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया सत्यमेव जयते। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सत्य को पराजित नहीं किया जा सकता, केवल परेशान किया जा सकता है। पार्टी ने एक्स पर कहा सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं किया जा सकता। भाजपा की ईडी की तमाम आपत्तियों को ख़ारिज करते हुए माननीय न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को जमानत दे दी है। अदालत ने आप नेता को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी। अदालत ने 48 घंटे के लिए आदेश पर रोक लगाने के ईडी के अनुरोध को भी खारिज कर दिया।

### यूपी में तैयार

सरकार के सहयोग से संचालित समस्त योजनाओं का डेटाबेस प्राप्त कर उसे परिवार कल्याण पास बुक एवं फैमिली आईडी से जोड़ा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लाभार्थीपरक योजनाओं, सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन में आधार आवेदन एवं आधार अधिप्रमाणन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस तरह फैमिली आईडी का कवरेज बढ़ाने में सहायता मिलेगी। निर्देश दिए कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑथेंटिकेशन कराएं, तदोपरान्त परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पास-बुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को विधिवत प्रमाणित किया जाए। सभी संबंधित विभाग इसमें सहयोग करें।

### नीट परीक्षा

धीरज सिंह के जरिये इन 20 याचिकाकर्ताओं ने एनटीए एवं अन्य को नीट परीक्षा नये सिरे से कराने का निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया है। पीठ ने इन याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि इन याचिकाओं पर आठ जुलाई को नीट-यूजी 2024 से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगा रही है। पीठ ने कहा, यह सब पहले दिन से ही चल रहा है और वे (कुछ याचिकाकर्ता) काउंसलिंग पर रोक चाहते हैं। हमने इससे इनकार किया है। पीठ ने कहा आखिरकार, अगर आप सभी सफल होते हैं, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा। परीक्षा भी होगी और काउंसलिंग भी होगी। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि काउंसलिंग आठ जुलाई के बाद तक टाली जा सकती है।

पीठ ने एनटीए के वकील से काउंसलिंग के बारे में पूछा। वकील ने कहा कि काउंसलिंग छह जुलाई से शुरू होगी और कुछ दिनों तक चलेगी। पीठ ने सॉर्टिंग हैट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह कंपनी अनएकेडमी नाम से शिक्षा सेवाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म संचालित करती है। इसकी याचिका में नीट-यूजी 2024 के परिणामों में कथित अनियमितताओं और विसंगतियों की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति के गठन की मांग की गई है। कंपनी ने अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी के माध्यम से दायर अपनी याचिका में एनटीए को उन उम्मीदवारों की समय बर्बादी का पता लगाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पद्धति का समर्थन करने के लिए सांख्यिकीय डेटा प्रस्तुत करने का निर्देश देने की भी मांग की है, जिन्हें प्रतिपूरक अंक दिए गए थे। एक अन्य वकील ने पीठ को बताया कि परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बिहार में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वकील ने कहा कि कथित अनियमितताओं के संबंध में बिहार और गुजरात में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पुलिस से इन मामलों में अपनी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान पीठ ने पाया कि मामले में याचिकाकर्ता भी इसी तरह की दलीलें दे रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि कई बार कोचिंग संस्थान भी याचिकाकर्ता के रूप में सामने आए हैं। पीठ ने कहा, उन्हें आने का अधिकार है। क्योंकि उनका व्यवसाय केवल इन छात्रों से है और यदि आप उनके साथ खेलते हैं और उनके अधिकारों में दखल देते हैं, तो ये कोचिंग संस्थान आएंगे ही।

इससे पहले 18 जून को उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा से जुड़ी अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कहा था कि परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से यदि 0.001 प्रतिशत लापरवाही भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर पिछले सप्ताह केंद्र एवं एनटीए से जवाब मांगा था। केंद्र तथा एनटीए ने 13 जून को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया था कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले।,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं। केंद्र ने यह भी कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों के पास या तो दोबारा परीक्षा देने या नष्ट हुए समय की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए कृपांकों को छोड़ने का विकल्प होगा। नीट-यूजी परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले पूरा हो जाने के कारण इसे चार जून को ही घोषित कर दिया गया।

### दोषियों पर होगी

सरकार एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने जा रही है। एनटीए के ढांचे, एनटीए की कार्यप्रणाली, परीक्षा की प्रक्रिया, पारदर्शिता और डाटा सिक्योरिटी में सुधार करने के लिए इस समिति की सिफारिशें अपेक्षित रहेगी। हम त्रुटिरहित परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार 2024 में पहली बार सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम को लेकर आई है। उन्होंने कहा, विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य हैं। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि इस संवेदनशील मुद्दे पर किसी तरह की अफवाह न फैलाई जाए। सारी चीजों को राजनीति के नजरिए से न देखा जाए। मैं सभी से सहयोग की कामना करता हूं।

### पेपर लीक

सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई रोक दी थी, लेकिन वह हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं उन्होंने दावा किया कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में हुए व्यापम घोटाले को पूरे देश में फैलाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा मामले की जांच की जा रही है, जो कोई भी जिम्मेदार है। उन्हे पकड़ा जाना चाहिए। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपा है।

### पटना हाईकोर्ट

अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है। सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी एवं ईबीसी आर्थिक रूप से कमजोरी वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके। बिहार सरकार के जाति आधारित गणना कराने और आरक्षण की सीमा को बढाए जाने को कई टिप्पणीकारों ने मंडल 2 करार दिया था और बाद में कांग्रेस ने केंद्र में सत्ता में आने पर राष्ट्रव्यापी जाति सर्वेक्षण का वादा किया था, जो उस समय बिहार में सत्ता साझ कर रही थी।

### अलीगढ़ में तनाव

प्रमुख मुफ्ती खालिद हमीद ने शहर में शांति और हिंदू-मुस्लिम सौहार्द का आह्वान किया। मुफ्ती ने कहा कि पुलिस को मामले की जांच करनी चाहिए औरै किसी भी तरह के राजनीतिक दबाव के आगे झुके बिना दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार करना चाहिए।

### दुश्मनों को

का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है और इसके तहत यहां हजारों किलोमीटर नई सड़कें बनी हैं, कश्मीर घाटी रेल संपर्क से भी जुड़ रही है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे बड़े रेलवे ब्रिज का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसकी तस्वीरें देखकर तो हर भारतवासी गर्व से भर उठता है। लोकसभा चुनाव के नतीजों को उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को सिर्फ हम पर विश्वास है और इस विश्वास व उनकी आकांक्षाओं को हमारी सरकार ही पूरा कर सकती है। उन्होंने कहा जनता को हमारी नीयत और नीतियों पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली पिछली सरकार के प्रदर्शन के आधार पर 60 साल के बाद तीसरी बार किसी सरकार को देश में जनादेश मिला है। मोदी ने कहा लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश का बहुत बड़ा मैसेज स्थिरता का है। उन्होंने कहा अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू एवं कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है। आपने पिछले 35-40 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और ये सब कुछ हो रहा है, क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है।

### भीषण गर्मी और

हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाइयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है। इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं।

# श्रीलंका के साथ और मजबूत होंगे रिश्ते

## जयशंकर ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से वार्ता की, समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की औपचारिक शुरुआत की

**एजेंसी**

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत की तथा राष्ट्रपति के साथ भारत से 60 लाख अमरीकी डॉलर के अनुदान से निर्मित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। जयशंकर ने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने से भी मुलाकात की और विकास एवं संपर्क पहल के माध्यम से भारत के मजबूत समर्थन को दोहराया। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति भवन में विक्रमसिंघे से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बिजली, ऊर्जा, संपर्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल



विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की। जयशंकर ने पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में भारत-श्रीलंका के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से बिजली, ऊर्जा, सम्पर्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में। हमारे पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के निरंतर विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और जयशंकर ने श्रीलंका में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की पट्टिका का डिजिटल माध्यम से अनावरण किया और औपचारिक तौर पर केन्द्र की शुरुआत की। इसमें कोलंबो स्थित नौसेना मुख्यालय में एक केंद्र, हंबनटोटा में एक उप-केंद्र तथा गैले, अरुगम्बे, बट्टिकलोवा, त्रिंकोमाली, कल्लारावा, प्वाइंट पेड्रो और मोलिकुलम में मानवरहित प्रतिष्ठान शामिल हैं। पट्टिका के अनावरण के बाद जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की डिजिटल शुरुआत की साथ ही जीओआई आवासीय योजना के तहत 154 से अधिक मकान सौंपे।

# भारत की सभ्यता और संस्कृति की जड़ें काफी गहरी : द्रौपदी मुर्मू

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत की सभ्यता और संस्कृति में संवेदनशीलता और समावेशिता की जड़ें मूल्यों के रूप में काफी गहरी समाई हुई हैं और इससे समाज की प्रगति को आंका जा सकता है। मुर्मू ने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान का दौरा किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने नवनिर्मित प्रोस्थेसिस एवं ऑर्थोसिस सेंटर का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की और वहां शारीरिक रूप से दिव्यांग लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपलब्ध उन्नत सुविधाओं का अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने सभा को संबोधित करते हुए समाज की प्रगति को आंकने में संवेदनशीलता और समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये मूल्य



भारत की संस्कृति और सभ्यता में गहराई से निहित हैं। उन्होंने कहा, जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील होते हैं, तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती है। उन्होंने एथलीट दीपा मलिक, अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा और सामाजिक कार्यकर्ता के.एस. राजन्ना जैसे व्यक्तियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया, जिन्होंने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि कैसे समर्पण और दृढ़ संकल्प शारीरिक बाधाओं पर पार पा सकते हैं।

## संक्षेप

### दक्षिण कोरिया ने की रूस-उत्तर कोरिया की तीखी आलोचना

सियोल। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है।

# भारत और अमेरिका अंतरिक्ष में बढ़ायेंगे सहयोग, मिलेगा प्रशिक्षण

**एजेंसी**

वाशिंगटन। नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा है कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी भारत के साथ सहयोग बढ़ाएगी तथा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर संयुक्त प्रयास करेगी जिसमें एक भारतीय यात्री को भी शामिल किया जाएगा।

नेल्सन का बयान अमेरिका और भारत द्वारा एक तथ्यपत्र जारी किये जाने के बाद आया है। इस तथ्यपत्र में कहा गया है कि दोनों देश अमेरिका में इसरो के अंतरिक्षयात्रियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण शुरू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह तथ्यपत्र जारी किये जाने से पहले सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और (भारतीय) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) वार्ता हुई थी। नेल्सन ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पिछले साल की मेरी भारत यात्रा के बाद आगे बढ़ते हुए नासा मानवता के फायदे के लिए महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका एवं भारत की पहल को बढ़ाती रहेगी।

# अमित शाह गुजरात के योग दिवस में लेंगे भाग



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 जून (शुक्रवार) को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में एक योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य के मंत्री हर्ष सांघवी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सांघवी ने बताया कि शाह अन्य प्रतिभागियों के साथ शहर के सिंधु भवन रोड स्थित एक सार्वजनिक उद्यान में योग करेंगे। गुजरात के खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियां मामलों के मंत्री ने घोषणा की कि 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में बनासकांठा जिले के नाडाबेट में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास आयोजित किया जाएगा। नाडाबेट में होने वाले इस कार्यक्रम में राज्य के कई मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब नाडाबेट में योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य योग बोर्ड और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया गया है। अन्य मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा पदाधिकारी राज्य भर में योग कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, गुजरात के सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में 312 स्थानों पर योग दिवस मनाया जाएगा।

# ठाणे और पालघर में भारी बारिश, सूर्या नदी उफान पर

**एजेंसी**

ठाणेपालघर। महाराष्ट्र के ठाणे और पड़ोसी पालघर जिले में रातभर भारी बारिश हुई और अधिकारियों ने भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए बृहस्पतिवार सुबह पालघर के लिए रेड अलर्ट जारी किया। जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि पालघर में सूर्या नदी में बाढ़ आने के कारण मनोर में एक पुल डूब गया और वाडा एवं मनोर के बीच आवागमन प्रभावित रहा। उन्होंने कहा कि ंची लहरों के कारण स्थिति और भी खराब हो गई। कदम ने बताया कि भारत मौसम विज्ञन विभार्ग आईएमडी ने सुबह 10 बजे पालघर के लिए रेड अलर्ट जारी कर अगले तीन घंटे में बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया।

उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण पालघर के सासुन नवघर में खुदाई के काम आने वाली एक मशीन और उसके लापता संचालक की तलाश के लिये विभिन्न एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान को फिलहाल रोक दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर को कब मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे के बीच बृहस्पतिवार को कई सवाल उठाए और कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि इस केंद्रशासित प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल होगा तथा वहां विधानसभा चुनाव कब तक कराए जाएंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से क्यों डर रही है? प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के लिए जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया व फ्रांस ने जताई हिंद प्रशांत के लिए काम करने की प्रतिबद्धता

नयी दिल्ली। भारत, आस्ट्रेलिया और फ्रांस ने क्षेत्र में चीन की वर्चस्व बढ़ाने संबंधी गतिविधियों के बीच स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प जताया। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को तीसरी भारत फ्रांस स्ट्रेलिया त्रिपक्षीय फोकल बिंदु बैठक में हिंद प्रशांत के समग्र हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा, तीनों पक्षों ने त्रिपक्षीय सहयोग के तीन स्तंभों: समुद्री रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री एवं पर्यावरण सहयोग तथा बहुपक्षीय सहभागिता के अंतर्गत हुई प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में त्रिपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के लिए नए प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिसमें हिंद प्रशांत महासागर पहल आईपीओआई और हिंद महासागर रिम एसोसिएशन आईओआरए व्यवस्था की रूपरेखा के तहत सहयोग शामिल है।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com